

# समवेत शिखर

35 वां स्थापना वर्ष

वर्ष-35 अंक-356 | रायपुर, मंगलवार 13 मई 2025 | पृष्ठ : 08, मूल्य : 2.50 रुपए, ई-पेपर: samvetshikhar.com


## सीजफायर के बाद पीएम मोदी ने देश को किया संबोधित, पीएम बोले-पानी और खून एक साथ नहीं बहेगा

# टेरर और टॉक एक साथ नहीं हो सकते, पाक से बात अब सिर्फ पीओके पर होगी : मोदी

### पीएम ने कहा-पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई सिर्फ स्थगित, फिर हिमाकत की तो मुंहतोड़ जवाब देंगे

**नई दिल्ली (ए)।** पाकिस्तान के साथ सीजफायर के 51 घंटे बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार रात 8 बजे देश को संबोधित किया। अपने 22 मिनट के भाषण में प्रधानमंत्री ने पहलगाम हमला, ऑपरेशन सिंदूर, सीजफायर, आतंकवाद, सिंधु जल समझौते और पीओके पर बात की। पीएम मोदी ने कहा कि भारत का मत एकदम स्पष्ट है, टेरर और टॉक एकसाथ नहीं हो सकते हैं। टेरर और ट्रेड एक साथ नहीं चल सकते। पानी और खून भी एक साथ नहीं बह सकता। विश्व समुदाय से भी कहूंगा हमारी घोषित नीति रही है कि अगर पाकिस्तान से बात होगी तो टेररिज्म पर ही होगी, अगर बात होगी तो पीओके पर ही होगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जिन आतंकियों ने हमारी मां-बहनों का सिंदूर मिटाया, हमने उन्हें मिटा दिया। हमारे ऑपरेशन में 100 से ज्यादा खूंखार आतंकवादी मारे गए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान की गुहार पर भारत ने संघर्ष रोकने की सहमति दी है। भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ मिलिट्री एक्शन को केवल स्थगित किया है। पाकिस्तान का रवैया देखकर आगे का एक्शन तय करेंगे।

**शांति के लिए शक्ति और समृद्धि जरूरी :** पीएम मोदी ने कहा कि देशवासियों आज बुद्ध पूर्णिमा है। भगवान बुद्ध ने हमें शांति का रास्ता दिखाया है। शांति का मार्ग भी शक्ति से होकर जाता है। मानवता शांति और समृद्धि की तरफ बढ़े, हर भारतीय शांति से जी सके, विकसित भारत के सपने को पूरा कर सके, इसके लिए भारत का शक्तिशाली होना जरूरी है। आवश्यकता पड़ने पर इस शक्ति का इस्तेमाल भी जरूरी है। पिछले कुछ



दिनों में भारत ने यही किया है। मैं एक बार फिर भारत की सेना और सशस्त्र बलों को सैल्यूट करता हूं।

**आतंकवादियों की बर्बरता ने दुनिया को झकझोर दिया :** पीएम मोदी ने कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकवादियों ने जो बर्बरता दिखाई थी, उसने देश और दुनिया को झकझोर दिया था। छुट्टियां मना रहे निर्दोष मासूमों को उनके परिवार के सामने, बच्चों के सामने बेरहमी से मार डालना ये आतंक का बहुत वीभत्स चेहरा है। यह देश के सद्भाव को तोड़ने की घिनौनी कोशिश भी थी। मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से ये पीड़ा बहुत बड़ी थी। इस आतंकी हमले के बाद सारा राष्ट्र हर नागरिक हर समाज हर वर्ग हर राजनीतिक दल एक स्वर में आतंक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के लिए उठ खड़ा हुआ।

**7 मई की सुबह पूरी दुनिया ने इस प्रतिज्ञा का परिणाम देखा :** पीएम मोदी ने कहा कि हमने आतंकवादियों को मिट्टी में मिलाने के लिए भारत की सेनाओं को पूरी छूट दे दी। आज हर आतंकी आतंक का हर संगठन जान चुका है कि हमारी बहनों बेटियों के माथे से सिंदूर हटाने का अंजाम क्या होता है। ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ नाम नहीं, देश के कोटि-कोटि लोगों की भावनाओं का प्रतिबिंब है। ऑपरेशन सिंदूर न्याय की अखंड प्रतिज्ञा है। 6 मई की देर रहा 7 मई की सुबह पूरी दुनिया ने इस प्रतिज्ञा को परिणाम में बदलते देखा है। भारत की सेनाओं ने पाकिस्तान में आतंक के ठिकानों पर, ट्रेनिंग सेंटर पर सटीक प्रहार किया। *(शेष पेज-4 पर)*

### ऑपरेशन सिंदूर ने आतंक के खिलाफ लड़ाई में तीन लकीरें खींच दी हैं : मोदी

**पहला :** आतंकी हमला हुआ तो मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। अपने तरीके से अपनी शर्तों पर जवाब देकर रहेंगे, हर उस जगह जाकर कठोर कार्रवाई करेंगे, जहां से आतंकी जड़ें निकलती हैं। **दूसरा :** कोई भी न्यूक्लियर ब्लैकमेल भारत नहीं सहेगा। उसकी आड़ में पनप रहे आतंकी ठिकानों पर भारत सटीक और निर्णायक प्रहार करेगा। **तीसरा :** हम आतंक की सरपरस्त सरकार और आतंक के आकाओं को अलग-अलग नहीं देखेंगे। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुनिया ने पाकिस्तान का घिनौना सच देखा है जब मारे गए आतंकियों को विदाई देना पाकिस्तानी सेना के बड़े-बड़े अफसर उमड़ पड़े। स्टेट स्पॉन्सर आतंकवाद का ये बड़ा सबूत है। हम भारत और नागरिकों को किसी भी खतरे से बचाने के लिए लगातार निर्णायक कदम उठाते रहेंगे। युद्ध के मैदान पर हमने हर बार पाकिस्तान को धूल चटाई है। ऑपरेशन सिंदूर ने नया आयाम जोड़ा है। हमने न्यू एज वारफेयर में अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की है। इस ऑपरेशन के दौरान हमारे मेड इन इंडिया हथियारों की प्रामाणिकता सिद्ध हुई। दुनिया देख रही है कि 21वीं सदी के वारफेयर में मेड इन इंडिया डिफेंस इक्विपमेंट का समय आ चुका है।

### दुनियाभर में हुए आतंकी हमलों के तार पाकिस्तान से जुड़े

पीएम मोदी ने कहा कि बहावलपुर और मुरीदके जैसे आतंकी ठिकाने एक प्रकार से ग्लोबल टेररिज्म की यूनिवर्सिटीज रही हैं। दुनिया में कहीं पर भी जो बड़े आतंकी हमले हुए हैं चाहे 9/11हो चाहे लंदन ट्यूब बॉम्बिंग हो या फिर भारत में बड़े आतंकी हमले हों, उन सबके तार इन्हीं आतंक के ठिकानों से जुड़ते रहे हैं। आतंकियों ने हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ा था, इसलिए भारत ने आतंक के ये हेडक्वार्टर्स उजाड़ दिए। इन हमलों में 100 से ज्यादा खूंखार आतंकवादियों को मौत के घाट उतारा गया है। आतंक के बहुत सारे आका बीते ढाई तीन दशकों से खुलेआम पाकिस्तान में घूम रहे थे। जो भारत के खिलाफ साजिशें करते थे। उन्हें भारत ने एक झटके में खत्म कर दिया। साथियों भारत की इस कार्रवाई से पाकिस्तान घोर निराशा में घिर गया था। हताशा में घिर गया था। बौखला गया था। इसी बौखलाहट में उसने एक और दुस्साहस किया, आतंक पर भारत की कार्रवाई का साथ देने की बजाय पाकिस्तान ने भारत पर ही हमला करना शुरू कर दिया। पाकिस्तान ने हमारे गुरुद्वारों, घरों, मंदिरों और स्कूलों को निशाना बनाया। पाकिस्तान ने सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया लेकिन इसमें भी पाकिस्तान खुद बेनकाब हो गया। दुनिया ने देखा कैसे पाकिस्तान के ड्रोन, मिसाइलें भारत के सामने तिनके की तरह बिखर गईं। भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने उन्हें आसमान में ही नष्ट कर दिया। पाकिस्तान की तैयारी सीमा पर वार की थी, लेकिन भारत ने पाकिस्तान के सीने पर वार कर दिया। भारत के ड्रोंस, मिसाइलों ने सटीकता के साथ हमला किया। पाकिस्तानी वायुसेना के एयरबेस को नुकसान पहुंचाया, जिस पर बहुत घमंड था।

## हमारा निशाना आतंकवादी थे, पाकिस्तानी सेना ने इसे अपनी लड़ाई बनाया : सेना



### भारतीय सेना ने लगातार दूसरे दिन 'ऑपरेशन सिंदूर' पर जानकारी दी

**नई दिल्ली (ए)।** पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर पर भारतीय सेना ने सोमवार को लगातार दूसरे दिन प्रेस कॉन्फ्रेंस की। थल सेना से डीजीएमओ लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई, नेवी से वाइस एडमिरल एएन प्रमोद और एयरफोर्स से एयर मार्शल अवधेश कुमार भारती ने 'ऑपरेशन सिंदूर' पर 32 मिनट तक फिर जानकारी दी। भारतीय सशस्त्र सेनाओं ने कहा कि उनकी लड़ाई आतंकवाद और आतंकवादियों से थी और पाकिस्तानी सेना के आतंकवादियों के पक्ष में लड़ाई में उतरने के कारण भारत को उसके सैनिक ठिकानों को निशाना बनाना पड़ा, जिसके लिए पाकिस्तानी सेना खुद जिम्मेदार है।

भारतीय वायुसेना, नौसेना एवं थल सेना के सैन्य अभियान महानिदेशकों ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि तुर्की के ड्रोन हों या कहीं की भी कोई अन्य शस्त्र तकनीक हो, हमारी स्वदेशी रक्षा प्रणाली, प्रशिक्षित योद्धा उससे मुकाबले के लिए तैयार हैं। ऑपरेशन सिन्दूर में हमारा नुकसान बेहद मामूली रहा है।

### भारत-पाकिस्तान डीजीएमओ में शाम 5 बजे बात हुई, सीमा पर एक भी गोली न चलाने पर सहमति

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच 10 मई (शनिवार) को शाम 5 बजे से सीजफायर लागू हो चुका है। पिछले तीन दिन से तीनों सेनाओं के डीजी ऑपरेशन, ऑपरेशन सिंदूर से जुड़ी जानकारी दी। उन्होंने साफ कहा कि हमारी लड़ाई आतंकवाद और आतंकवादियों के खिलाफ थी, इसलिए आतंकी ठिकानों पर हमला किया, लेकिन पाकिस्तान ने आतंकियों का साथ देना सही समझा। भारत-पाकिस्तान के डायरेक्टर जनरल मिलिट्री ऑपरेशंस के बीच शाम 5 बजे बात हुई। भारतीय सेना ने बताया कि डीजीएमओ की बातचीत में भारत और पाकिस्तान दोनों इस बात पर प्रतिबद्धता जताई कि न तो एक भी गोली चलाई जाएगी।

## फर्स्ट कालम

### दो कारों की भिड़ंत में चार लोगों की मौत, पांच घायल

**श्रीगंगानगर।** राजस्थान में श्रीगंगानगर जिले के सूरतगढ़ के सदर थाना क्षेत्र में रविवार को दो कारों की टक्कर से चार लोगों की मौत हो गयी जबकि पांच अन्य घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बताया कि राजमार्ग 62 पर चक 1-केएसआर के पास श्रीगंगानगर से बीकानेर की ओर जा रही विपरीत दिशा से आ रही कार से टकरा गयी। इससे दोनों कारों में सवार नौ लोगों में चालक जेठाराम की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि आठ घायलों को विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया, इनमें गणपतराम (50) की कल ही मौत हो गयी जबकि सुधीर और मनफूलराम ने आज दम तोड़ दिया।

### पाकिस्तान में फिर भूकंप के झटके

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में सोमवार दोपहर भूकंप के झटके महसूस किए। इसमें किसी तरह के जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के मुताबिक, भूकंप का केंद्र पाकिस्तान में 29.12 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 67.26 डिग्री पूर्वी देशांतर पर 10 किलोमीटर की गहराई में दर्ज किया गया। इससे पहले 5 और 10 मई को भी पाकिस्तान में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। पाकिस्तान में एक हफ्ते में तीसरा भूकंप आया है।

## सीजफायर के 43 घंटे बाद 32 एयरपोर्ट्स खुले



**नई दिल्ली (ए)।** भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर के 43 घंटे बाद सोमवार को 9 राज्यों के 32 एयरपोर्ट्स खोल दिए गए हैं। एयरलाइंस कंपनियों की तरफ से यात्रियों के लिए बुकिंग शुरू कर दी है। 32 एयरपोर्ट्स के लिए एयरलाइन सर्विसेज 9 मई से 15 मई की सुबह 5.29 बजे तक बंद की गई थीं।

एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने सोमवार को प्रेस रिलीज के जरिए एयरपोर्ट्स खोलने की जानकारी दी। इसमें बताया कि 15 मई तक बंद 32 एयरपोर्ट्स अब तत्काल प्रभाव से एयरक्राफ्ट ऑपरेशन्स के लिए उपलब्ध हैं। यात्रियों को फ्लाइट्स की जानकारी के लिए एयरलाइन कंपनियों की वेबसाइटों देखने के लिए कहा गया है। भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेने के लिए 7 मई को पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक की थी। पाकिस्तान ने भी बॉर्डर इलाकों में जवाबी हमला किया। सिविल एविएशन मंत्रालय ने 10 मई को 9 राज्यों के 32 एयरपोर्ट्स बंद करने का निर्देश जारी किया था। फ्लाइट बंद होने के कारण एयरलाइनों की तरफ से 500 से ज्यादा फ्लाइट्स रद्द कर दी गई थीं। कई एयरलाइन कंपनियों ने यात्रियों को फुल रिफंड या फ्लाइट रिशेड्यूल का ऑप्शन दिया था।भारत-पाकिस्तान के बीच 10 मई तक संघर्ष चला।

10 मई की शाम 5 बजे दोनों देशों ने सीजफायर (संघर्ष विराम) की घोषणा की थी। इसके बाद पाक बॉर्डर से लगे भारतीय राज्यों में हालात सामान्य होने लगे। 11 मई को राजस्थान में 27 कैंसिल ट्रेनों को बहाल करने का आदेश जारी किया। पंजाब के फिरोजपुर में 8 कैंसिल ट्रेनों को सामान्य रूप से चलाने के आदेश जारी किए गए। गुजरात से राजस्थान जाने वाली जो नाइट ट्रेनें 10 मई से रद्द कर दी गई थीं, अब वे भी बहाल कर दी गई हैं। गुजरात में सरकारी कर्मचारियों की रद्द की गई छुट्टियों को लेकर भी आज अहम फैसला हो सकता है।

### कर्नाटक कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर को पाकिस्तान का हिस्सा दिखाया, डिप्टी सीएम बोले- किसी ने शरारत की थी

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में कांग्रेस ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया, जिसमें जम्मू-कश्मीर को पाकिस्तान का हिस्सा दिखाने वाला नक्शा था। कन्नड़ में किए गए इस पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी और सरकार की आलोचना की गई थी क्योंकि वे पाकिस्तान को अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष से मिलने वाले लोन को रोकने में नाकामयाब रहे। हालांकि यह पोस्ट अब ङ्ग से हटा दी गई है। जब इस बारे में पूछा गया तो पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने कहा कि यह गलत है। एक छोटी सी गलती थी। हमने सब कुछ हटा दिया है। किसी ने शरारत की थी। पार्टी के सोशल मीडिया हैंडल पर बार-बार होने वाली गड़बड़ियों के बारे में पूछे जाने पर शिवकुमार ने कहा कि पोस्ट के लिए जिम्मेदार लोगों को हटा दिया गया है।

## सड़क हादसा : मृतकों के परिजनों को 5 लाख व घायलों को 50 हजार सहायता राशि

### मुख्यमंत्री साय ने गहरा शोक व्यक्त किया

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने खरोरा क्षेत्र में हुई भीषण सड़क दुर्घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की है। इस दुखद घटना में 13 लोगों की मृत्यु तथा 14 अन्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि खरोरा में हुए भीषण सड़क हादसे की खबर अत्यंत पीड़ादायक है। मैं दिवंगत आत्माओं की शांति और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि संकट की इस घड़ी में राज्य सरकार पीड़ित परिवारों के साथ पूरी संवेदनशीलता के साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री श्री साय ने घायलों के समुचित उपचार हेतु अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने घोषणा की है कि राज्य सरकार मृतकों के परिजनों को पाँच-पाँच लाख रुपए तथा घायलों को पचास-पचास हजार रुपए की सहायता राशि प्रदान करेगी।

### पीएम राहत कोष से 2-2 लाख मुआवजा , राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री ने जताया दुख

**नई दिल्ली।** खरोरा इलाके में हुए सड़क हादसे को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी दुख जताया है। सोशल मीडिया के जरिए उन्होंने मृतकों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से मृतकों को दो-दो लाख रुपए और घायलों को 50-50 हजार रुपए देने की घोषणा भी की गई है। राष्ट्रपति की ओर से लिखा गया कि, रायपुर, छत्तीसगढ़ में एक सड़क दुर्घटना में बच्चों और महिलाओं समेत कई लोगों की मौत का समाचार अत्यंत दुखद है। मैं शोक संतप्त परिवारजनों के प्रति गहन संवेदनाएं व्यक्त करती हूं और घायल हुए लोगों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करती हूं। प्रधानमंत्री कार्यालय पीएमओ इंडिया ने प्रधानमंत्री के संदेश को सोशल मीडिया पर लिखा कि रायपुर, छत्तीसगढ़ में सड़क दुर्घटना में लोगों की मौत से बहुत दुःखी हूं।

## भारत ने 'आपरेशन सिन्दूर' से विश्व को आतंकवाद के खिलाफ दिया सख्त संदेश : भाजपा



**नई दिल्ली (ए)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आपरेशन सिन्दूर में भारतीय सशस्त्र बलों के पराक्रम की सराहना करते हुए सोमवार को कहा कि सेना ने देश की रक्षा करने के साथ ही आतंकवादी ठिकानों को तबाह करके समूचे विश्व को आतंकवाद के खिलाफ एक स्पष्ट, सशक्त और निर्णायक संदेश दे दिया है। भाजपा के प्रवक्ता एवं सांसद डॉ.. संबित पात्रा ने पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि आतंकवाद को पनाह देने वाले पाकिस्तान ने 22 अप्रैल को आतंकवादी घटना के माध्यम से भारत की वीरता और संप्रभुता को चुनौती देने का दुस्साहस किया। इस पर भारतीय सेना अद्भुत साहस का परिचय देते हुए आतंकवाद के गढ़ में घुसी और न केवल देश की रक्षा की, बल्कि आतंकवाद के खिलाफ सशक्त प्रहार भी किया। डॉ. पात्रा ने कहा कि बीते कुछ दिनों में भारत ने आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक कार्रवाई की है, विशेष रूप से 'ऑपरेशन सिंदूर' के माध्यम से पाकिस्तान स्थित आतंकी अड्डों को समाप्त किया है, वह अपने आप में न केवल भारत के भीतर बल्कि समूचे विश्व को आतंकवाद के खिलाफ एक स्पष्ट, सशक्त और निर्णायक संदेश देता है। *(शेष पेज-4 पर)*

## आप कैसे कह सकते हैं कि ऑपरेशन सिंदूर सफल रहा : बघेल

### पूर्व सीएम बघेल का सवाल याद दिलाया 1971

**नई दिल्ली (ए)।** भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर की घोषणा होते ही देश में राजनीति तेज हो गई है। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बीजेपी सरकार पर निशाना साधा है। इसके साथ ही उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भी सवाल खड़े किए हैं। सोमवार को नई दिल्ली में मीडिया से चर्चा करते हुए भूपेश बघेल ने कहा कि आतंकवाद के मुद्दे पर राजनीति नहीं केवल राष्ट्रवाद होना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर सवाल उठाए। भूपेश बघेल ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर पर छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम और कांग्रेस नेता भूपेश बघेल ने कहा कि 26 लोगों की जान चली गई, क्या वो 4 या 5 आतंकवादी पकड़े गए? अगर वो पकड़े नहीं गए, तो आप कैसे कह सकते हैं कि ऑपरेशन सिंदूर सफल रहा? चूक के लिए कौन जिम्मेदार है? लोग आपके (सरकार के) आश्वासन पर कश्मीर गए थे कि सब कुछ सामान्य है। लोग अपने परिवारों के साथ वहां गए और अपने प्रियजनों को खो दिया।



**विशेष सत्र बुलाने की मांग :** भूपेश बघेल ने कहा कि सरकार इस पूरे मुद्दे पर संसद का विशेष सत्र क्यों नहीं बुलाती है। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद हमारी वीर सेना ने संकल्प और साहस के साथ दुश्मनों को जिस तरह से मुंहतोड़ जवाब दिया, वह पूरे राष्ट्र के लिए गर्व का पल था। *(शेष पेज-4 पर)*

## हमने भारत-पाकिस्तान के बीच परमाणु जंग रोकी : ट्रम्प



**वॉशिंगटन (ए)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने भारत-पाकिस्तान के बीच होने वाली परमाणु जंग रोक दी है। उन्होंने सोमवार को व्हाइट हाउस में पत्रकारों से कहा-अमेरिका ने दोनों देशों के बीच सीजफायर कराने में मदद की है।

ट्रम्प ने कहा, मुझे यकीन है कि यह सीजफायर स्थायी होगा। दोनों देशों के पास बहुत सारे परमाणु हथियार हैं, इससे एक भीषण परमाणु जंग छिड़ सकती थी। लाखों लोग मारे जा सकते थे। ट्रम्प ने कहा- मैंने दोनों से कहा कि चलिए इसे रोकते हैं। अगर आप इसे रोकते हैं, तो हम व्यापार कर रहे हैं। अगर आप इसे नहीं रोकते हैं, तो हम कोई व्यापार नहीं करेंगे। लोगों ने कभी भी बिजनेस का उस तरह से इस्तेमाल नहीं किया जैसा मैंने किया। ट्रम्प ने कहा कि मुझे आपको यह बताते हुए बहुत गर्व हो रहा है कि भारत और पाकिस्तान की लीडरशिप बहुत मजबूत और शक्तिशाली है। उनके पास हालात ही गंभीरता को समझने की ताकत, बुद्धि और धीरज भरा नजरिया था। हमने बहुत मदद की। मैं उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और विदेश मंत्री मार्को रुबियो को उनके काम के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं।

### ट्रम्प को मिलेगा दुनिया का सबसे मंहगा गिफ्ट, कतर दे रहा 3400 करोड़ का प्लेन

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को दुनिया का सबसे महंगा गिफ्ट मिलने वाला है। कतर सरकार ट्रम्प को गिफ्ट में लग्जरी बोइंग 747-8 जंबो जेट देने वाली है। इस विमान की कीमत 400 मिलियन डॉलर है। ट्रम्प मंगलवार को कतर के दौर पर जाएंगे। तब इसका आधिकारिक तौर पर ऐलान किया जा सकता है। यह गिफ्ट किसी भी अमेरिकी राष्ट्रपति को मिलने वाला अब तक का सबसे महंगा विदेशी उपहार होगा।

## संन्यास

### टेस्ट क्रिकेट में पहली बार बैगी ब्लू पहनने के 14 साल हो गए

# विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट को कहा अलविदा



**नई दिल्ली (ए)।** भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने सोमवार को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया। विराट ने अपने सोशल मीडिया मंच पर टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की जानकारी देते हुए लिखा, 'टेस्ट क्रिकेट में पहली बार बैगी ब्लू पहनने के 14 साल हो गए। सच कहूं तो मैंने कभी नहीं सोचा था कि यह प्रारूप मुझे ऐसी यात्रा पर ले जाएगा। इसने मुझे परखा, गढ़ा और ज़िंदगी भर साथ रहने वाले सबक सिखाए।

उन्होंने कहा कि सफेद जर्सी में खेलना बहुत विशेष होता है। वे शांत संघर्ष, लंबे समय तक, और वो छोटे-छोटे पल जिन्हें शायद कोई नहीं देखता, लेकिन ये हमेशा दिल में रह जाते हैं। इस प्रारुप से अलग होना आसान तो नहीं था, लेकिन यह एक सही निर्णय है। मैंने इस प्रारुप को अपना सब कुछ दिया और इसने बदले में मुझे उससे कहीं ज़्यादा दिया, जितनी मैंने कभी उम्मीद भी नहीं की थी। मैं इस खेल का, अपने साथ खेलने वाले हर साथी का और हर उस व्यक्ति का दिल से शुक्रगुजार हूं, जिसने इस सफर में मुझे सराहा। मैं हमेशा अपनी टेस्ट करियर की ओर मुस्कान के साथ देखूंगा। विराट कोहली ने अपने टेस्ट करियर में 123 टेस्ट की 210 पारियों में 46.85 की औसत से 30 शतकों की मदद से 9230 रन बनाए। इस दौरान नाबाद 254 उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर रहा। उन्होंने 68 मैचों में भारतीय टीम की कप्तानी भी की, जिसमें 40 में भारत की जीत और 17 में हार मिली, जबकि 11 मैच ड्रॉ भी हुए।

### विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट रिकॉर्ड्स, जिन्हें तोड़ पाना हर किसी के लिए असंभव

टीम इंडिया के दिग्गज विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया। 14 साल तक टेस्ट क्रिकेट में अपनी बादशाहत कायम करने वाले कोहली ने 12 मई 2025 को इस फॉर्मेट को अलविदा कह दिया। अपनी आक्रामक बल्लेबाजी, बेहतरीन कप्तानी और विपक्षी टीम से जीत छीनने की काबिलियत के लिए मशहूर कोहली ने टेस्ट क्रिकेट में कई ऐसे रिकॉर्ड बनाए, जिन्हें तोड़ना भविष्य में किसी भी खिलाड़ी के लिए बेहद मुश्किल होगा। कोहली ने भारत की टेस्ट टीम की कमान संभालते हुए 68 मैचों में कप्तानी की और इस दौरान 40 बार टीम को जीत दिलाई। उनके नेतृत्व में भारत को सिर्फ 17 मैचों में हार झेलनी पड़ी। ये रिकॉर्ड उन्हें भारत का सबसे सफल टेस्ट कप्तान बनाता है।

**न्यूज ब्रीफ**

### अवकाश के दिन भी जिला चिकित्सालय दुर्ग के द्वारा दो प्लेटलेट डोनर श्वेता और सूर्यकांत के ब्लड देकर प्लेटलेट उपलब्ध कराया गया



**दुर्ग।** जिला चिकित्सालय दुर्ग में एडमिट गंभीर मरीज गुंडरदेही निवासी त्रिलोचन को तीन ओ निगेटिव ब्लड और दो ओ निगेटिव प्लेटलेट की जरूरत थी। ब्लड बैंक जिला चिकित्सालय दुर्ग के द्वारा तीन ओ निगेटिव ब्लड देकर मरीज को ब्लड चढ़वाया गया और दो ओ निगेटिव प्लेटलेट की जरूरत थी तो ब्लड बैंक जिला चिकित्सालय दुर्ग के द्वारा दो प्लेटलेट डोनर स्वेता और सूर्यकांत के ब्लड देकर प्लेटलेट उपलब्ध कराया गया है। साथ ही आज सोमवार को बुद्ध पूर्णिमा का शासकीय अवकाश होने के बाद भी अंजलि साहू डिलीवरी वार्ड के मरीज को ओ निगेटिव ब्लड जिला चिकित्सालय दुर्ग के ब्लड बैंक द्वारा डोनर वंदना के द्वारा ब्लड देकर ब्लड उपलब्ध कराया गया। इसमें मुख्य रूप से ब्लड बैंक नोडल अधिकारी डॉ. प्रवीण अग्रवाल, स्टाफ नर्स तरूणा रावत, सिनियर लैब टेक्नीशियन तरन्नुम जहां, दिनेश, कुसुम चंद्राकर, हिमांशु चंद्राकर और प्रशिक्षणार्थी प्राची और रूची उपस्थित थे।

### चिखली शराब दुकान में बहुजन समाज पार्टी नेता शमसूल आलम का प्रदर्शन




**राजनांदगांव।** शहर के पटरी पार चिखली शराब दुकान में बहुजन समाज पार्टी द्वारा ओवर रेट में शराब बिकवाने वाले मास्टर माइंड धनपत ध्रुव पर कार्रवाई नहीं होने के सूरत में आज विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने घंटे तक शराब दुकान के समक्ष जमकर नारेबाजी की। आपको बता दे कि चिखली स्थित शराब दुकान के सुपरवाइजर द्वारा निर्धारित दर से अधिक मूल्य में शराब बेची जा रही थी। सुपरवाइजर धनपत ध्रुव के खिलाफ सबूत भी मिले, बावजूद उसके ऊपर कार्यवाही नहीं की गई, उसे लेकर आज बहुजन महासचिव समाज पार्टी के जिला महासचिव शमशुल आलम के नेतृत्व में चिखली शराब दुकान में आबकारी विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। इधर प्रदर्शन की खबर लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची और प्रदर्शनकारियों को समझाया। कुछ देर बाद आबकारी विभाग के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और एक सप्ताह के भीतर दोषियों पर कार्रवाई करने का ठोस आश्वासन दिया, तब जाकर प्रदर्शनकारी माने। प्रदर्शनकारियों ने एक सप्ताह में कार्यवाही नहीं होने की सूरत में उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी है। इस अवसर पर जिला महासचिव शमसूल आलम के साथ विधानसभा अध्यक्ष ऋषभ रामटेके, बिलाल सोलिन खान, शुभम भालाधारे, आकाश साहू, संदीप सूर्यवंशी, तामेश्वर पटेल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व वार्डवासी उपस्थित रहे।

### के. विक्रम राव के निधन पर पत्रकारों ने जताया शोक

**थान खम्हरिया।** भारतीय पत्रकारिता जगत ने आज अपना एक स्तंभ खो दिया,देश के प्रतिष्ठित वरिष्ठ पत्रकार एवं इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स (ढ्ढस्नङ्खछ्व) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.के.विक्रम राव का आज प्रातःलखनऊ के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वे साँस संबंधी तकलीफ़ के कारण आज सुबह अस्पताल में भर्ती कराए गए थे, जहाँ उन्होंने अंतिम सांस ली।



डॉ. राव पत्रकारिता के क्षेत्र में दशकों से सक्रिय थे और उन्होंने श्रमजीवी पत्रकारों की आवाज को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती से उठाया। उनका जीवन संघर्षशील पत्रकारिता, सिद्धांतनिष्ठ विचारों और निर्भीक लेखनी का पर्याय पत्रकारिता जगत के लिए यह अपूरणीय क्षति है। उनके निधन पर छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अवस्थी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बृजेश चौबे, प्रदेश महासचिव विश्व दीपक राई, कोषाध्यक्ष अनिल पवार, प्रदेश सचिव मनोज मिश्रा,बेमेतरा जिलाध्यक्ष जितेन्द्र शुक्ला, ब्लाक अध्यक्ष फिरोज खान, उपाध्यक्ष दिलिप देवांगन, संरक्षक पुरूषोत्तम अग्रवाल, जितेन्द्र उपाध्याय, गोपाल शर्मा, गौरव बिन्दल, अनिल सिंघानिया, चंदन अग्रवाल ने अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी है।

# सिविल लाइन क्षेत्र की बदलेगी तस्वीर, बनेंगे नए कॉलोनी व क्वार्टर

### साढ़े 16 एकड़ क्षेत्र होगा नए सिरे से विकसित, शास. कर्मचारियों व आम लोगों को मिलेगा लाभ

समवेत शिखर संवाददाता



**दुर्ग।** दुर्ग शहर में शैक्षणिक संस्थाओं, खेलकूद गतिविधियों और आस्था के केन्द्र धार्मिक स्थलों के लिए प्रसिद्ध सुराना कॉलेज वार्ड क्रमांक-40 अंतर्गत सिविल लाइन स्थित पीडब्ल्यूडी व एरिगेशन के जर्जर क्वार्टरों के अलावा श्री साई मंदिर क्षेत्र की जल्द तस्वीर बदलेगी।

करीब साढ़े 16 एकड़ इस क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव के पहल व प्रयास से गृह निर्माण मंडल दुर्ग द्वारा 300 करोड़ रुपए का प्लान तैयार किया गया है। प्लान के तहत चिन्हित 143 जर्जर शासकीय क्वार्टरों को डिस्मेंटल करके साढ़े 3 एकड़ क्षेत्र में प्लेटनुमा नए क्वार्टरों का निर्माण करवाया जाएगा। जिसे शासकीय कर्मचारियों को एलॉट किया जाएगा। इसके अलावा शेष 13 एकड़ भूमि को नए कॉलोनी के रुप में विकसित किया जाएगा।

कॉलोनी में आवास व दुकान का निर्माण करवाया जाएगा। उक्त मकान व दुकान का आधिपत्य गृह निर्माण मंडल के पास होगा। जिसे गृह निर्माण मंडल शासन के नियमों के अनुसार निजी लोगों को विक्रय करेगी, वहीं प्लान में साई मंदिर सिविल लाईन क्षेत्र को विकसित करने की भी कार्ययोजना तैयार की गई है। जिसके अनुसार मंदिर के सामने प्रस्तावित खुले मैदान में सौंदर्यीकरण किया जाएगा। साथ ही साई द्वार सिविल लाईन चौक को कसारीडीह चौक से जोड़ने वाले मार्ग का चौड़ीकरण किया जाएगा। प्लान के तहत यह सड़क 60 फीट चौड़ी की जाएगी। गृह निर्माण मंडल के इस प्लान के मूर्तरुप लेने पर सिविल लाईन क्षेत्र एक नए आकार व स्वरुप में नजर आएगा।गृह निर्माण मंडल के प्लान पर शासकीय प्रक्रिया शुरु हो चुकी है। यह बातें गृह निर्माण मंडल के अधिकारियों ने सोमवार को साई मंदिर सिविल लाईन कसारीडीह पहुंचे दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव को बताई और क्षेत्र के विकास से जुड़े कार्ययोजना से अवगत कराया गया। इस दौरान दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव ने कहा कि सिविल लाईन क्षेत्र के जर्जर क्वार्टरों व आसपास के क्षेत्र को नए सिरे से विकसित करने यहां के रहवासियों की पुरानी मांग है। पहले उक्त कार्य को पुरा करने इच्छा शक्ति नही दिखाई गई,लेकिन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार सुशासन की सरकार है। इस सरकार में जन भावनाओं का सम्मान करते हुए हर विकास कार्य को पूर्ण करवाया जा रहा है। श्री यादव ने कहा कि गृह निर्माण मंडल का यह प्रोजेक्ट विकास के लिहाज से बड़ा प्रोजेक्ट है। जिसके पूर्ण होने पर सिविल लाईन क्षेत्र अपने नए स्वरुप में आ जाएगा। शासकीय कर्मचारियों को जर्जर आवासों से मुक्ति मिलेगी। इसके अलावा अन्य सुविधाओं का लाभ लोगों को मिलेगा।

## पुलिस महानिरीक्षक के निर्देशन में रेंज स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

समवेत शिखर संवाददाता

**भिलाईनगर।** पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज दुर्ग राम गोपाल गर्ग के निर्देशन में महात्मा गांधी कला मंदिर सिविक सेंटर भिलाई में न्यायालय में विचाराधीन प्रकरणों की मॉनिटरिंग, सीसीटीवी फुटेज संग्रहण, विश्लेषण एवं ई-साक्ष्य से संबंधित एक दिवसीय रेंज स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को तकनीकी पक्षों की सटीक जानकारी देना एवं विवेचना में गुणवत्ता सुधारना रहा।कार्यशाला के मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज रामगोपाल गर्ग ने विवेचना में आने वाली त्रुटियों एवं विवेचना पूर्ण होने के पश्चात न्यायालय में प्रकरणों की मॉनिटरिंग पर प्रकाश डालते हुए, सीसीटीवी फुटेज संग्रहण करने के संबंध में एवं विवेचना में एकत्र करने सहित ई-साक्ष्य की महत्ता को रेखांकित किया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को न्यायालय में विचाराधीन प्रकरणों की सटीक मॉनिटरिंग व उचित रिकॉर्ड संधारण के निर्देश दिए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दुर्ग विजय अग्रवाल ने रेंज से आए अधिकारियों को कार्यशाला के विशेष बिंदुओं से अवगत करते हुए एवं कोर्ट आरक्षकों को उनके जिम्मेदारी को निष्ठा पूर्वक निभाने संबंधित कार्यशाला के विशेष पहलुओं के बारे में जानकारी दी। सीसीटीवी फुटेज संग्रहण एवं विश्लेषण की तकनीकी जानकारी आशुतोष दुबे द्वारा दी गई। उन्होंने विभिन्न प्रकार के सीसीटीवी कैमरों, हार्डडिस्क से फुटेज सुरक्षित निकालने, वीडियो बैकअप की सरल विधियों तथा सावधानियों के संबंध में विस्तार से बताया। सेवानिवृत्त अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक जोशी ने थानों में विचाराधीन प्रकरणों से संबंधित सूचनाओं के सुरक्षित संधारण पर प्रकाश डाला साथ ही आरक्षक सागर, आरक्षक काशीनाथ एवं प्रधान आरक्षक चंद्रशेखर बंजीर द्वारा क्रमशः प्रकरणों की सूचना संधारण, ई साक्ष्य , सॉफ्टवेयर व अन्य विषयों पर प्रस्तुति दी गई।

# चेन स्नेचिंग के मामले का खुलासा 9 अपराध के 3 आरोपी गिरफ्तार

### आरोपियों से सोने की चेन, पैण्डल, एक्टिवा, हीरो मोटर सायकल, जुमला 3 लाख की मशरूका जब्त

समवेत शिखर संवाददाता



**भिलाईनगर।** थाना वैशाली नगर एवं थाना खुर्सीपार में दिनांक 08.05.2025 को प्रार्थी बी प्रभावती एवं थाना खुर्सीपार में प्रार्थी ए.मीना द्वारा रिर्पोट दर्ज कराया गया कि सुबह टहलते समय दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा पीछे से वाहन में आकर गले में पहने सोने की चैन को छीन कर भाग गये की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध किया गया। एक ही दिन में चेन स्नेचिंग की वारदात एक्टिवा व मोटर सायकल में आकर आरोपियों द्वारा की गई थी।

उक्त घटनाओं को अत्यंत गंभीरता से लेते हुये वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल के द्वारा माल-मुलजिम की शीघ्र पतासाजी कर गिरफ्तारी हेतु दिशा निर्देश दिये गये थे जिसके परिपालन में पूराने चैन स्नेचरों के संबंध में पतासाजी की जा रही थी पतासाजी के दौरान चेन स्नेचिंग का फरार वांछित आरोपी दीपक उर्फ दीप सिंह चोरी के एक्टिवा वाहन में खुर्सीपार क्षेत्र में दिखा। जिसे घेराबंदी कर पकड़ गया बारिकी से पूछताछ करने पर आरोपी ने अपने साथी सूरज उर्फ गेंडा उड़िया के साथ दिनांक 08.05.25 को थाना वैशाली नगर क्षेत्र एवं थाना खुर्सीपार क्षेत्र से महिलाओं के गले से सोने चेन छिनने का अपराध स्वीकार किया एवं आगे पूछताछ करने पर थाना भिलाई नगर सेक्टर 08, सडक 01 में उम्र दराज महिला से दिनांक 03.05.2025 को एक चेन स्नेचिंग करना बताया। चेन स्नेचिंग की घटनाओं को अंजाम देने हेतु दिनांक 30.04.25 को छावनी चौक से मोटर सायकल एवं दिनांक 06.05.25 को कबीर नगर रायपुर से एक्टिवा चोरी करना स्वीकार किया । चेन स्नेचिंग से प्राप्त मशरूका सोने की चैन एवं पैण्डल को रायपुर निवासी श्रीमती मंजू साहू को चोरी का होना बता कर बजार मूल्य से कम कीमत में बेचना बताया था।आरोपी की निशानदेही पर मशरूका सोने की चेन एवं पेण्डल मंजू साहू पति कृष्ण कुमार साहू, निवासी रायपुर से जप्त किया गयाथाना खुर्सीपार के 02, स्मृति नगर के 01, वैशाली नगर के 01 चेन स्नेचिंग के प्रकरणों में फरार चल रहा था। इस प्रकार हाल के 03 चैन स्नेचिंग के प्रकरण पूर्व के 04 चेन स्नेचिंग के प्रकरण तथा मोटर सायकल एवं एक्टिवा चोरी के आरोपी दीप सिंह एवं उसके साथी सूरज उर्फ गंण्डा उड़िया तथा सोने का चैन, पैण्डल खरीदने वाली महिला श्रीमती मंजू साहू को आज दिनांक 12.05.25 को गिरफ्तार कर न्यायलय पेश किया गया है।

# भगवान परशुराम प्रकटोत्सव मनाया गया

समवेत शिखर संवाददाता

**पाटन।** सर्व ब्राह्मण समाज तहसील पाटन के तत्वाधान में भगवान परशुराम प्रकटोत्सव का आयोजन 11 मई दिन रविवार को किया गया। शाम को भगवान परशु राम के शोभा यात्रा निकाली गई जो नगर के विभिन्न मार्गो से गुजर कर वापस विप्र भवन पहुंची मंच से समाज के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले लगभग 25 लोगों का सम्मान किया गया। उक्त आयोजन के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा रहे दुर्ग सांसद विजय बघेल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।



अध्यक्षता सर्व ब्राम्हण समाज के तहसील अध्यक्ष मिथिलेश शुक्ला ने किया। मुख्य अतिथि गृह मंत्री विजय शर्मा ने अपने संबोधन में सर्व ब्राम्हण समाज के भवन विस्तार के लिए 20 लाख प्रदान करने का आश्वाशन दिया गृह मंत्री ने कहा कि समाज के लोगों से आत्मीय मिलन के भावना लेकर पाटन आना हुआ ब्राम्हण कोई भी कार्य गुणवत्ता से करते है ब्राम्हण ही सदियों पूर्व से समाज के शिक्षा के लिए योगदान दिया है तर्क बुद्धिमता को आगे करके ब्राम्हण समाज काम करता है पाटन ब्राम्हण समाज में उपस्थित होकर मेरा समय अनमोल हो गया है। दुर्ग सांसद विजय बघेल ने कहा कि भगवान परशुराम वीरता,एवं शौर्य के प्रतीक है उन्होंने कहा कि समाज संगठन को मजबूत कर देश एवं प्रदेश के सेवा करने का मिलता है श्री बघेल ने भवन में डोम लगवाने का आश्वाशन दिया। सर्व ब्राह्मण समाज धमतरी के अध्यक्ष राकेश दीवान ने अपने उद्बोधन में समाज के लोगों से निवेदन करते हुए कहा कि समाज में *मै *शब्द को हटाकर हम को आगे करना है तब समाज आगे बढ़ेगा श्री दिवान ने कहा कि परिवार के लड़ाई को समाज में नहीं लाए। मांग पत्र एवं प्रतिवेदन सर्व ब्राम्हण समाज के तहसील अध्यक्ष मिथिलेश शुक्ला ने पढ़ा, मंचीय कार्यक्रम का संचालन प्रमोद मिश्रा एवं आभार प्रदर्शन राजा शर्मा ने किया। इस अवसर पर विजय शर्मा, कुलेश्वर दुबे, राजा शर्मा, आभास दुबे, कुणाल शर्मा, नीतीश तिवारी, अनिकेत मिश्रा, राघवेंद्र शर्मा ,आभा शर्मा, शशि मिश्रा, शशिकांत शर्मा, रूपेंद्र शुक्ला, रिंकू शर्मा, दीपक सावर्णी, नरेंद्र दुबे, बंटी मिश्रा, रामेंद्र शर्मा, जितेंद्र पांडेय, जितेंद्र मिश्रा, कुणाल शर्मा, शुभम् शर्मा, जलज पांडेय, रविन्द्र मिश्रा, दिनेश मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## स्पा सेंटर की आड़ में चल रहे देह व्यापार का खुलासा, संचालिका सहित 4 गिरफ्तार

### आरोपियों को पीटा एक्ट में गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

समवेत शिखर संवाददाता

**दुर्ग।** रविवार को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि एक महिला अवैध धन लाभ अर्जन करने हेतु व्ही. आर. टावर जुनवानी में संचालित अगम ब्यूटी सेलून एवं स्पा सेंटर में मसाज के नाम पर लड़कियों से देह व्यापार करवा रही है। सूचना पर तत्काल महिला अधिकारियों कर्मचारियों के साथ टीम गठित कर पुलिस कर्मचारी को पाईटर नियुक्त कर स्पा सेंटर में अगम ब्यूटी सेलून एण्ड स्पा सेंटर में दबिश दिया गया । मौके पर स्पा सेंटर की संचालिका श्रीमति प्रिया सिंह से आपत्तिजनक सामग्री, पॉच नग रजिस्टर एवं 4 हजार रूपये तथा स्पा सेंटर के रूम में ग्राहक एस.के. द्विवेदी, धर्मशील खोब्रागढ़े, राहुल चौधरी एवं विकास गेन्ड्रे मिले, जिनके पास से आपत्तिजनक सामग्री एवं विभिन्न कम्पनी के पॉच नग मोबाईल को विधिवत जप्त किया गया । आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 533/25 अनैतिक देह व्यापार (निवारण) अधिनियम 1956 की धारा 3,4,5,7 के तहत कार्यवाही किया जाकर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। उक्त



कार्यवाही में नगर पुलिस अधीक्षक सत्यप्रकाश तिवारी, महिला थाना प्रभारी निरीक्षक श्रद्धा पाठक, उप निरीक्षक गुरूविन्दर सिंग संधु, सहायक उप निरीक्षक संगीता मिश्रा, आरक्षक तुषार छेदैया, जी.लक्ष्मीनारायण, संतोष निर्मलकर, सविन्दर सिंग की भूमिका उललेखनीय रही ।

**गिरफ्तार आरोपीः-** 1- प्रिया सिंह, 2- एस.के. द्विवेदी, 3- धर्मशील खोब्रागढ़े, 4- राहुल चौधरी, 5- विकास गेन्ड्रे।

# महाराणा प्रताप जन्मोत्सव पर सर्व राजपूत समाज ने दिखाई एकता, निकाली भव्य शोभायात्रा

समवेत शिखर संवाददाता



**राजनांदगांव।** वीर शिरोमणि मेवाड़ मुकुट महाराणा प्रताप का जन्मोत्सव राजपूत समाज में पूरे धूमधाम से मनाया गया। शहर के ऐतिहासिक शीतला मंदिर प्रांगण से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें समाज के विभिन्न संगठनों ने हिस्सा लिया।

पहली बार छत्तीसगढ़ राजपूत महासभा और छत्तीसगढ़ राजपूत समाज रहटादाह 1282 ने एकजुट होकर रैली में भाग लिया, जिससे समाज में एकता का मजबूत संदेश गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुआत वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर प्रातः माल्यार्पण के साथ हुई, जहां पर छत्तीसगढ़ राजपूत महासभा ने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप को सादर श्रद्धांजलि अर्पित की और राजपूत समाज की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए उन्होंने जो मार्ग समाज को दिखाएं हैं, उस पदचिन्हों पर चलने के लिए समाज के लोगों को प्रेरित किया गया। तत्पश्चात शहर के शीतला मंदिर प्रांगण से राजपूत समाज ने शोभायात्रा निकाली। इस दौरान राजपूती शान और परंपरा का प्रदर्शन करते हुए युवाओं ने तलवारबाजी और अन्य कलाबाजियां दिखाकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। रैली मानव मंदिर चौक पहुंची, जहां पूर्व सांसद अभिषेक सिंह शामिल हुए और उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन हमें सिखाता है कि विपरीत परिस्थितियों में भी हार नहीं माननी चाहिए। राजपूत समाज हमेशा से देश और धर्म की रक्षा के लिए अग्रणी रहा है। रैली में जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह क्षत्रिय, करणी सेना प्रदेश उपाध्यक्ष संजय बहादुर सिंह, रघुनंदन सिंह ठाकुर, देवेन्द्र बैस, मोनू ठाकुर, विवेक राजपूत, युवा अध्यक्ष गोल्डी भदौरिया, आरएन सिंह, दीपेश सिंह, कपिल सिंह चौहान, अजय कुशवाहा, अमन बहादुर सिंह, अभिनव सिंह, चंदन सिंह, भवानी बहादुर सिंह, प्रिंस सिंह, संतोष सिंह, भानु ठाकुर, सौरभ चौहान, वतन सिंह, आशुतोष सिंह, रवि राजपूत, यशवंत राजपूत, और समस्त युवा मंडल शामिल थे। महिला मंडल की ओर से शशि चौहान अध्यक्ष, माधुरी ठाकुर सचिव, छाया ठाकुर, कीर्ति विनोद, सत्या सिंह, सुशीला सिंह, सुरेखा सिंह ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। वरिष्ठ नेताओं में वाणी विलास गौतम, भानुप्रताप ठाकुर, अश्वनी ठाकुर, नरोत्तम पवार ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

# मिशन जल रक्षा जैसे निरंतर प्रयास जिले के लिए सार्थक पहल सिद्ध होंगे : डॉ. रमन सिंह

### ग्राम टेड़ेसरा में सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर में विधानसभा अध्यक्ष ने अभिनव तकनीकी मॉडल जल संवर्धन संरचना का किया निरीक्षण

समवेत शिखर संवाददाता



**राजनांदगांव।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज जनपद पंचायत राजनांदगांव के ग्राम पंचायत टेड़ेसरा में आयोजित सुशासन तिहार अंतर्गत आयोजित समाधान शिविर में शामिल हुए। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने मिशन जल रक्षा के तहत किए जा रहे परकोलेशन टैंक एवं इंजेक्शन वेल निर्माण कार्य का निरीक्षण किया।

उन्होंने परकोलेशन टैंक एवं इंजेक्शन वेल कार्यप्रणाली के संबंध में जानकारी ली और जिले में जल संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की। विधानसभा अध्यक्ष ने संरचनाओं का अवलोकन कर स्थानीय ग्रामीणों एवं अधिकारियों से संवाद करते हुए कहा कि अब केवल जल का उपयोग पर्याप्त नहीं है। हमें जल संरक्षण और भूजल पुनर्भरण की दिशा में भी सतत प्रयास करते रहना होगा। यह अभिनव तकनीक का मॉडल दर्शाता है कि राशि के सही उपयोग एवं तकनीकी माडल पर प्रयास किए जाएं तो इस प्रकार की संरचनाएं आने वाले समय में जल संकट से राहत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने संरचना के संबंध में तकनीकी जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि ग्राम टेड़ेसरा में नेशनल हाईवे के पास निर्मित परकोलेशन टैंक में एक विशेष तकनीकी व्यवस्था की गई है। जिसमें हाईवे के क्रॉस ड्रेनेज से आने वाला वर्षा का जल संग्रहित कर एक साथ के माध्यम से परकोलेशन टैंक तक लाया जाता है। यहां यह जल फिल्टर होकर इंजेक्शन वेल के माध्यम से सीधे भू-गर्भीय जल स्तर को पुनः रिचार्ज करता है। इस व्यवस्था के माध्यम से न केवल वर्षा जल का संरक्षण संभव हुआ है, बल्कि सूखते जल स्त्रोतों को भी पुनर्जीवित करने की दिशा में एक सशक्त कदम उठाया गया है। विधानसभा अध्यक्ष के प्रयासों से हाल ही में जिले में 46 नए स्थानों पर बोर खनन हेतु प्राधिकरण मद से स्वीकृति प्राप्त हुई है। इन बोरवेलों के साथ-साथ इंजेक्शन वेल की सम्मिलित डिजाइन तैयार की गई है। जिससे न केवल जल का दोहन हो, बल्कि निरंतर भू-जल रिचार्ज भी सुनिश्चित किया जा सके। यह तकनीक उन भूगर्भीय स्थलों से जुड़ती है, जो पहले जल से परिपूर्ण थे, परंतु निरंतर उपयोग के कारण अब रिक्त हो चुके हैं। ड्रिलिंग मशीन की सहायता से ऐसे स्थानों तक पहुँचकर फिल्टर मीडिया के माध्यम से जल को शुद्ध कर सीधे भू-जल स्तर तक पहुँचाया जाता है। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने बताया कि तकनीकी नवाचार के साथ जनसहभागिता से जल संकट के समाधान के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे है। जल संरक्षण की नवीन तकनीक कारगर साबित हो रही है। मिशन जल रक्षा के तहत विभिन्न आयामों में कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर इस अवसर पर जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव के अध्यक्ष श्री सचिन बघेल, छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष श्री योगेश दत्त मिश्रा, श्री खूबचंद पारख, श्री कोमल सिंह राजपूत, श्री रमेश पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती किरण साहू, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती देव कुमार साहू, श्री सौरभ कोठारी, श्री सुमित उपाध्याय, जनपद पंचायत राजनांदगांव के अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा चंद्राकर, जनपद पंचायत छुरिया के अध्यक्ष श्री संजय, सरपंच टेड़ेसरा श्री खिलेश्वर साहू, श्री भावेश बैद्य, पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग, वनमंडलाधिकारी श्री आयुष जैन, अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, एसडीएम राजनांदगांव श्री खेमलाल वर्मा, जनपद सीईओ राजनांदगांव श्री मनीष साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# वीर बनकर ही सुख का उपभोग कर सकते हैं : आचार्य डॉ. अजय आर्य

### बेंगलुरु में आयोजित राष्ट्र रक्षा महायज्ञ में शामिल हुए डॉ. अजय आर्य

समवेत शिखर संवाददाता



**दुर्ग।** आर्य समाज मंदिर मारतहल्ली बेंगलुरु में देश के शहीदों कुछ श्रद्धांजलि देकर आत्मा शांति की प्रार्थना की गई। भारत के वीर पराक्रमी सैनिक योद्धाओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्ति की गई। इस अवसर पर राष्ट्र रक्षा महायज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन एसपी कुमार एवं कुमार अभिमन्यु ने किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भिलाई के वैदिक विद्वान आचार्य डॉ. अजय आर्य ने कहा- आज दुनिया में मदर्स डे मनाया जा रहा है। वेदों में पृथ्वी या भूमि को माता के रूप में स्वीकार किया गया है और जनमानस को उसके पुत्र के रूप में स्मरण किया गया है। अथर्ववेद की ऋचा कहती है कि भूमि माता है और मैं उसका पुत्र हूं। महाभारत के यक्ष प्रश्न में युधिष्ठिर से पूछा गया कि इस धरती पर धरती से अधिक भारी कौन है और आसमान से अधिक ऊंचा कौन है? हमें यह प्रश्न नटपटा या गुप्त जैसा लगेगा क्योंकि पृथ्वी में रहकर की कोई पृथ्वी से अधिक भारी कैसे हो सकता है? धरती पर रहकर आसमान से ऊंचा कोई कैसे हो सकता है? किंतु उत्तर देने वाला व्यक्ति युधिष्ठिर है जिसे धर्मराज कहा गया है। युधिष्ठिर जवाब देते हुए कहते हैं की धरती पर भूमि से अधिक भारी माता है। माता के त्याग तपस्या समर्पण और निस्वार्थ भाव का कोई बदला नहीं चुका सकता। इसलिए मातृ दिवस शायद मनाया जाता है। वैदिक शास्त्रों में मातृ देवो भव कहा गया है। माता को देवता के रूप में स्वीकार करके उसकी पूजा की गई है। शंकराचार्य ने लिखा है की माता को माता नहीं होती पुत्र भले ही को पुत्र हो जाता है। आज भारत माता के लाल भारत माता की रक्षा के लिए प्राण न्योछावर कर रहे हैं। हम इस धरती माता का भी अभिनंदन करते हैं और उनके वीर पुत्रों का भी अभिनंदन करते हैं।आर्य समाज के संबंध से इस संकल्प को दोहराते हैं कि जब भी भारत पर संकट आएगा हम उसकी सेवा के लिए प्रथम पंक्ति पर खड़े होंगे।

## ▶▶ न्यूज ब्रीफ

### रायपुर में हुआ छत्तीसगढ़ न्यूट्रिशन एजुकेशन प्रोग्राम, देशभर से 60 से अधिक डाइटिशियन और न्यूट्रिशन एक्सपर्ट्स ने लिया हिस्सा



**रायपुर।** न्यूट्रिशिल्प और एमएमआई नारायणा सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित छत्तीसगढ़ न्यूट्रिशन एजुकेशन प्रोग्राम रायपुर में अत्यंत सफल रहा। इस एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में देशभर से लगभग 60 डाइटिशियन और न्यूट्रिशन प्रोफेशनल्स ने भाग लिया और न्यूट्रिशन क्षेत्र में अपने ज्ञान को नई दिशा दी। कार्यक्रम का उद्देश्य न्यूट्रिशनिस्ट्स को आधुनिक विज्ञान, रिसर्च और क्लिनिकल प्रैक्टिस से जोड़ना था, ताकि वे अपने प्रोफेशनल करियर में और भी प्रभावशाली भूमिका निभा सके। कार्यक्रम सुबह 8 बजे शुरू हुआ और शाम 7 बजे तक चला, जिसमें प्रतिभागियों ने थ्योरी से लेकर केस स्टडी, डेमोंस्ट्रेशन और इंटरेक्टिव सेशन्स का अनुभव प्राप्त किया। कार्यक्रम में देश के तीन प्रमुख न्यूट्रिशन एक्सपर्ट्स ने अपने विषयों पर मार्गदर्शन दिया। मुंबई डाइट एंड हेल्थ सेंटर से जुड़ीं वरिष्ठ डाइटिशियन शिल्पा जोशी ने Carb Counting विषय पर गहन जानकारी दी।

### 2 जून में होगी छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग की शुरुआत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के क्रिकेट प्रेमियों के लिए बड़ी खुशखबरी सामने आई है। आगामी जून महीने से सीसीपीएल यानी छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग के दूसरे सीजन का आगाज होने जा रहा है। पिछले सीजन की तुलना में इस बार कई बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे। छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ इसकी अंतिम तैयारियों में जुटा हुआ है। नवा रायपुर स्थित शहीद वीरनारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की सुविधाओं को भी अपग्रेड किया जा रहा है, ताकि आयोजन की गुणवत्ता और दर्शकों का अनुभव दोनों ही बेहतर हो। बता दें कि सीसीपीएलमें इस बार अंतरराष्ट्रीय मैचों की तर्ज पर डिसीजन रिव्यू सिस्टम सिस्टम लागू किया जाएगा। यह अब तक केवल अंतरराष्ट्रीय मैचों और इंडियन प्रीमियर लीग में देखने को मिलता था। इस सिस्टम के तहत, प्रत्येक टीम को तीन रिव्यू मिलेंगे, जिनका उपयोग वे ग्राउंड अंपायर के फैसले को चैलेंज करने के लिए कर सकते हैं। यह पहली बार है जब घरेलू क्रिकेट लीग में इस अत्याधुनिक तकनीकी प्रणाली का इस्तेमाल किया जाएगा, जिससे खेल के फैसले और भी निष्पक्ष और सटीक होंगे।

### नवा रायपुर में जनजातीय संग्रहालय का लोकार्पण कल

**रायपुर।** नवा रायपुर स्थित आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान परिसर प्रदेश के जनजातीय शैली, संस्कृति एवं परंपराओं पर आधारित संग्रहालय लगभग 9 करोड़ रूपए की लागत से बनकर तैयार हो गया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय 14 मई को इस संग्रहालय का लोकार्पण करेंगे। आदिम जाति विकास विभाग के अधिकारियों ने बताया कि संग्रहालय में डिजीटल एवं एआई तकनीक के माध्यम से जनजातीय संस्कृति का भी प्रदर्शन किया गया हैं। क्यूआर कोड स्कैन करते ही सम्बंधित झांकी की सम्पूर्ण जानकारी मोबाइल पर उपलब्ध हो जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि शुभारंभ अवसर पर मुख्यमंत्री के हाथों नवनियुक्त छात्रावास अधीक्षक को नियुक्ति प्रमाण-पत्र भी प्रदान करने साथ ही प्रयास आवासीय विद्यालय के जेईई मेंस 2025 में क्वालिफाई करने वाले छात्रों का सम्मान भी किया जाएगा। गौरतलब है कि जनजातीय संग्रहालय में कुल 14 गैलरियां हैं, जिनमें जनजातीय जीवनशैली के सभी पहलुओं का बहुत ही खूबसूरत ढ़ंग से जीवंत प्रदर्शन किया गया है। इनमें जनजातियों के भौगोलिक विवरण, तीज-त्यौहार, पर्व-महोत्सव तथा विशिष्ट संस्कृति, आवास एवं घरेलू उपकरण, शिकार उपकरण, वस्त्र (परिधान) एवं आभूषण, कृषि तकनीक एवं उपकरणों, जनजातीय नृत्य, जनजातीय वाद्ययंत्रों, आग जलाने, लौह निर्माण, रस्सी निर्माण, फसल मिंजाई (पौधों से बीज अलग करना), कत्था निर्माण, चिवड़ा-लाई निर्माण, मंद आसवन, अन्न कुटाई व पिसाई, तेल प्रसंस्करण हेतु उपयोग में लाने जाने वाले उपकरणो व परंपरागत तकनीकों, को दर्शाया गया हैं।

# किसानों को मिले सिंचाई परियोजनाओं का लाभ : मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

### मुख्यमंत्री ने जल संसाधन विभाग के कामकाज की समीक्षा की

समवेत शिखर न्यूज



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में प्रदेश के सिंचाई ढांचे को सशक्त बनाने के उद्देश्य से जल संसाधन विभाग के कार्यों की गहन समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मौजूदा सिंचाई परियोजनाओं के रखरखाव और मरम्मत पर विशेष ध्यान दिया जाए।

मुख्यमंत्री श्री साय ने वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों को नियमित रूप से फील्ड विजिट करने के निर्देश दिए और जल अपव्यय रोकने के साथ ही जल का अधिक से अधिक उपयोग कृषि कार्यों में हो, यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रदेश के सभी बांधों की जल भराव क्षमता, वर्तमान सिंचाई स्थिति और आगामी परियोजनाओं के प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि नहरों के माध्यम से जल परिवहन में होने वाली हानि को रोकने के लिए आधुनिक तकनीकों का उपयोग जरूरी है। मुख्यमंत्री श्री साय ने जल उपयोग की दक्षता बढ़ाने हेतु अंडरग्राउंड पाइपलाइन व्यवस्था के माध्यम से आवश्यक कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही सिंचाई योजनाओं में रूपांकित सिंचाई क्षमता और वास्तविक क्षमता के बीच के अंतर को कम करने के लिए ठोस कार्ययोजना बनाने के भी निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि बस्तर एवं सरगुजा संभाग में लंबे समय से अधूरे योजनाओं को पूर्ण करने के लिए आवश्यक कार्यवाही की जाये। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने निर्माणाधीन वृहद परियोजनाओं को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए ताकि किसानों को समय से योजना का लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने बड़ी परियोजनाओं में भारत सरकार से वित्तीय सहायता प्राप्त करने हेतु आवश्यक प्रस्ताव यथाशीघ्र तैयार करने को कहा। मुख्यमंत्री ने राज्य में भू-जल की दृष्टि से क्रिटिकल/सेमी क्रिटिकल घोषित 26 विकासखण्डो में परियोजनाओं के निर्माण हेतु प्रस्ताव तैयार करने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री श्री केदार कश्यप ने निर्माणाधीन वृहद परियोजनाओं को शीघ्र पूर्ण करने के सम्बन्ध में निर्देश दिए।

बैठक में सचिव जल संसाधन विभाग राजेश सुकुमार टोप्पो ने विभागीय गतिविधियों की जानकारी देते हुए निर्माणधीन एवं प्रस्तावित सिंचाई योजनाओं से भी मुख्यमंत्री को अवगत कराया।

बैठक में मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, विशेष सचिव वित्त श्रीमती शीतल शाश्वत वर्मा, प्रमुख अभियंता इन्द्रजीत उइके एवं जल संसाधन विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

# प्रयास के 13 बच्चों ने मेरिट में बनाया स्थान

### मुख्यमंत्री श्री साय और मंत्री श्री नेताम ने दी शुभकामनाएं

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** कौन कहता है आसमां में सुराख नहीं हो सकता, एक पत्थर तो तबीयत से उछालो यारों'' इस उक्ति को प्रयास आवासीय विद्यालय के बच्चों ने अपनी कठिन मेहनत और लगन से आज सच कर दिखाया है।

माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा शैक्षणिक सत्र 2024-25 के 10वीं बोर्ड के घोषित परीक्षा परिणामों में प्रयास के 13 बच्चों का मेरिट में आना निश्चित ही एक बड़ी उपलब्धि है। 10वीं बोर्ड का ओवरऑल परीक्षा परिणाम शत् प्रतिशत रहा है, इसमें 98.35 प्रतिशत विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की है। इन विद्यार्थियों की सफलता पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय, मंत्री श्री रामविचार नेताम सहित प्रमुख सचिव श्री सोनमणि वोरा और आयुक्त डॉ. साराशं मित्तर ने शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। खासकर तब, जबकि ये बच्चे बहुत ही सामान्य पृष्ठभूमि से आते हैं एवं अधिकतर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों से संबंधित हैं। इन्होंने अपनी मेहनत, दृढ़ इच्छाशक्ति तथा विद्यालय के कड़े अनुशासन एवं अध्यापकों द्वारा दिए गए बेहतर मार्गदर्शन के बल पर बड़ी सफलता प्राप्त की है। अब इनके सपनों को मानों पखों की उड़ान मिल गई है इनमें किसी का लक्ष्य आईएएस बनने का है, तो कोई आईपीएस बनना चाहता है कोई डॉक्टर तो कोई इंजीनियर, तो कोई सीए बनना चाहता है। टॉप 10 में जगह बनाने वाले बच्चों का कहना है कि प्रयास विद्यालय में प्रवेश से पहले इनके मन में पढ़ाई के प्रति इतना जुनून नहीं था। यहां आने के बाद विद्यालय के अच्छे वातावरण, अच्छे शिक्षकों द्वारा दिए गए मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन तथा उनके द्वारा कड़ी मेहनत के बल पर उन्होंने यह सफलता प्राप्त की है।

# राजयोग मेडिटेशन से मिलेगी मन की शान्ति : ब्रह्माकुमारी सविता दीदी

### रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ समर कैम्प का समापन

समवेत शिखर न्यूज



**रायपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा आयोजित प्रेरणा समर कैम्प का समापन रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ सम्पन्न हुआ। शान्ति सरोवर मे आयोजित समापन समारोह में छ.ग. राज्य औद्योगिक केन्द्र विकास निगम के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल,दीनदयाल उपाध्याय स्वास्थ्य एवं आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. पी.के. पात्रा, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के निदेशक लेफ्टिनेण्ट जनरल अशोक जिन्दल, रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी और ब्रह्माकुमारी रूचिका दीदी ने विचार व्यक्त किए। छ.ग. राज्य औद्योगिक केन्द्र विकास निगम के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल ने समर कैम्प आयाजित करने के लिए ब्रह्माकुमारी संस्थान की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्थान समर कैम्प के माध्यम से बच्चों के जीवन को संवारने का कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि आजकल माता-पिता को बच्चों की चिन्ता कम हो गई है। सब बच्चों के हाथों में मोबाईल आ गई है। बच्चे स्कूल से आकर माबाईल में व्यस्त हो जाते हैं। उनकी आँखे कमजोर हो रही है। उनकी फिज़ीकल एक्टीवीटी खत्म हो गई है। खेलकूद में उनकी रूचि नहीं रही। फलस्वरूप बच्चों का मानसिक स्तर कमजोर होता जा रहा है। इसके लिए माता-पिता को दोषी बतलाते हुए उन्होंने कहा कि बच्चों को फिज़ीकल एक्टीवीटी के लिए प्रेरित करने की जरूरत है। दीनदयाल उपाध्याय स्वास्थ्य एवं आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. पी.के. पात्रा ने अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नैतिक मूल्यों के बिना जीवन आसुरियत से भरा हो जाता है। आजकल हमारा जीवन मशीन जैसा हो गया है। धीरे-धीरे समाज से नैतिक और मानवीय मूल्य कमजोर होते जा रहे हैं। नैतिक मूल्यों के बिना अच्छे समाज की कल्पना भी नहीं कर सकते। माता-पिता दोनों नौकरी करने में इतने व्यस्त हो गए हैं कि बच्चों के लिए उनके पास समय ही नहीं है।

# बुद्ध पूर्णिमा पर गृहे-गृहे गायत्री यज्ञ में लाखों लोगों ने डाली आहूति

### राष्ट्र को समर्थ व शक्तिशाली बनाने एवं विश्व में शांति स्थापित के उद्देश्य से गायत्री परिवार का आयोजन

समवेत शिखर न्यूज



**रायपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा राष्ट्र को समर्थ व शक्तिशाली बानाने, आध्यात्मिक नवजागरण से सूक्ष्म जगत का शोधन, वातावरण के परिशोधन, विश्व में शांति स्थापित करने एवं भारत को विश्वपटल पर पुनः जगद्गुरु के रुप में स्थापित करने के उद्देश्य से बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर 11 एवं 12 मई को देश के लाखों घरों में गायत्री यज्ञ का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ गायत्री परिवार की जोन समन्वयक श्रीमती आदर्श वर्मा ने बताया कि छत्तीसगढ़ में एक लाख इन्कावन हजार के निर्धारित लक्ष्य से अधिक घरों में यह यज्ञ सम्पन्न हुआ। गायत्री परिवार छत्तीसगढ़ के सभी उपजोन रायपुर, बिलासपुर, कोरबा, अंबिकापुर, भिलाई-दुर्ग, राजनांदगांव, खैरागढ़, जगदलपुर एवं नारायणपुर में गायत्री परिजनों द्वारा यज्ञ को लेकर पूर्व से ही तैयारियां कर ली गई थी तथा यज्ञ पुरोहित द्वारा स्थानीय लोगों को प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया था ताकि लोग स्वयं से ही यज्ञ कर सके। यज्ञ का क्रम दोनो दिन प्रातः 07 बजे से प्रारंभ होकर सायं 06 बजे तक चला। अनेक स्थानों पर 3 से 5 कुण्डीय सामूहिक यज्ञ भी करवाये गये, जिसमें 4 से 5 पारियों में श्रद्धालुजनों ने गायत्री मंत्र, महामृत्यंजय मंत्र, सूर्य मंत्र के साथ-साथ कुलदेव, इष्टदेव व ग्रामदेव के नाम की आहुतियां विशेष प्रकार की जड़ी बूटि युक्त हवन सामाग्री से समर्पित किया। गायत्री परिवार रायपुर के जिला समन्वयक श्री लच्छुराम निषाद ने बताया कि रायपुर जिले में भी 11 हजार से अधिक घरों, कॉलोनियों, ग्रामों, कार्यालयों, प्रतिष्ठानों, मंदिरों एवं धार्मिक संस्थाओं, योग संस्थाओं में यज्ञ किया गया। रायपुर में विशेष रुप से राम मंदिर तेलीबांधा, काली माता मंदिर आकाशवाणी चौक, बंजारी मंदिर, जगन्नाथ मंदिर में यज्ञ किया गया।

# बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों की 'आभार रैली', समायोजन के फैसले पर जताई खुशी

### कहा- 126 दिनों के प्रदर्शन का फल मिला

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** रायपुर में सोमवार को बड़ी संख्या में बी.एड. प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों ने आभार रैली निकाली। यह शिक्षक हाल ही में सरकार की ओर से लिए गए उस फैसले को लेकर इकट्ठा हुए। जिसमें बर्खास्त किए गए बी.एड. सहायक शिक्षकों को सहायक शिक्षक (प्रयोगशाला विज्ञान) के पद पर समायोजित करने की बात कही गई है। छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिलों से आए इन शिक्षकों ने तपती धूप में ÷आभार रैली÷ के जरिए अपनी बात रखी और सरकार से अपील की कि, समायोजन की प्रक्रिया जल्दी और पारदर्शी तरीके से पूरी की जाए। रैली में शामिल कई शिक्षकों ने कहा कि, वे पिछले कुछ महीनों से अनिश्चितता और आंदोलन की स्थिति में थे, ऐसे में यह फैसला उनके लिए राहत लेकर आया है। बीएड सहायक शिक्षकों ने इंडोर स्टेडियम बूढ़ातालाब से फायर ब्रिगेड चौक तक रैली निकाली और सरकार का आभार जताया। शिक्षकों का कहना था कि वे शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने में अपना सहयोग देना चाहते हैं। आभार रैली में पहुंचे



शिक्षक विकास मिश्रा ने कहा कि, हमने जो आंदोलन किया उसका फल हमें मिला। सरकार ने हमारी मांगे मानी इसलिए उनका आभार जताने के लिए ही यह रैली निकाली गई है। नवा रायपुर के तूता धरना स्थल में 126 दिनों तक चले बर्खास्त बीएड सहायक शिक्षकों का आंदोलन 18 अप्रैल को खत्म हुआ था। सीएम विष्णुदेव साय से मुलाकात के बाद प्रदर्शनकारियों ने यह आंदोलन समाप्त किया था।

# श्री सत्य साईं संजीवनी अस्पताल से रायपुर की बनी है अलग पहचान : डिप्टी सीएम साव

### श्री सत्य साईं संजीवनी अस्पताल में अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस समारोह में शामिल हुए उपमुख्यमंत्री, उत्कृष्ट सेवाएं देने वाली नर्सेज को किया सम्मानित

समवेत शिखर न्यूज



**रायपुर।** श्री सत्य साईं बाबा ने सबसे प्रेम और सबकी सेवा करने का संदेश दिया है। बाबा के बताए मार्ग पर चलकर श्री सत्य साईं संजीवनी अस्पताल द्वारा अब तक 36 हजार से अधिक हार्ट सर्जरी की जा चुकी है। बच्चों की निःशुल्क हार्ट सर्जरी कर संस्थान ने सेवा परमो धर्मः के आदर्श को प्रस्तुत किया है। अस्पताल ने हजारों बच्चों को नया जीवन दिया है। किसी को जीवनदान देना पुण्य का काम है।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने नवा रायपुर स्थित श्री सत्य साईं संजीवनी अस्पताल में अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस पर आज आयोजित कार्यक्रम में ये बातें कहीं। उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि श्री सत्य साईं अस्पताल में केवल भारत के ही नहीं, बल्कि 15 अन्य देशों के लोग भी निःशुल्क उपचार कराने आते हैं। अब तक अन्य देशों के एक हजार से अधिक बच्चों की हार्ट सर्जरी हो चुकी है। यहां तीन लाख से अधिक बच्चों के हृदय की निःशुल्क जांच भी की गई है।

श्री साव ने कहा कि बाबा श्री सत्य साईं का आशीर्वाद छत्तीसगढ़ पर हुआ है। इससे रायपुर की एक अलग पहचान बनी है। किसी अनजान से प्रेम और सेवा करना सहज काम नहीं है। यहां बच्चों और उनके माता-पिता के चेहरे देखकर लग रहा है कि उन्हें दुनिया की बड़ी खुशी मिल गई है। यह अमूल्य खुशी देने वाला श्री सत्य साईं अस्पताल है। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने अस्पताल में उपचार करा चुके बच्चों एवं उनकी माताओं से मुलाकात की एवं उन्हें फल व मिठाई वितरित की। परिजनों ने मंच पर अस्पताल में इलाज के अपने अनुभव साझा किए। श्री साव ने कार्यक्रम में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले नर्सिंग स्टॉफ को सम्मानित किया। श्री सत्य साईं अस्पताल के चेयरमैन डॉ. श्रीनिवास ने कहा कि आज गौतम बुद्ध का निर्वाण दिवस है। काशी के सारनाथ में गौतम बुद्ध ने पहला उपदेश दिया था। उसी काशी में एक और सेवा केंद्र शुरू होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज ही के दिन श्री सत्य साईं बाबा ने विश्व को सब से प्रेम और सबकी सेवा करने का मूल मंत्र दिया था। यहां निःशुल्क उपचार के बाद अब निःशुल्क नर्सिंग की शिक्षा दी जा रही है। यहां देश और समाज के सेवक तैयार किए जा रहे हैं। हम लोगों के दिलों में सेवा का भाव जोड़ रहे हैं। पद्मश्री से सम्मानित डॉ. राधेश्याम बारले सहित अस्पताल प्रबंधन के अधिकारी-कर्मचारी भी बड़ी संख्या में कार्यक्रम में मौजूद थे।

# छत्तीसगढ़ स्टेट पिकलबाल संघ द्वारा टर्फ 71 लक्की डबल्स पिकलबाल टूर्नामेंट का किया आयोजन

समवेत शिखर न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पिकलबाल संघ द्वारा टर्फ 71 लक्की डबल्स पिकलबाल टूर्नामेंट का आयोजन 10-11 मई को किया गया। ऑल इंडिया पिकलबॉल एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित इसलिए प्रतियोगिता में लगभग 60 महिला एवं पुरुष खिलाडी भाग ले रहे है।

अपनी तरह की पहली इसलिए प्रतियोगिता में लक्की ड्रा सिस्टम से डबल्स पार्टनर का चयन हुआ इस प्रतियोगिता में लक्की मेंस डबल्स, लक्की वुमेंस डबल्स, एवं लक्की मिक्स डबल्स की प्रतियोगिता खेली जा रहीं है टर्फ सेवनटी वन पिक्लबॉल क्लब में आयोजित इस प्रतियोगिता में दोनों दिन लगभग 70 मैच खेले गए आज अंतिम दिन परिणाम इस प्रकार है

मिक्स डबल्स फाइनल में प्रेम प्रकाश ध्रुव एवं दिनेशवरी तांडी ने आरिश आगा चौबे और हैमिका जिंदल को 15-13 के रोमांचक मैच में हराकर विजेता बने इससे पूर्व सेमीफाइनल में प्रेम एवं दिनेश्वरि ने मोनेश और भावना की जोड़ी को 15-8 से, दूसरे सेमी फाइनल में अरिश आगा चौबे और हैमिका जिंदल ने लुकेश नेताम और मनस्वी तिवारी को 15-3 से हराकर फाइनल में पहुचे वुमेंस डबल्स फाइनल रीना अग्रवाल एवं दिनेशवरी की जोड़ी ने शिल्पी मटरेजा एवं अलका यादव को संघर्षपूर्ण मेंच में 15-13 से हराकर ख़िताब जीता।

इस वर्ग के सेमीफाइनल में दिनेश्वरी एवं रीना ने मुक्त मेरसा एवं भावना चौहान को 15-3 से,शिल्पी मटरेजा एवं अलका यादव ने सीमा तायल एवं संस्कृति तायल को 15-4 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। मेंस डबल्स फाइनल में भी संघर्ष पूर्ण मुकाबले में मोनेश यादव एवं अभिजर बादशाह की जोडी ने मायकल मसीह एवं वरुण जैन को कड़े संघर्ष में 15-14 से हराकर विजेता का ख़िताब जीता इससे पूर्व इस वर्ग के सेमीफाइनल में अभिज़र एवं मोनेश यादव ने अजय नायक एवं रोहीन सेंटियागो को 15-13 से, एवं दूसरे सेमीफाइनल में वरुण जैन एवं माइकल मसीह ने रामकेश कुशवाहा एवं विहार शरण भाटिया को 15-10 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था सभी विजेताओं को 3000/-एवं उपविजेता को 2000/- केश प्राइज़ दिया गया इस अवसर पर टीम विजिआर के ओनर विजय नतथानी ने अपनी उपविजेता टीम को 20000/- प्रोत्साहन राशि के रूप में दिए।

इस अवसर पर विगत दिनों आयोजित पिक्लबॉल लीग के विजेता पेडल रेंजर एवं उपविजेता वि जी आर को सम्मानित किया गया समारोह में अतिथि के रूप में टर्फ 71 के संचालक सुजल अग्रवाल,वी जी आर टीम ओवनर विजय नथथानी, टीम आर सी पी के ओनर राकेश पांडे,चेयरमेन व्ही आई पी क्लब छ्ग टेनिस के उपाध्यक्ष सुशील बालानी,सहित वरिष्ठ खिलाड़ी राधेश्याम तांडी ने विजेताओं को पुरसस्कृत किया। यह जानकारी छत्तीसगढ़ पिक्लबॉल संघ के सचिव रूपेंद्र सिंह चौहान ने एक विग्यप्ति में दीं।

# राज्यपाल ने मेधावी विद्यार्थियों का किया सम्मान और पांच-पांच हजार रूपए प्रोत्साहन राशि दी



समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** राज्यपाल श्री रमेन डेका से आज यहां राजभवन में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा इस वर्ष आयोजित 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में सर्वोच्च अंक लेकर प्रावीण्य सूची में स्थान बनाने वाले रायपुर जिले के विद्यार्थियों ने मुलाकात की। श्री डेका ने सभी विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा मेडल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया और पांच-पांच हजार रूपये प्रोत्साहन राशि दी।

इस अवसर पर श्री डेका ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनका उत्साह वर्धन किया और कहा कि बच्चों के सामने बेहतर भविष्य है। वे जिस क्षेत्र में कैरियर बनाना चाहते हैं उस क्षेत्र में लगन और परिश्रम के साथ आगे बढ़ें। जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए अनुशासन का बहुत बड़ा योगदान होता है। विद्यार्थी अनुशासन का पालन करें। अध्ययन के साथ-साथ योग, ध्यान एवं खेल गतिविधियां भी करें। अपने माता-पिता और गुरूजनों का सम्मान करें। मानवीय गुणों और परस्पर सहयोग की भावना के साथ-साथ अपने आस-पास के प्रति भी जागरूक रहते हुए जीवन का आनंद उठाएं। इस अवसर पर उपस्थित विधायक श्री पुरंदर मिश्रा ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के माध्यम से बच्चे अपने भविष्य को उज्जवल बनाएं और प्रदेश का नाम रोशन करें। कार्यक्रम में श्री डेका ने प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले कक्षा 10वीं की कुमारी साई संजना, नमन कुमार ठाकुर, केतन साहू, कुमारी खुशबू सेन, कुमारी पूर्वी साहू, महक, राम सोनी, कुमारी नेहा चक्रधारी, कुमारी काव्या वर्मा, कुमारी दिव्या तिवारी, चित्रांश देवांगन, को सम्मानित किया। इसी तरह कक्षा 12वीं के प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाली कुमारी पल्लवी वर्मा, कुमारी रूचिका साहू, कुमारी कीर्ति यादव, कुमारी रूची कल्यानी, कुमारी भूमिका देवांगन को सम्मानित किया गया।

**शिखर बने उतुंग, शिखर अपने प्रताप से।**
**डरे कभी वह नहीं, किसी के उग्र शाप से।।**

## संपादकीय

## युद्धविराम के आगे की चुनौतियां

शनिवार को भारत और पाकिस्तान के बीच एक समझौता हो गया और दोनों पक्षों ने संघर्ष विराम की घोषणा कर दी। हालांकि ऐसी खबरें हैं कि पाकिस्तान ने शनिवार की रात संघर्ष विराम की शर्तों का उल्लंघन किया लेकिन उम्मीद यही है कि हालात सुधरेंगे और सीमावर्ती क्षेत्रों में नागरिक अपने घरों को वापस लौट सकेंगे। दोनों देशों के नेतृत्व की सराहना होनी चाहिए कि आखिर उन्होंने मेलमिलाप किया। अगर संघर्ष लंबा छिड़ता तो यह किसी के पक्ष में नहीं होता। बहरहाल अब जबकि दोनों पक्ष हालात का जायजा लेने के लिए वापस लौट चुके हैं तो यह भी ध्यान देने लायक है कि 22 अप्रैल के आतंकी हमले से काफी कुछ बदल चुका है। उस हमले में एक नेपाली नागरिक समेत 26 लोगों की जान गई थी। भारत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि अब वह ऐसे कदमों को बर्दाश्त नहीं करेगा। अपनी प्रतिक्रिया में भारत ने सैन्य उपायों के अलावा कूटनीतिक उपाय भी अपनाए। भारत ने सिंधु जल समझौते को स्थगित कर दिया। 7 मई को भारत ने जो सैन्य कार्रवाई की वह नपी-तुली, सटीक निशाने पर और गैर उकसावे वाली थी। भारत ने 9 स्थानों पर आतंकी अधोसंरचना को निशाना बनाया। न तो किसी सैन्य परिसंपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया और न ही नागरिकों को। हालांकि, पाकिस्तान ने सैन्य और नागरिक स्थानों पर गोलाबारी शुरू कर दी जिससे परिसंपत्ति का भी नुकसान हुआ और जानें भी गईं। पाकिस्तान हालात को भड़काना क्यों चाहता है इसे समझना मुश्किल नहीं है। पहलगाम हमलों के पीछे का इरादा यही था कि भारत के साथ तनाव बढ़ाया जाए। अन्य बातों के अलावा इससे पाकिस्तान सरकार और सैन्य नेतृत्व को अपनी स्थिति मजबूत बनाने का मौका मिलता और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी वह ध्यान आकर्षित करने में कामयाब रहता। यह देखना होगा कि पाकिस्तानी नेतृत्व किस हद तक, खासकर सैन्य मामले में इन लक्ष्यों को पाने में कामयाब रहा। पहलगाम हमलों पर भारत की प्रतिक्रिया ने जरूर उसे चौंकाया होगा और उम्मीद की जानी चाहिए कि यह एक डर या प्रतिरोधक का काम करेगी। इसके बावजूद, यह माना सही नहीं होगा कि पाकिस्तान आतंकवाद को मदद पहुंचाना बंद कर देगा। इस बात की भी संभावना नहीं है कि पाकिस्तानी सेना प्रमुख अपना रुख बदलेंगे और 16 अप्रैल के अपने भाषण से अलग रुख अपनाएंगे। ऐसे में भारत को सतर्क रहना होगा। आतंकवाद के विरुद्ध हमारी जंग जारी रहेगी। भारत को अपनी आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करने पर काम करना जारी रखना होगा, खुफिया नेटवर्क मजबूत करना होगा और सैन्य क्षमताओं में इजाफा करना होगा। हमें आतंकी हमलों को नाकाम करने के लिए हर वक्त तैयार रहना होगा और त्वरित प्रतिक्रिया देनी होगी। गत सप्ताह जो सीमित सैन्य संघर्ष हुआ उसमें ढेरों सूचनाएं और आंकड़े हासिल हुए होंगे जिनका इस्तेमाल अपने सशस्त्र बलों की तैयारी को मजबूत करने के लिए किया जा सकता है। भारत को पाकिस्तान को अलग-थलग करने के कूटनीतिक प्रयास भी जारी रखने होंगे और यह भी कोशिश करनी होगी कि उसे आतंकवाद का समर्थन करने की ऊंची कीमत चुकानी पड़े।

# बैसाखी बुद्ध पूर्णिमा : श्री हरि के नवमावतार भगवान बुद्ध

■ डॉ. रविन्द्र द्विवेदी, शिक्षक एवं साहित्यकार



बैसाखी पूर्णिमा, जिसे बुद्ध पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है, भगवान बुद्ध के जन्म, ज्ञान प्राप्ति और महापरिनिर्वाण का पवित्र दिन है। यह वैशाख महीने की पूर्णिमा को मनाया जाता है और यह बौद्ध धर्म, हिंदू धर्म के अनुयायियों के लिए सबसे महत्वपूर्ण त्यौहार है। इस दिन को श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाने के कई तरीके हैं, जो धार्मिक, आध्यात्मिक और सामाजिक पहलुओं को समाहित करते हैं।

भगवान बुद्ध को हिंदू धर्म में भगवान विष्णु के दस अवतारों (दशावतार) में से एक माना जाता है। दशावतार की सूची में बुद्ध का स्थान नौवां है। यह अवधारणा कि भगवान विष्णु ने बुद्ध के रूप में नवमावतार लिया, हिंदू धार्मिक ग्रंथों में वर्णित है और विशेष रूप से पुराणों में उल्लेखित है।

भगवान बुद्ध का जन्म वैशाख माह के पुष्य नक्षत्र में 563 ई0पू0में कपिलवस्तु के लुंबिनी ग्राम में हुआ था। इनके पिता शुद्धोधन कपिलवस्तु के शाक्य गणराज्य के प्रधान थे। इनकी माता महामाया कोलिम गणराज्य की राजकुमारी थी। इनके जन्म के सातवें दिन ही उनकी माता का स्वर्गवास हो गया था। अतः इनका पालन पोषण मौसी प्रजपति गौतमी ने किया। उनके बचपन का नाम सिद्धार्थ था 16 वर्ष की अवस्था में इनका विवाह शाक्य कुल की कन्या यशोधरा से हुआ ।इनके एक पुत्र हुए जिसका नाम राहुल रखा गया।

बुद्ध के जीवन की सबसे महत्वपूर्ण घटना तब घटी जब वे अपने सारथी चन्ना के साथ भ्रमण में निकले थे। भ्रमण के दौरान बुद्ध जी ने सबसे पहले एक बूढ़ा व्यक्ति को देखा उसके बाद क्रमशः एक बीमार व्यक्ति, एक अर्थी और एक सन्यासी (प्रसन्न मुद्रा में) देखें इन्हीं सभी दृश्यों को देखने के बाद उन्हें रात भर नींद नहीं आई। इसी यात्रा से भगवान बुद्ध का हृदय परिवर्तन हुआ और अंतिम दृश्य संन्यास के मार्ग पर चलने का निश्चय किया। इस दृश्य को देखने के बाद भगवान बुद्ध ने राजमहल और अपनी वैवाहिक सुख सुविधाओं को छोड़कर 29 वर्ष की अवस्था में गृह त्याग दिया। इसके बाद वे बोधगया चलें गए ।जहां 6 वर्ष की अथक प्रयत्न और घोर तपस्या के बाद 35 वर्ष की अवस्था में वैशाख पूर्णिमा की रात निरंजना नदी के तट पर पीपलवट, बोधि वृक्ष के नीचे उन्हें ज्ञान की प्राप्ति हुई और उसी दिन से वें गौतम बुद्ध के रूप में प्रसिद्ध हुए। भगवान बुद्ध को भगवान विष्णु का अवतार माना जाता है जिनका उद्देश्य समाज में फैले अधर्म और



अज्ञान को समाप्त करना था। उन्होंने अहिंसा, करुणा और सत्य के मार्ग पर चलने का संदेश दिया।बुद्ध अवतार के रूप में भगवान विष्णु ने आत्मज्ञान और ध्यान के माध्यम से आत्मबोध का संदेश दिया। उनकी शिक्षाएं न केवल बौद्ध धर्म के अनुयायियों के लिए बल्कि हिंदू धर्म में भी महत्वपूर्ण मानी जाती है। भगवान बुद्ध ने जाति-प्रथा, बलिप्रथा और अन्य सामाजिक बुराइयों का विरोध किया और समानता, शांति और मानवता का संदेश फैलाया। उन्होंने मानव जीवन के सार्थक उद्देश्यों और मूल्यों की ओर ध्यान आकर्षित किया। भगवान बुद्ध को भगवान विष्णु का अवतार मानना हिंदू और बौद्ध धर्मों के बीच एक सांस्कृतिक और धार्मिक संगम को दर्शाता है। यह अवधारणा हमें यह समझने में मदद करती है कि भगवान विष्णु का प्रत्येक अवतार मानवता को किसी न किसी रूप में लाभान्वित करने और समाज में सुधार लाने के उद्देश्य से हुआ है। भगवान बुद्ध के अवतार के रूप में विष्णु ने धर्म, शांति और ज्ञान का संदेश फैलाया, जो आज भी प्रासंगिक है।

वैशाख पूर्णिमा के पावन दिवस पर किसी पवित्र नदी में स्नान करने का विशेष महत्व माना जाता है पूर्णिमा पर चंद्रमा की पूजा करते हुए उन्हें अर्घ्य देने से आपको बेहतर स्वास्थ्य और सुख समृद्धि की प्राप्ति होती है। इस दिन घर में सत्यनारायण भगवान की पूजा कथा श्रवण करने से पुण्य फल प्राप्त होता है। आपकी धन और संपदा में वृद्धि होती है। गंगा का स्नान करने से सभी दुखों का अंत होता है और कई जन्मों के पाप से मुक्ति मिलती है।इस दिन विभिन्न बौद्ध मठों और मंदिरों में धर्म पाठ का आयोजन होता है। भगवान बुद्ध के उपदेशों का वाचन करते हैं। श्रद्धालु भगवान बुद्ध के जीवन और उनकी शिक्षाओं को सुनते हैं और उनसे प्रेरणा प्राप्त करते है।

बैसाखी पूर्णिमा के दिन ध्यान और साधना के विशेष सत्र आयोजित किए जाते हैं। भक्त ध्यान करके आत्मचिंतन और आत्मज्ञान की ओर अग्रसर होते हैं।यह समय आत्मनिरीक्षण और आंतरिक शांति प्राप्त करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। इस दिन बौद्ध अनुयायी भिक्षुओं को भिक्षा दान करते हैं, जिसमें भोजन, वस्त्र और अन्य आवश्यक वस्तुएं शामिल होती हैं। यह दान पारंपरिक और धार्मिक महत्व रखता है। गरीबों और जरूरतमंदों की सहायता करना, अस्पतालों में मरीजों की सेवा करना, अनाथालयों और वृद्धाश्रमों में दान देना जैसी गतिविधियों में भाग लेना।

पीपल के पेड़ के पूजन का विशेष महत्व-बुद्ध पूर्णिमा पर पीपल के पेड़ का पूजा करने का खास महत्व बताया गया है महात्मा बुद्ध को बोधिवृक्ष के नीचे ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। बोधि वृक्ष पीपल का पेड़ है इसलिए पीपल वृक्ष की पूजा करना बहुत ही सुखद एवं फलदायी है। जल में शक्कर या गुण मिलाकर पीपल की जड़ में अर्पित करने और दीप प्रज्वलित करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। इस प्रकार बैसाखी पूर्णिमा एक पवित्र और महत्वपूर्ण पर्व है, जो भगवान बुद्ध के जीवन और उनकी शिक्षाओं का स्मरण करने का अवसर प्रदान करता है। इसे मनाने के विभिन्न तरीकों में पूजा, प्रार्थना, ध्यान, भिक्षा दान, सेवा कार्य और सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल हैं। यह दिन हमें आत्मनिरीक्षण, अहिंसा, करुणा और ज्ञान के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। बैसाखी पूर्णिमा का उत्सव न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है बल्कि यह सामाजिक और सांस्कृतिक एकता को भी बढ़ावा देता है। आप सभी को अत्यंत पावन बैशाखी बुद्ध पूर्णिमा की अनवरत बधाई एवं असंख्य शुभकामनाएं।

**इस पेज में प्रकाशित लेख लेखक के उनके निजी विचार हैं।**

## प्रेरक प्रसंग

## विचारों की शक्ति

आज हम पढ़ेंगे प्रेरक लघु कहानी के बारे जो दो छोटे भाइयों के बारे है। एक का नाम था हंसराज और दूसरे का नाम था अंशराज।

एक दिन हंसराज निराश था । वह मन ही मन में कुछ गुस्से से बड़बड़ा रहा था ! और दूसरी तरफ अंशराज भी बैठा हुआ था, वह बहुत खुश नजर आ रहा था। जब उनके मित्रों ने दोनों को देखकर कहा कि, हंसराज इतना दुखी क्यों है ?और अंशराज आप इतने खुश क्यों हो ?

हंसराज ने कहा कि देखो ना पापा ने मुझे सिर्फ 5 रुपिये ही दिए हैं, मुझे ऐसा लगा था कि पापा कम से कम मुझे 10 रुपिये देंगे 7 यही सवाल अंशराज को पूछा क्या आप इतने खुश क्यों हो तो अंशराज ने कहा कि मुझे लगा पापा सिर्फ मुझे 2 रुपिये देंगे । उन्होंने मुझे 5 रुपिये दिया इसलिए मैं बहुत खुश हूं ! निष्कर्ष : इस कहानी से हमें यह सीख मिलती है कि सुख और दुख इंसानों के विचारों पर निर्भर है । आज इंसान हालातों से दुखी नहीं है उनके विचारों से दुखी है ! अगर आप भी हंसराज की तरह खुश रहना चाहते हो तो पॉजिटिव विचार को जीवन में अपनाओ जिससे आप अपने जीवन में खुश रह सको ।

## धर्म-कर्म

## गंगा दशहरा 5 जून को जाने, पूजा-विधि, शुभ मुहूर्त

प्रत्येक वर्ष ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को गंगा दशहरा मनाया जाता है। हिंदू धर्म में गंगा दशहरा के दिन गंगा नदी में स्नान और दान-पुण्य के कार्यों का बड़ा महत्व है। यह दिन पापों से मुक्ति और मोक्ष के साथ पितरों को प्रसन्न करने के लिए बेहद खास माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन ही मां गंगा का स्वर्गलोक से पृथ्वीलोक पर आगमन हुआ था। मां गंगा ज्येष्ठ शुक्ल दशमी के दिन हस्त नक्षत्र में स्वर्ग से धरती पर अवतरित हुई थीं। मां गंगा को संपूर्ण विश्व में सबसे पवित्र नदी माना जाता है।

गंगा दशहरा डेट- 5 जून, 2025

मुहूर्त-दशमी तिथि प्रारम्भ - जून 04, 2025 को 11ः54 पी एम बजे दशमी तिथि समाप्त - जून 06, 2025 को 02ः15 ए एम बजे हस्त नक्षत्र प्रारम्भ - जून 05, 2025 को 03.35 ए एम बजे हस्त नक्षत्र समाप्त - जून 06, 2025 को 06.34 ए एम बजे व्यतीपात योग प्रारम्भ - जून 05, 2025 को 09.14 ए एम बजे व्यतीपात योग समाप्त - जून 06, 2025 को 10.13 ए एम बजे गंगा दशहरा पर करें ये काम ः गंगा स्नान करें। जो लोग गंगा स्नान के लिए नहीं जा सकते हैं वोघर में रहकर ही नहाने के पानी में गंगा जल डालकर मां गंगा का ध्यान कर स्नान करें। घर के मंदिर में दीप प्रज्वलित करें। इस दिन मां गंगा का अधिक से अधिक ध्यान करें। इस दिन दान करने से शुभ फल की प्राप्ति होती है। घर में रहकर ही मां गंगा की आरती करें।

गंगा दशहरा पूजा-विधि- गंगा दशहरा के दिन सूर्योदय से पहले उठें। संभव हो तो गंगा नदी में स्नान करें या पानी में गंगाजल मिलाकर स्नान करें।

## आंचलिक

# सरिता ने ईंट निर्माण से गढ़ी आत्मनिर्भरता की मिसाल सरिता ने

**समवेत शिखर संवाददाता**



**जशपुर।** जशपुर जिले के ग्राम पंचायत चेड़िया निवासी श्रीमती सरिता बाई नगेशिया ने दृढ़ इच्छाशक्ति, परिश्रम और शासन की योजनाओं के सहयोग से आत्मनिर्भरता की मिसाल बन गई है। कभी दैनिक मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करने वाली सरिता बाई आज सफल महिला उद्यमी के रूप में प्रतिष्ठित हैं।

मनोरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत चेड़िया की रहने वाली सरिता बाई का जीवन प्रारंभ में अनेक सामाजिक एवं आर्थिक चुनौतियों से भरा था। सीमित संसाधनों और अस्थायी आय के भरोसे कठिन परिस्थितियों में जीवन यापन करने वाली सरिता बाई के लिए अपने बच्चों की शिक्षा का प्रबंध भी कठिन था। उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन तब आया जब उन्होंने ''सीताराम महिला स्व-सहायता समूह'' से जुड़ने का निर्णय लिया। समूह की सदस्यता ने उन्हें न केवल वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई, बल्कि आत्मविश्वास से परिपूर्ण कर स्वावलंबन की ओर अग्रसर किया। सरिता बाई ने समुदाय निवेश निधि (सीआईएफ) से ऋण लेकर मिट्टी की ईंट निर्माण गतिविधि प्रारंभ की। प्रारंभिक कठिनाइयों के बावजूद उन्होंने साहस नहीं खोया और अपने कार्य को निरंतरता प्रदान की।

व्यवसाय की वृद्धि के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत एक लाख रुपये का ऋण प्राप्त किया, जिससे उनके ईंट निर्माण कार्य को गति मिली। विगत तीन वर्षों से वे सतत रूप से इस कार्य में संलग्न हैं और वर्तमान में प्रतिवर्ष दो लाख रुपये से अधिक की आय अर्जित कर रही हैं। आज उन्होंने अपने परिश्रम से प्राप्त आय से न केवल स्वयं के लिए स्कूटी खरीदी है, बल्कि अपने पति के लिए बाइक भी खरीद कर दी है। वर्तमान में वे कृषि कार्य में भी संलग्न हैं, जिससे अतिरिक्त आय प्राप्त हो रही है। सरिता बाई का कहना है कि पहले मैं दिन-भर मजदूरी करती थी, लेकिन अब मैं अपनी मेहनत से खुद का व्यवसाय चला रही हूँ। महिला समूह से जुड़ने के बाद मेरी ज़िंदगी पूरी तरह बदल गई है। आज मैं आत्मनिर्भर हूँ और अपने फैसले स्वयं ले सकती हूँ। यह बदलाव मेरे लिए किसी सपने के पूरे होने जैसा है। श्रीमती सरिता बाई नगेशिया की यह सफलता न केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि यह ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं के लिए प्रेरणा स्वरूप है कि यदि इच्छाशक्ति हो और सरकारी योजनाओं का समुचित लाभ लिया जाए, तो आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया जा सकता है।

# रायगढ़ बना प्रदेश का पहला डिजिटल पंचायत जिला

**समवेत शिखर संवाददाता**

**रायगढ़।** अब ग्राम पंचायतों में यूपीआई से हो रही टैक्स वसूलीअब ग्राम पंचायतों में यूपीआई से हो रही टैक्स वसूलीअब ग्राम पंचायतों में यूपीआई से हो रही टैक्स वसूली

छत्तीसगढ़ का रायगढ़ जिला एक नई मिसाल बनकर सामने आया है। यह प्रदेश का पहला ऐसा जिला बन गया है, जहां ग्राम पंचायतों में टैक्स और शुल्क का भुगतान अब डिजिटल माध्यम यानी यूपीआई के ज़रिए किया जा रहा है। प्रॉपर्टी टैक्स, बाजार शुल्क, जलकर और स्वच्छता कर जैसे भुगतान अब ग्रामीण अपने मोबाइल फोन से आसानी से कर रहे हैं। रायगढ़ जिले ने डिजिटल भुगतान प्रणाली को गांवों तक पहुंचाकर ग्रामीण शासन व्यवस्था को नई दिशा दी है। जिले की सभी 549 ग्राम पंचायतों में यूपीआई आधारित टैक्स वसूली की व्यवस्था लागू कर दी गई है। पंचायत भवनों और सार्वजनिक स्थानों पर यूपीआई क्यूआर कोड लगाए गए हैं, जिससे ग्रामीणजन घर बैठे ही अपने टैक्स भर पा रहे हैं। इस प्रणाली ने न केवल पारदर्शिता को बढ़ावा दिया, बल्कि इससे पंचायतों की आमदनी में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। तत्कालीन कलेक्टर श्री गोयल ने 12 मार्च 2025 को प्रधानमंत्री अवॉर्ड की स्क्रीनिंग कमेटी के सामने इस नवाचार मॉडल की विस्तृत प्रस्तुति दी। उन्होंने बताया कि यूपीआई प्रणाली से टैक्स कलेक्शन में बीते वित्तीय वर्ष की तुलना में 117 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। कई पंचायतों में टैक्स वसूली दोगुनी से भी ज्यादा हो गई है।पहले जहां ग्रामीणों को मैनुअल भुगतान में कठिनाई होती थी, वहीं अब वे मोबाइल से सरलता से भुगतान कर पा रहे हैं।

## आज का इतिहास

- 2017 में आज ही के दिन दुनियाभर में वॉनाक्राय रैनसमवेयर से 100 से अधिक देश प्रभावित हुए थे।
- 2016 में आज ही के दिन भारत के प्रसिद्ध संत और संत निरंकारी मिशन के आध्यात्मिक गुरु बाबा हरदेव सिंह का निधन हो गया था।
- 2010 में आज ही के दिन भारतीय सामाजिक कार्यकर्ता इला भट्ट को निवानो शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।
- 2008 में 13 मई के दिन पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के सभी 9 मंत्रियों ने जजों की बहाली के मुद्दे पर इस्तीफा दिया था।
- 2006 में आज ही के दिन प्रसिद्ध भारतीय चिकित्सक हेमलता गुप्ता का निधन हुआ था।
- 2003 में आज ही के दिन रियाद में आत्मघाती हमलों में 29 व्यक्ति मारे गए।
- 2000 में आज ही के दिन मिस इंडिया लारा दत्ता ने साइप्रस में सम्पन्न प्रतियोगिता में मिस यूनीवर्स का खिताब जीता था।

## प्रथम पेज का शेष

### टेरर और टॉक एक साथ नहीं ...

आतंकवादियों ने सपने में भी नहीं सोचा था कि भारत इतना बड़ा फैसला ले सकता है। जब पाकिस्तान में आतंक के अड्डों पर भारत की मिसाइलों ने हमला बोला, भारत के ड्रोंस ने हमला बोला तो आतंकी संगठनों की इमारतें ही नहीं, हौसला भी थर्रा गया।

पाकिस्तान ने पिटने के बाद दुनियाभर में गुहार लगाई : पीएम मोदी ने कहा कि भारत की आक्रामक कार्रवाई के बाद पाकिस्तान बचने के रास्ते खोजने लगा, पाकिस्तान दुनियाभर में तनाव कम करने के लिए गुहार लगा रहा था और बुरी तरह पिटने के बाद किसी मजबूरी में 10 मई की दोपहर को पाकिस्तानी सेना ने हमारे डीजीएमओ को संपर्क किया। तब तक हम आतंकवाद के इन्फ्रास्ट्रक्चर को बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचा चुके थे, आतंकियों को मौत के घाट उतार दिया था, आतंक के अड्डों को हमने खंडहर बना दिया था। जब पाकिस्तान की तरफ से गुहार लगाई गई, जब ये कहा गया कि उसकी ओर से आगे कोई आतंकी गतिविधि और सैन्य दुस्साहस नहीं दिखाया जाएगा, जब भारत ने उस पर विचार किया। मैं फिर दोहरा रहा हूं हमने पाकिस्तान के आतंकी और सैन्य ठिकानों को जवाबी कार्रवाई को सिर्फ स्थगित किया है, आने वाले दिनों में हम पाकिस्तान के हर कदम को इस कसौटी पर मापेंगे कि वो आगे क्या रवैया अपनाता है। भारत की एयरफोर्स, आर्मी और नौसेना, बीएसएफ, अर्धसैनिक बल अलर्ट पर हैं। सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक के बाद ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ भारत की नीति है।

### आप कैसे कह सकते ..

हमारे जवानों ने अनेक युद्धों में भारत की अखंडता को बचाया। 1971 के बाद इंदिरा गांधी ने दुनिया को दिखा दिया था कि भारत किसी के सामने भारत किसी के सामने झुकने वाला नहीं है। आज भी हमारी सेना उसी जज़्बे के साथ सीमा पर डटी हुई है। कांग्रेस पार्टी उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। जब भी देश पर संकट आया, कांग्रेस पार्टी ने राजनीति को पीछे रखा और देशहित को प्रथम स्थान दिया। 1965 में लाल बहादुर शास्त्री जी ने 'जय जवान-जय किसान' का नारा देकर देश को एक सूत्र में बांधा। 1971 में इंदिरा गांधी जी ने अमेरिका के दबाव को ठुकराकर पाकिस्तान को धूल चटा दी। आज भी हमारा वही संकल्प है। आतंकवाद के खिलाफ संघर्ष में राजनीति नहीं राष्ट्रवाद चाहिए। हमने उनसे सीखा है कि दुश्मन से बातचीत की मेज पर बैठें तो कमजोरी नहीं ताकत दिखाएं। 1971 में हमने पाकिस्तान के 93,000 सैनिकों को घुटने पर ला दिया था, लेकिन आज सरकार से पूछा जाए कि क्या अमेरिका के दबाव में हमने अपनी नीति बदल दी है?

बीजेपी पर बोला हमला

उन्होंने कहा कि इस संकट की घड़ी में कांग्रेस ने अपने राजनीतिक कार्यक्रम रद्द किए। 'संविधान बचाओ रैली' जैसे महत्त्वपूर्ण कार्यक्रम को स्थगित किया ताकि देश में एकजुटता का संदेश जाए। हमने 'जय हिंद यात्रा' निकाली ताकि सेना का मनोबल बढ़े और जनता आतंकवाद के खिलाफ एकजुट हो। हमने सरकार से कहा कि कितना भी बड़ा संकट आए, कांग्रेस आपके साथ है। लेकिन जब पूरा देश सेना के साथ खड़ा था तो बीजेपी के नेता ट्विटर पर बीजेपी और यूपीए की तुलना कर इसे राजनीति का रंग दे रहे थे। बीजेपी के नेता सेना की बहादुरी को अपनी उपलब्धि बता रहे थे। सवाल है- क्या सेना के बलिदान को चुनावी बयानबाजी में इस्तेमाल करना उचित है? एक बीजेपी नेता ने ट्वीट किया कि कांग्रेस के समय आतंकियों को माफी दी जाती थी और नरेंद्र मोदी ने सबक सिखाया- यह झूठ है। हमारा स्पष्ट संदेश रहा है कि भारत की एकता से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एक तरफ- कांग्रेस पार्टी ने पूरे देश में %जय हिंद यात्रा% निकाली, जो सशस्त्र बलों के पराक्रम को सलाम करने और आतंकी हमले के पीड़ितों के प्रति श्रद्धांजलि देने की मुहिम थी। दूसरी तरफ- बीजेपी राष्ट्र संकट वाली स्थिति में भी राजनीति करती रही, लेकिन कांग्रेस पार्टी सरकार के साथ खड़ी रही, क्योंकि हम देशहित की बात करते हैं।

सरकार से मांगः भूपेश बघेल ने कहा कि देश को क्या जानने का हक है कि अमेरिका के राष्ट्रपति ने अचानक सीजफायर की घोषणा की, क्या यह भारत सरकार की कूटनीतिक नाकामी नहीं है? क्या भारत ने तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप को स्वीकार कर लिया है? हमने सीजफायर में पाकिस्तान से क्या वादे लिए हैं, देश के लोगों को यह भी जानने का हक है। क्या हमने ट्रंप के बयान से मध्यस्थता स्वीकार कर ली? क्या शिमला समझौता अब रद्द हो गया? इसका जवाब देना चाहिए।

### भारत ने 'आपरेशन सिन्दूर' ...

उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक अभियान में भारतीय सेना, वायुसेना और नौसेना ने अदम्य साहस और पराक्रम का परिचय दिया है। यह केवल एक सैन्य ऑपरेशन नहीं था, बल्कि यह भारत की संप्रभुता, सुरक्षा और आत्मसम्मान की रक्षा का प्रतीक था। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए भारत की सेना, वायुसेना, नौसेना और उन सभी जांबाज जवानों का हृदय से आभार प्रकट किया, जिनकी बहादुरी के कारण यह संभव हो पाया। भारतीय सशस्त्र बलों के तीनों अभियान महानिदेशकों ने रविवार को प्रेस कांफ्रेंस में देश को बताया कि भारत आतंकवाद के खिलाफ अब पूरी शक्ति और प्रतिबद्धता के साथ खड़ा है। ऑपरेशन सिंदूर ने यह सिद्ध कर दिया है कि भारत अब पहले जैसा नहीं रहा। भारत किसी भी चुनौती का सामना करने में संकोच नहीं करता, बल्कि उसका उत्तर निर्णायक और ऐतिहासिक रूप में देता है। आज का भारत आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक भूमिका निभा रहा है और पूरी दुनिया भारत के इस नए आत्मविश्वास को देख रही है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि 22 अप्रैल की तारीख को देश कभी नहीं भूल सकता। यह दिन एक दुर्भाग्यपूर्ण दिन था, जब पहलगाम में 26 निर्दोष नागरिकों की नृशंस हत्या की गई। यह कायराना हमला उन आतंकवादियों द्वारा किया गया।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक देवीचंद श्रीश्रीमाल द्वारा समवेत शिखर प्रेस, रजबंधा मैदान, रायपुर से मुद्रित कर प्रकाशित। संपादक : देवीचंद श्रीश्रीमाल, प्रबंध संपादक : विवेक श्रीश्रीमाल, समाचार संपादक: शंकर चंद्राकर*
(* पीआरबी एक्ट के तहत संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार) आर.एन.आई. रजि. क्र.- 52151/91, पो. रजि. नं.-सीजी/आरवाईपी डी.एन./ 28/2020-22 फोन : 0771-4334967, Email : news@samvetshikhar.com, www.samvetshikhar.com

## न्यूज ब्रीफ

### सीवर लाइन पर अतिक्रमण करने वाले 86 लोगों को नोटिस दिया दिया



**भिलाईनगर।** नगर निगम भिलाई क्षेत्र के खुर्सीपार में जहां पर स्थानीय निवासियों के मांग के अनुसार सीवर लाइन निर्माण का कार्य चल रहा है। कुछ लोगों द्वारा बीएसपी के समय का बने सीवर लाइन के ऊपर अतिक्रमण करके मकान बना लिया गया है। पूर्व में कुछ लोगों को नोटिस देकर के मकान खाली कराया गया था। आगे का काम जारी रखने के लिए अभी भी कुछ लोग ऐसे हैं जो बार-बार नोटिस देने के बाद भी अपना अतिक्रमण खाली नहीं कर रहे हैं। ऐसे 86 लोगों को आखिरी नोटिस दिया गया है। समय अवधि के अंदर अपना निर्माण स्वयं खाली कर ले, अन्यथा नगर निगम भिलाई की टीम द्वारा उसे जेसीबी से खाली कराया जाएगा। जिसमें अधिक नुकसान होने की संभावना रहती है। इसलिए सभी लोगों से अपील है कि समय अवधि के अंदर अतिक्रमण क्षेत्र को खाली कर दें। जिनके मकान पूरी तरह से प्रभावित हो रहे हैं वह प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत फॉर्म भरकर के नियमानुसार मकान प्राप्त कर सकते हैं। अभी वर्तमान में बरसात आने से पहले सीवरेज नाली का निर्माण किया जाना आवश्यक है। नहीं तो बारिश में जो नाली खोदी गई गई है उसमें पानी भरने संभावना बन जाएगी। निर्माण कार्य प्रभावित हो जाएगा। इसीलिए सभी लोगों से अपील है कि शीघ्रता से सहयोग करते हुए अतिक्रमण वाला क्षेत्र खाली कर देवे ।

## निधन

### मोतीलाल श्रीवास्तव



**कुम्हारी।** नगर के वरिष्ठ नागरिक, कवि, लेखक एवं समाजसेवी मोतीलाल श्रीवास्तव (87 वर्ष) का आकस्मिक निधन सोमवार को प्रातः हो गया जिनकी अंतिम यात्रा उनके निज निवास से मुक्तिधाम के लिए दोपहर 1 बजे रवाना हुई। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल हुए।

### रविंद्र कुमार दुबे



**बालोद ।** नगर बालोद एवं ब्राह्मण समाज के प्रतिष्ठित दुबे परिवार के मुखिया, जिला एवं सत्र न्यायालय, बालोद के वरिष्ठ अधिवक्ता रविंद्र कुमार दुबे (अधिवक्ता) पिता स्व. चंद्रशेखर दुबे (अधिवक्ता) निवासी गंजपारा बालोद का आज दिनांक 12.05.2025 को शाम लगभग 06.30 बजे अस्वस्थता के चलते निधन हो गया है। श्री दुबे जी, संतोष दुबे के पूज्य पिता जी है। अंतिम यात्रा निवास स्थान गंजपारा बालोद से आज दिनांक 13.05.2025 को सुबह 10.00 बजे तांदुला मुक्तिधाम दुर्ग रोड बालोद को जाएगी।

# विधानसभा अध्यक्ष ने लगभग 1 करोड़ 21 लाख रुपए के 22 कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन

### 53 शौचालय निर्माण, 58 आयुष्मान कार्ड, 151 राशन कार्ड का वितरण

समवेत शिखर संवाददाता



**राजनांदगांव।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज जनपद पंचायत राजनांदगांव के ग्राम पंचायत टेड़ेसरा में आयोजित सुशासन तिहार अंतर्गत आयोजित समाधान शिविर में शामिल हुए।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने लगभग 1 करोड़ 21 लाख रूपए के 22 कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। उन्होंने 19 लाख हजार रूपए की लागत के नलकूप खनन हस्तपंप निर्माण कार्य, 11 लाख 30 हजार रूपए की लागत के हाई मास्क लाईट उच्चतर माध्यमिक शाला निर्माण कार्य, 38 लाख 95 हजार रूपए की लागत के हाट बाजार विकास कार्य, देवगुडी, मंच निर्माण व व्यवसायिक परिसर निर्माण कार्य, 26 लाख रूपए लागत के सायकल स्टैण्ड व स्मार्ट बोर्ड उच्चतमर माध्यमिक शाला निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि आज प्रदेश व्यापी सुशासन तिहार अंतर्गत आयोजित समाधान शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत 565 आवास स्वीकृत हुए है। जिसके लिए सभी उन्होंने ग्रामवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। ग्राम टेड़ेसरा के लिए 53 शौचालय निर्माण, 58 आयुष्मान कार्ड, 151 राशन कार्ड का वितरण किया गया है। उन्होंने कहा कि आज लगभग 1 करोड़ 22 लाख रूपए के विभिन्न विकास कार्यो का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया गया है। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार अंतर्गत सबसे ज्यादा मांग प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मिली है। जिसे 1 से 2 वर्षों में सभी आवासों को पूर्ण करने का कार्य करना है। उन्होंने ग्राम टेड़ेसरा के लिए नये पंचायत भवन की स्वीकृति दी तथा 16 लाख रूपए की लागत से गौरव पथ निर्माण, 3 लाख रूपए की लागत से सांस्कृतिक भवन का निर्माण, 3 लाख रूपए की लागत से सीसी रोड निर्माण की स्वीकृति दी। उन्होंने कहा कि इस समाधान शिविर के माध्यम से जनसामान्य की समस्याओं का समाधान हो रहा है। शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ जनसामान्य को मिले, इसके लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव ने कहा कि सुशासन तिहार अंतर्गत शासन प्रशासन आपके द्वार तक चलकर आए हैं और आप सभी अपनी समस्या बता सकते हैं। ग्राम के प्रत्येक नागरिक तक शासन की योजना पहुंचे इसके लिए कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सरकार के खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत जनसामान्य को 1 रूपए प्रतिकिलो चावल मिलने पर लोगों को राहत मिली और पलायन की समस्या दूर हुई। इसी तरह मुख्यमंत्री सरस्वती सायकल योजना, महतारी वंदन योजना, आयुष्मान कार्ड, जल जीवन मिशन जैसी विभिन्न योजनाएं जनसामान्य के लिए बहुत उपयोगी है। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि सुशासन तिहार अंतर्गत ग्राम टेड़ेसरा, कोपेडीह, अंजोरा, देवादा, मगरलोटा, इंदावानी, ककरेल, ठाकुरटोला, सांकरा, धीरी, सोमनी, ईरा के गांव कलस्टर में समाधान शिविर का आयोजन किया गया है।

# समता उद्यान का होगा सौंदर्यीकरण, बनेगा पाथवे



समवेत शिखर संवाददाता

**भिलाईनगर।** भिलाई नेहरू नगर पश्चिम के वार्ड क्रमांक 4 स्थित में स्थित समता उद्यान का सौंदर्य करण किया जाएगा।

स्थानीय निवासी रामकुमार गुप्ता के साथ अन्य लोगों द्वारा पूर्व में निर्मित समता उद्यान का सौंदर्यीकरण, पाथवे का निर्माण, बच्चों को खेलने के लिए झूला, योग करने के लिए मंच, एक्सरसाइज करने के लिए जिम आदि का मांग हेतु पत्र दिया गया था। उसी को देखने के लिए आज आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत उद्यान अधिकारी तुलेश्वर साहू को लेकर के समता उद्यान निरीक्षण करने पहुंचे।वहां के स्थानीय निवासियों के साथ समता उद्यान के चारों तरफ भ्रमण करते हुए सबके साथ मिलकर के योजना बनाई गई।किस प्रकार से उद्यान को और व्यवस्थित बना दिया जाए। जिससे लोगों के लिए टहलने, बैठने, घूमने एवं अन्य सामाजिक गतिविधियां करने के लिए सुगम हो जाए। उसके लिए प्रस्ताव बनाने के लिए जोन आयुक्त को निर्देशित किये। उद्यान अधिकारी को तत्काल रूप से उद्यान की साफ सफाई एवं जो झूले या खेल के उपकरण लगे हैं उसे साफ सुथरा व्यवस्थित करने के लिए निर्देशित किये। स्थानीय निवासियों ने आयुक्त से वादा किया कि एक बार नगर निगम भिलाई द्वारा बना करके दे दिया जाएगा द्यतो हम लोग इसके रखरखाव देखरेख की जिम्मेदारी स्वयं करेंगे।

# विगत 3 दिनों में अलग-अलग जगहों पर कायम किए 7 प्रकरण, कुल 48.78 देशी एवं विदेशी मदिरा जप्त

### प्रकरणों में कुल 7 आरोपियों के कब्जे से 6 वाहन जब्त कर आरोपियों भेजा जेल

समवेत शिखर संवाददाता



**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार उपायुक्त आबकारी जी.के भगत व प्रभारी सहायक आयुक्त आबकारी सी.आर. साहू के मार्गदर्शन में विगत 03 दिवसों में अलग-अलग स्थानों से कुल 07 प्रकरण कायम किये गये हैं। प्रकरणों के क्रम में 10 मई 2025 को गश्त के दौरान महमरा एनीकट मार्ग पर जिला दुर्ग में अवैध शराब के परिवहन की सूचना पर कार्यवाही करते हुए आरोपी अमन कुंभकार पिता बलराम कुंभकार, निवासी बोरई थाना पुलगांव जिला दुर्ग के कब्जे से एक सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी में 31 नग पाव देशी मदिरा मसाला, कुल मात्रा 5.58 बल्क लीटर शराब, जिसका बाजार मूल्य 3100 रूपये है एवं एक काले रंग की दोपहिया वाहन हीरो स्पेंडर क्रमांक सीजी 07 सीएम 4908 को जब्त कर आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर आबकारी उप निरीक्षक गीताजंली तारम द्वारा विवेचना में लिया जाकर आरोपी को जेल दाखिल किया गया है।

**11 मई 2025 को आबकारी विभाग दुर्ग द्वारा अलग-अलग 05 प्रकरण कायम किये गए हैं :** प्रथम प्रकरण में भोर गश्त के दौरान वृत-दुर्ग आंतरिक दक्षिण में अवैध शराब के परिवहन/विक्रय/धारण की सूचना पर त्वरित एवं विधिवत कार्यवाही करते हुए ग्राम जामगांव-अमलीडीह मार्ग पर 34 पाव देशी मसाला, मात्रा 6.12 बल्क लीटर, जिसका बाजार मूल्य 3400 रूपये है, परिवहन करते हुए आदतन अपराधी राजकुमार सोनकर निवासी जमराव को उसके दोपहिया वाहन टीवीएस एक्सएल 100 सीजी 07 बीजे 3804 के साथ पकड़े, उक्त प्रकरण में आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), के तहत प्रकरण दर्ज कर अरविन्द साहू आबकारी उप निरीक्षक द्वारा प्रकरण विवेचना में लिया जाकर आरोपी को जेल निरुद्ध किया गया है। आबकारी विभाग जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम घिंकुड़िया थाना नन्दिनी नगर जिला दुर्ग में अवैध शराब के धारण की सूचना पर त्वरित एवं विधिवत कार्यवाही कर आरोपी सूरज बंजारे पिता हेमचंद बंजारे उम्र 25 वर्ष, निवासी ग्राम कोकड़ी थाना नन्दिनी नगर जिला दुर्ग के कब्जे से एक नीले रंग की प्लास्टिक बोरी में 56 नग पाव देशी मदिरा मसाला, कुल मात्रा 10.08 बल्क लीटर, जिसका बाजार मूल्य 5600 रूपये है एवं एक मोटर सायकल हीरो पैशन प्रो सीजी 04 डीवी 3928 जप्त कर आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर आबकारी उप निरीक्षक भूपेन्द्र कुमार नेताम द्वारा विवेचना में लिया जाकर आरोपी को जेल दाखिल किया गया।

# वीर भारतीय सैनिकों के शौर्य एवं पराक्रम को सदैव अपराजेय बनाए रखने सुंदरकांड पाठ एवं सिद्ध विजय हवन किया गया

समवेत शिखर संवाददाता



**भिलाईनगर।** ब्राह्मण सामाजिक संगठन समग्र ब्राह्मण परिषद् छत्तीसगढ़ द्वाराभारतीय सेना के अदम्य साहस एवं शौर्य को सदैव अपराजेय बनाये रखने की प्रार्थना के लिये पुरानी बस्ती स्थित प्राचीन महामाया देवी मंदिर परिसर में रामचरित मानस के सुंदरकांड का पाठ एवं सिद्ध विजय हवन किया।संगठन के प्रदेश संयोजक सिकोसा बालोद निवासी पं.रामानुज तिवारी ने इस आयोजन के विषय में जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि हमारा राष्ट्र भारत मानवता की रक्षा और देशवासियों के हित में जिम्मेदारी पूर्ण युद्ध करके आतंकवाद का खात्मा करना चाह रहा है, इस उद्देश्य से भारत की सेना के शौर्य और पराक्रम को अपराजेय बनाये रखने के लिये समग्र ब्राह्मण परिषद् छत्तीसगढ़ द्वारा प्रदेश के सभी जिलों में संगठन सहयोगियों द्वारा हनुमान के आराधना के लिये रामचरित मानस के सुंदरकांड का पाठ एवं सिद्ध विजय हवन किया गया।संगठन के प्रदेश समन्वयक डौंडीलोहारा निवासी पं.प्रेमशंकर शुक्ला एवं प्रदेशाध्यक्ष डा.भावेश शुक्लापराशर ने बताया कि राष्ट्रहित के इस आराधना यज्ञ में श्रीरामभक्त अंजनी पुत्र हनुमान महाराज से भारत और भारतीय सेवा के जवानों के शौर्य एवं पराक्रम को सदैव बनाये रखते हुए उनके प्राणों की रक्षा एवं भारत विजय की प्रार्थना की गई. सुंदरकांड पाठ के बाद उपस्थित सहयोगियों ने अपराजिता स्त्रोत्र एवं महामृत्युंजय मंत्र द्वारा आहुति दी. पूजा हवन के बाद रामायण की एवं हनुमान की आरती की गई। कार्यक्रम के अंत में सभी सहयोगियों ने सम्मानपूर्वक सावधान मुद्रा में राष्ट्रगान गाया।इस अवसर पर श्रीमती अर्चना दीवान, पं.संजय शर्मा, पं.सजल तिवारी, श्रीमती राजेश्वरी शर्मा, श्रीमती खुशबू शर्मा, श्रीमती नमिता शर्मा, श्रीमती संध्या उपाध्याय, श्रीमती प्रीति तिवारी, श्रीमती कीर्तिका तिवारी, पं.उमाकांत तिवारी, पं.कमलेश तिवारी, पं.गौरव मिश्रा, पं.अभयंकर शुक्ला, पं.अनुराग शर्मा, पं.आदित्य शर्मा, पं.वैदिक तिवारी सहित रायपुर शहर निवासी अधिकांश संगठन सहयोगी स्वजन एवं सनातनी बंधु उपस्थित थे।

# मजबूत इच्छाशक्ति के साथ कार्य कर रहे रमन डोंगरे : विवेक मोनू भंडारी

समवेत शिखर संवाददाता

**राजनांदगांव।** डोंगरगढ़ नगर पालिका में जैसे ही भाजपा की सरकार बनी है, देखा जा रहा है कि लगातार नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे नगर पालिका की टीम के साथ अपने पार्षदों को विश्वास में लेकर नगर की समस्याओं को लेकर लगातार जमीन में उतर कर कार्य कर रहे है। लगातार पानी की समस्या से जूझ रहे वार्डो में किस तरह पानी की उपलब्धता कराई जा सके, उसका निराकरण निकाल कर पानी की समस्या को बहुत हद तक कम करने में सफल कार्यान्वित कार्य लगातार जारी है। डोंगरगढ़ शहर में यातायात सुचारू रूप से चल सके, साथ ही सड़क किनारे बैठ रहे पसरा व्यवसायी का व्यापार भी अच्छे से हो सके, सभी से बातचीत कर वर्षो पुराने गोल बाजार के ह्दय स्थल में पुराने थाने में एक साथ सभी सब्जी विक्रेता को एक साथ सुनिचित कर व्यवस्थापन किया, जिससे आवागम में भी बाधा न हो साथ ही आम नागरिकों को भी रोजमर्रा की सब्जी-भाजी के लिए जगह-जगह न भटककर एक साथ सभी खरीदारी सुनिश्चित की। इसी कड़ी में बुधवारीपारा रेल्वे स्टेशन रोड में सड़क किनारे लगने वाले पसरे को बुधवारीपारा स्थित सब्जी मंडी में सुनिश्चित कर शहर कर यातायात को बहुत अधिक सरल किया। शहर की सर्वाधिक मांग एक अच्छा गार्डन व खेलों को बढ़ावा मिल सके, जिस हेतु खिलाड़ियों को एक बेहतर सुविधा के मद्देनजर लगातार प्रयास किये जा रहे है, जिसे जल्द ही मूर्तरूप मिल सकेगा, इसकी साथ ही चौपाटी, लायब्रेरी जैसी जरूरत की सुविधाओं को किस तरह डोंगरगढ़ में उपलब्ध करा सके।

### ऑनलाइन ट्रेडिंग गेम का झांसा देकर किया था 7,50,000 रुपए की धोखाधड़ी, आरोपी गिरफ्तार

**भिलाईनगर।** प्रार्थिया खिलेश्वरी उर्फ पिंकी 140 बी, मैत्री विहार कोहका भिलाई, दुर्ग द्वारा आरोपी देवर योभिजीत साहू द्वारा नगदी एवं ऑनलाइन 7,50,000/- रू. की घोखाधड़ी की रिपोर्ट पर थाना पदमनाभपुर दुर्ग में अपराध क्रमांक 131/2025 धारा 318 (4) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। फरार आरोपी की पतासाजी गिरफ्तारी हेतु टीम गठित किया गया। तकनीकी सहायता से आरोपी योभिजीत साहू का पतासाजी कर सुरगी, राजनांदगांव से घेराबंदी कर हिरासत में लिया गया, पूछताछ पर आरोपी व्दारा प्रार्थिया से ऑन लाईन ट्रेडिंग गेम का झांसा देकर अपराध घटित करना स्वीकार किया गया। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक केशवराम कोसले, थाना प्रभारी पद्मनाभपुर, सउनि गंगा प्रसाद श्रीवास एवं आरक्षक पी. संतोष की भूमिका उल्लेखनीय रही ।

# विद्यादीप पब्लिक स्कूल का रहा उत्कृष्ट प्रदर्शन

समवेत शिखर संवाददाता

**कुम्हारी।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा 2025 में विद्या दीप पब्लिक स्कूल (अंग्रेजी माध्यम) कुम्हारी का परिणाम उत्कृष्ट रहा । हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम 95 प्रतिशत एवं हायर सेकेंडरी स्कूल का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। हाई स्कूल परीक्षा परिणाम में 95.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर छात्रा फाल्गुनी साहू ने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। 94.17 प्रतिशत के साथ शीतल वर्मा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।



दीक्षा साहू ने 92.20 प्रतिशत, हुलेश सिन्हा ने 90.83 प्रतिशत पुष्पेंद्र लहरे ने 89.17 प्रतिशत अंक सिद्धांत सोनकर ने 87.00 प्रतिशत , विधि सोनकर ने 84.17 प्रतिशत,आयुष सिंह ने 84 प्रतिशत अंक प्राप्त किए । कुल 15 छात्र छात्राओं में 13 छात्र-छात्रा 70 प्रतिशत से अधिक अंकों के साथ उत्तीर्ण हुए । इसी प्रकार हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम में विज्ञान संकाय (जीव विज्ञान) से तृप्ति शुक्ला ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया । मेघा देवांगन ने 83.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। 81.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रियंका साहू ने तीसरा स्थान प्राप्त किया । गणित संकाय में 87.6 प्रतिशत अंकों के साथ किरण सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कोमल साहू 79 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा एवं करण यादव 78.4 प्रतिशत के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया।

वाणिज्य संकाय में 89.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नैंसी शुक्ला ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । 86 प्रतिशत अंकों के साथ दिशा साहू ने दूसरा स्थान एवं 84 प्रतिशत के साथ शौर्य बंछोर अपनी संकाय में तीसरा स्थान प्राप्त किए । कक्षा 12 वीं में 30 छात्र छात्राएं सम्मिलित हुए थे एवं जिसमें 25 छात्र छात्राएं प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। विद्यालय कि बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए शाला शिक्षण समिति के संस्थापक श्री बी.आर. सोनकर, संचालक श्री रामेश्वर सोनकर प्राचार्य श्रीमती विभा सोनकर विद्यालय के परीक्षा एवं बोर्ड प्रभार सुश्री हीरा साहू, मनोज साहू,मोहन ताम्रकार भुनेश्वरी साकार, विशाल कुमार नाग,दीपक पटेला, संध्या साव, संगीता साहू,मनीषा पटेल ,नीमा सोलंकी, चुन्नी साहू, ,देबाश्री दास, मानसी निर्मलकर,असगरी अंजुम नर्मदा सर्वा, चित्ररेखा, जागेश्वरी साहू, उर्वशी सिरमौर ने सभी छात्र-छात्राओं को उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दिया।

### किसान जागरूकता कार्यक्रम का समापन

**राजनांदगांव।** अल्वा फाउंडेशन के तत्वावधान में धमतरी जिले में एक विशेष किसान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में कृषि वैज्ञानिक धनेन्द्र साहू एवं समीर बिसेन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में साहू समाज के जिलाध्यक्ष घनाराम साहू तथा अल्वा फाउंडेशन के चेयरमैन हेमशंकर जेठमल की विशेष उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को मिट्टी की गुणवत्ता सुधार, मृदा परीक्षण के लाभ तथा महिला स्व सहायता समूहों के माध्यम से स्वरोजगार के अवसर प्रदान करना था। धनेन्द्र साहू ने किसानों को बताया कि कैसे वे किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) से जुड़कर धान, चना, दाल, शहद एवं तेल जैसे उत्पादों की प्रसंस्करण इकाइय़ा स्थापित कर लाभ कमा सकते हैं।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)/सक्षम प्राधिकारी पत्थलगांव, जिला-जशपुर (छ.ग.)

// उद्घोषणा //

क्रमांक/767/वाचक-1/व्यपवर्तन/2025
पत्थलगांव, दिनांक 02/05/2025

एतद् द्वारा समस्त आम जनता ग्राम पालीडीह प.ह.नं. 09, तहसील पत्थलगांव, जिला जशपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री हरिशंकर पटेल आ. दीनदयाल पटेल, जाति अघरिया, निवासी ग्राम पालीडीह, तहसील पत्थलगांव, जिला-जशपुर (छ.ग.) के द्वारा सारिणी में उल्लेखित ग्राम पालीडीह प.ह.नं. 09 स्थित आवेदित भूमि का आवासीय प्रयोजनार्थ (मकान निर्माण) के लिए व्यपवर्तन कराये जाने हेतु मय आवेदित भूमि के नक्शा, खसरा, बी-1 की छायाप्रति सहित छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

आवेदित भूमि का सारिणी- ग्राम पालीडीह, प.ह.नं. 09, ख.नं. 155/4, रकबा 0.101 हे. में से 0.060 हे., आवासीय प्रयोजनार्थ (मकान निर्माण)।

उक्त मामले की सुनवाई दिनांक 21.05.2025 को स्थान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पत्थलगांव के न्यायालय में न्यायालयीन समय प्रातः 10.30 बजे से सायं 5.30 बजे तक होना नियत किया गया है। अतः इसमें जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत दिनांक/समय/स्थान को मेरे समक्ष न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त किसी भी दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

लोक सेवा गारण्टी

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
पत्थलगांव, जिला जशपुर (छ.ग.)

# सरयूपारीण ब्राम्हण समाज भिलाई-दुर्ग द्वारा समाज की वार्षिक आमसभा एवं ब्रह्म प्रकाश पत्रिका का विमोचन

समवेत शिखर संवाददाता




**भिलाईनगर।** सरयू पारीण ब्राम्हण समाज भिलाई दुर्ग द्वारा वार्षिक आमसभा एवं ब्रह्म प्रकाश पत्रिका का विमोचन हुआ।

सरयू पारीण ब्राम्हण समाज भिलाई दुर्ग द्वारा समाज का वार्षिक आमसभा एवं ब्रह्म प्रकाश पत्रिका का विमोचन स्वामी विवेकानंद हॉल , स्मृति नगर में किया गया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ अंचल के प्रकांड विद्वान् कथाकार डॉक्टर विजय दुबे ,एवं डॉक्टर सुरेश शुक्ला अध्यक्ष सरयू पारीण ब्राम्हण समाज रायपुर परिक्षेत्र उपस्थित थे। राष्ट्रीय सर्व ब्राम्हण समाज प्रदेश सचिव राकेश शुक्ला, एवं अध्यक्ष लक्ष्मी कांत तिवारी की गरिमामय उपस्थिति में भव्य रूप से कार्य क्रम संपन्न हुआ। कार्य क्रम की शुरुआत भगवान ब्रह्म देव की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन , आरती , पूजा एवं पुष्प अर्पण करके अतिथियों द्वारा किया गया। शंख ध्वनि के साथ पूजा , मंत्रों चार के साथ विधिवत पूजा अर्चना किया गया।

सर्व प्रथम समाज के सदस्यों द्वारा मुख्य अतिथि गणों का शाल श्री फल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। एवं मुख्य अतिथि की उपस्थिति में समाज की उपयोगी पत्रिका के 12 वे अंक का वर्ष2025 का विमोचन किया गया। सर्व प्रथम अध्यक्ष प्रभुनाथ मिश्र ने अध्यक्षीय भाषण प्रस्तुत किया गया।समाज महा सचिव राम लखन मिश्र द्वारा गत वर्ष की समाज की गतिविधियों एवं महिला प्रकोष्ठ, युवा प्रकोष्ठ की कार्यों की जानकारी दी एवं समाज की आर्थिक गतिविधि आय व्यय की जानकारी कोषाध्यक्ष कैलाश पाठक ने दी।अध्यक्षता करते हुए प्रभु नाथ मिश्र ने बताया कि समाज की गतिविधि लगातार बढ़ रही है।समाज हित में सभी कार्य किए जा रहे हैं। सभी से कहा कि शिक्षा दीक्षा के क्षेत्र में अपने बच्चों को संस्कार देने के साथ साथ शिक्षा पर विशेष ध्यान दिलवाए। क्योंकि आने वाले समय में हमारे बच्चे आगे बढ़े। आज ब्राह्मण समाज के साथ देश का गौरव बढ़ाने में हमारी बच्चियां आगे आ रही हैं। कुमारी शक्ति दुबे ने यू पी एस सी में टॉप प्रथम स्थान आ कर ब्राह्मण समाज का नाम रोशन किया है।और अधिकांश बच्चे इस बार मेहनत कर टॉप पोजीशन में आए हैं। उन्हें आशीर्वाद शुभ कामना देता हु कि खूब आगे बढ़े।

महासचिव रामलखन मिश्र ने कहा कि समाज की वार्षिक आमसभा मे आए सभी सदस्यों का अभिनन्दन करता हूं।समाज को और मजबूत कैसे बनाए इस दिशा में कार्य करने का काम करना है। और समाज की पत्रिका ब्रह्म प्रकाश समाज के लोगों के लिए उपयोगी साबित होगी जिसमें लेख के साथ शादी योग्य बच्चे बच्चियों की जानकारी दी गई है।

HINDUJA LEYLAND FINANCE

कार्पोरेट ऑफिस : 27/ए, डेवलप्ड इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गुइंडी, चेन्नई- 600032
रजिस्टर्ड ऑफिस : प्लाट नं. सी-21, टॉवर सी (1-3 फ्लोर्स), जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्पलेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई-400051
ब्रांच ऑफिस : पुजारी चैंबर कॉम्पलेक्स, टिकरापारा, पचपेड़ीनाका के पास, रायपुर (छ.ग.) 492001
Website : www.hindujaleylandfinance.com, CIN : U65993MH2008PLC384221

भौतिक कब्जे का नोटिस [(अचल संपत्ति के लिए) नियम 8-(1)]

जबकि, **हिंदुजा लीलैंड फाइनेंस** के अधिकृत अधिकारियों ने वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रवर्तन प्रतिभूति अधिनियम, 2002 के तहत तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रत्येक खाते के सामने उल्लेखित तारीख को मांग नोटिस जारी किए, जिसमें संबंधित उधारकर्ताओं से नोटिस की तारीख से 60 दिनों के भीतर प्रत्येक खाते के सामने उल्लेखित राशि चुकाने का आह्वान किया गया।
उधारकर्ता द्वारा राशि वापस करने में असफल रहने के कारण, उधारकर्ता और आम जनता को यह सूचना दी जाती है कि नीचे हस्ताक्षरकर्ता ने (प्रतिभूति हित प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के अंतर्गत उसे प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्तियों का **भौतिक कब्जा** ले लिया है।
उधारकर्ताओं/गारंटरों/बंधककर्ताओं का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।
विशेष रूप से उधारकर्ता और आम जनता को चेतावनी दी जाती है कि वे इन संपत्तियों से संबंधित कोई भी लेन-देन न करें और संपत्तियों से संबंधित किसी भी प्रकार का लेन-देन, राशि और उस पर ब्याज के लिए हिंदुजा लीलैंड फाइनेंस के प्रभार के अधीन होगा।

| सि. नं | खाता का नाम/ ऋण खाता सं. | गिरवी रखी गई संपत्ति का विवरण | डिमांड नोटिस की तिथि | बकाया राशि | कब्जा तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **ऋण खाता संख्या :- सीआरएनजीएनजी00790** मेसर्स क्रिश ट्रेडलिंक प्राइवेट लिमिटेड (उधारकर्ता), मेसर्स एक्सट्रीम एग्रो फार्म्स प्राइवेट लिमिटेड (सह-उधारकर्ता), श्रीमती काजल जायसवाल (सह-उधारकर्ता), श्री कुणाल जायसवाल (सह-उधारकर्ता), श्री विजय कुमार जायसवाल (सह-उधारकर्ता) | **संपत्ति 1 -** श्री कुणाल जायसवाल पिता विजय कुमार जायसवाल की जमीन के वह सभी हिस्सा एवं खंड, वार्ड नं. 19, शाप नं.-106 (231.08 वर्ग फीट), 101 (176.14 वर्ग फीट), 114 (232.90 वर्ग फीट) 102 (168.22 वर्ग फीट), 113 (233.81 वर्ग फीट), ग्राउंड फ्लोर, चौहान प्लाजा, शास्त्रीनगर, कान्ट्रेक्टर्स कॉलोनी, जी.ई. रोड भिलाई, छत्तीसगढ़। **और घिरे हुए हैं:** पूर्व- दस्तावेज के अनुसार, पश्चिम- दस्तावेज के अनुसार, उत्तर- दस्तावेज के अनुसार, दक्षिण- दस्तावेज के अनुसार। **संपत्ति 2 -** श्री कुणाल जायसवाल पिता विजय कुमार जायसवाल की जमीन के वह सभी हिस्सा एवं खंड, वार्ड नं. 19, शाप नं.-210 (159.24 वर्ग फीट) प्रथम तल, चौहान प्लाजा, शास्त्रीनगर, कान्ट्रेक्टर्स कॉलोनी, जी.ई. रोड भिलाई, छत्तीसगढ़। **और घिरे हुए हैं:** पूर्व- शॉप नं. 209, पश्चिम- शॉप नं. 211, उत्तर- जीई रोड, दक्षिण-सड़क। **संपत्ति 2 -** श्री कुणाल जायसवाल पिता विजय कुमार जायसवाल की जमीन के वह सभी हिस्सा एवं खंड, वार्ड नं. 19, शाप नं.-307, 308, 309 (477.74 वर्ग फीट) द्वितीय तल, चौहान प्लाजा, शास्त्रीनगर, कान्ट्रेक्टर्स कॉलोनी, जी.ई. रोड भिलाई, छत्तीसगढ़। **और घिरे हुए हैं:** पूर्व- घुमावदार सीढ़ियां, पश्चिम- शॉप नं. 310, उत्तर- जीई रोड, दक्षिण-सड़क। | 16/09/2022 | 2,86,08,530.29/ **रुपए** (दो करोड़ छियासी लाख आठ हजार पांच सौ तीस रुपए और उनतीस पैसे मात्र) | 07/05/2025 (भौतिक कब्जा) |

स्थान : रायपुर
दिनांक: 10/05/2025

मेसर्स/ हिंदुजा लीलैंड फाइनेंस लिमिटेड के लिए
प्राधिकृत अधिकारी

## न्यूज ब्रीफ



### सीसी रोड निर्माण कार्य का नपा उपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण

**महासमुन्द।** वार्ड नं. 28 स्थित कलेक्टर कालोनी के बाजू सी.सी. रोड निर्माण का निरीक्षण नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचन्द राठी ने किया। साथ में भाजपा शहर मण्डल अध्यक्ष महेन्द्र सिका, अल्पसंख्यक भाजपा शहर मोर्चा अध्यक्ष नईम खान, एवं गौरव राठी भी थे। इस दौरान ठेकेदार के मुंशी को कहा गया कि रोड निर्माण में क्वालिटी का ध्यान रखे तथा पानी की क्यूरिंग सही होनी चाहिए। श्री राठी ने बताया उक्त रोड निर्माण के लिए ठेकेदार को दो नोटिस दिया गया था। 15 दिन पहले वार्डवासियों ने सम्पर्क किया तब ठेकेदार को दूरभाष पर कहा गया कि 15 दिन के अन्दर काम चालू करे अन्यथा ठेका निरस्त कर दिया जावेगा। तब आनन फानन में ठेकेदार ने दो दिन पहले निर्माण कार्य चालू किया है। पहले 4 इंच का सी.सी. बेस करने के बाद 6 इंच का टॉप सी.सी. किया जावेगा। 5 मीटर चौड़ी रोड़ होगी, 15 वें वित्त आयोग मद से लगभग 10 लाख की लागत से बनाया जा रहा है। श्री राठी ने पुनः ठेकेदार को फोन पर हिदायत दिया गया कि रोड मजबूत बनायें मोटाई बेस के साथ टोटल 10 इंच से कम नही होना चाहिए।

### प्रधानमंत्री आवास -ग्रामीण सर्वेक्षण 15 तक

**महासमुंद।** पीएम आवास योजना-ग्रामीण के तहत अतिरिक्त पात्र ग्रामीण परिवारों की पहचान के लिए चल रहे आवास प्लस 2024 सर्वेक्षण की समय-सीमा को बढ़ा दिया गया है। अब यह सर्वेक्षण 15 मई तक पूरा किया जाएगा। इससे पहले यह समय-सीमा 30 अप्रैल तक निर्धारित की गई थी। इस विस्तार का उद्देश्य सर्वेक्षण प्रक्रिया को पूरी गंभीरता से पूरी करने व प्रत्येक पात्र ग्रामीण परिवार की पहचान सुनिश्चित करने का अवसर देना है। जिला प्रशासन ने ग्रामीणों से आग्रह किया गया है कि वे इस विस्तारित समय-सीमा का पूरा लाभ उठाएं व मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से सर्वेक्षण प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करें।

### पीएससी मेंस परीक्षा के लिए आवेदन 5 जून तक

**महासमुंद।** सीजीपीएससी की मुख्य परीक्षा 26 से 29 जून तक होगी। इसके लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। अभ्यर्थी 5 जून तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन में त्रुटि सुधार 6 से 7 जून तक होगा। सीजीपीएससी ने 9 फरवरी को यह परीक्षा आयोजित की थी। इसमें कुल 3737 अभ्यर्थियों को मेंस की परीक्षा के लिए पात्र घोषित किया गया है।

# उप मुख्यमंत्री साव कर्मा माता मंदिर प्राण प्रतिष्ठा एवं सम्मान समारोह में हुए शामिल



समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव महासमुंद के बसना विकासखंड के बोहारपार ग्राम में आयोजित कर्मा माता मंदिर प्राण प्रतिष्ठा एवं सम्मान समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी,बसना विधायक संपत अग्रवाल, विधायक कसडोल संदीप साहू, प्रदेश साहू संघ अध्यक्ष टहल सिंह साहू, प्रदेश साहू संघ उपाध्यक्ष मालकराम साहू, तेलघानी बोर्ड अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार साहू, बसना नगर पंचायत अध्यक्ष खुशबू अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, जिला साहू संघ अध्यक्ष धरम दास साहू, भिखारी चरण साहू, नारायण साहू, तोषराम साहू, पंकज साव, टीकेश्वर साहू, अजीत साव, तुलाराम साहू, लालाराम साहू उपस्थित रहे। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने सर्वप्रथम नवनिर्मित कर्मा माता मंदिर में पुष्प अर्पित कर पूजा अर्चना किए।

इसके पश्चात आयोजित सम्मान समारोह में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने अपने उद्बोधन में कहा कि बसना के ग्राम बोहारपार में बहुत ही सुंदर एवं भव्य कर्मा माता मंदिर की स्थापना की गई है। उन्होंने कहा कि मंदिर निर्माण से सनातन की परंपरा और सनातन का विचार अवश्य ही फलीभूत होगा। भक्त माता कर्मा की महिमा बताए हुए उन्होंने कहा कि इस मंदिर का निर्माण केवल पूजा अर्चना के लिए ना होकर यहाँ से संस्कार भी पैदा हो इसलिए इसका निर्माण हुआ है। इसके पश्चात श्री साव ने मंदिर परिसर में आहाता निर्माण के लिए 25 लाख रूपये की घोषणा किए। प्रदेश साहू संघ अध्यक्ष टहल सिंह साहू ने मंदिर निर्माण हेतु शुभकामना देते कहा कि आज के समय में घर में संस्कार बचाना जरूरी है, तब जाकर एक बेहतर समाज का निर्माण होगा। तभी माता कर्मा मंदिर का लक्ष्य सही मायनों में पूर्ण होगा। बसना विधायक संपत अग्रवाल ने कहा कि मंदिर निर्माण हेतु इस क्षेत्र के सभी लोगों को शुभकामनाएँ जिन्होंने इस शुभ कार्य में अपना योगदान दिया। इसके पश्चात उन्होंने लोगों को माँग को ध्यान में रखते हुए मंदिर परिसर में सामुदायिक भवन के निर्माण हेतु विधायक निधि से 21 लाख रुपए की घोषणा की।

# वरिष्ठ भाजपा नेता टांकसाले के घर पहुंचे निगम अध्यक्ष



### पुराने दिनों की याद ताजा कर पूछा कुशलक्षेम

समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** बीज एवं कृषि विकास निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर ने पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता माधव राव टांकसाले के निवास पहुंचकर उनका कुशलक्षेम जाना। उन्होंने श्री टांकसाले के साथ पुराने दिनों की यादें ताजा की। श्री चंद्राकर ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है, जो अपने कार्यकर्ताओं को पूरा सम्मान देता है। आज एक चाय वाला देश का प्रधानमंत्री है। एक सन्यासी योगी उत्तरप्रदेश का मुख्यमंत्री है, यह भाजपा के सुशासन के संकल्प के साथ निष्ठावान कार्यकर्ताओं की पहचान का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि पार्टी के बुजूर्ग नेताओं, कार्यकर्ताओं ने अपनी त्याग व समर्पण से पार्टी को सींचकर आज उस मुकाम तक पहुँचाया है जिससे वह विश्व के सबसे अधिक कार्यकर्ताओं वाली पार्टी बनी। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों के संघर्षों को प्रणाम करने उनका आशीर्वाद लेने वे नियमित रूप से समय.समय पर वरिष्ठ जनों से मिलते रहेंगे।

# शिकारी समेत मांस खाने पहुंचे 4 गिरफ्तार



### शिकार में प्रयुक्त हथियार बरामद

समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** झलप वनपरिक्षेत्र के ग्राम कोलपदर में वन विभाग की टीम ने एक शिकारी समेत वन्यप्राणियों का मांस खाने पहुंचे चार लोगों को गिरफ्तार किया है, वहीं शिकार में शामिल तीन अन्य की तलाश जारी है। वन विभाग सभी के खिलाफ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 9 सह पठित धारा 2 (16) (ख) 2 (16) (क), 39 (3) (क), 39 (3) (ग)एवं 48 (क) के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई कर रहा है। प्रभारी डीएफओ वेंकटेश एमजी ने बताया कि रविवार को वन विभाग को मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोग ग्राम कोलपदर में जंगली सूअर का मांस पका रहे हैं। सूचना पर टीम ग्राम कोलपदर पहुंची और शिकारी भीखम कमार 52 वर्ष के घर से एक जंगली सुअर का मांस व एक नग नेवला बरामद किया। साथ ही मांस खाने पहुंचे जिवतरा निवासी गंगूराम कमार 27 वर्ष, बल्दाकछार निवासी चमरु कमार 28 वर्ष, कोलपदर निवासी लोभिन कमार 28 वर्ष को पकड़ा। पूछताछ में मुख्य आरोपी भीखम कमार ने बताया कि शिकार में तीन अन्य जितेंद्र कमार, डाक्टर कमार एवं लव कुमार शामिल थे। उसने बताया कि ग्राम कोलपदर के आसपास वन विकास निगम के जंगल से 10 मई की दोपहर में शिकार किए थे। वन अमला ने मुख्य आरोपी के यहां से 07 नग तीर, 02 नग कमान, 02 टंगिया, 01 नग बसुला, 01 नग तराजू बाट, 01 नग कत्तल, 01 नग परसुल जब्त किया है।

# शिक्षा समूह की बैठक में राजस्व एवं खेल युवा कल्याण मंत्री वर्मा हुए शामिल

### शिक्षकों ने विभिन्न मांगों का ज्ञापन मंत्री को सौंपा

समवेत शिखर संवाददाता



**महासमुंद।** छग शिक्षक संघ प्रांतीय द्वारा शिक्षा समूह की बैठक पश्चात शासन से शिक्षा, शिक्षार्थी व शिक्षक हित में मांग की है। प्रदेश के 80 प्रतिशत शालाएं प्राचार्य विहीन है। इसी प्रकार प्रधान पाठक व्याख्याता पद पर अविलंब पदोन्नति दी जाए, संगठन की ओर से बताया गया कि शालाओं का युक्ति युक्तिकरण किया जा रहा है। लेकिन, संस्था प्रमुख के संबंध में स्पष्ट उल्लेख नहीं है। क्योंकि एक ही शाला में दो संस्था प्रमुख नहीं हो सकते यह घोर आपत्तिजनक है।

संगठन ने कहा कि शिक्षकों के युक्ति युक्तिकरण की प्रक्रिया पर रोक लगाते हुए सभी संवर्ग को पहले पदोन्नति दी जाए एवं वर्ष 2008 के सेटअप व वर्ष 2010 के युक्तियुक्तकरण के मार्गदर्शक बिंदुओं को आधार मानकर अतिशेष शिक्षकों का युक्ति युक्तिकरण करना उचित होगा। सेवानिवृत्ति के बाद मिलने वाली ग्रेच्युटी राशि 20 लाख को बढ़ाकर 25 लाख किया जाए। साथ ही 240 दिन के अर्जित अवकाश नगदी करण राशि को बढ़ाकर 300 दिन का किया जाए। पूर्व माध्यमिक प्रधान पाठकों जिनका 10 वर्ष सेवा पूर्ण हो चुका है, उन्हें समय मान वेतन दी जाए। इसी प्रकार शाला संचालन पूर्ववत 10 से 4 बजे हो एवं शिक्षकों को मोबाइल भत्ता जैसे प्रमुख मांगों को लेकर स्कूल शिक्षा सचिव एवं संचालक लोक शिक्षण संचालनालय को ज्ञापन सौंप कर शिक्षक हित में निर्णय लेने की बात की गई।

# सिकासेर से कोडार तक शीघ्र पहुंचेगा पानी, किसान होंगे समृद्ध: विनोद

### सिकासेर से कोडार तक पानी लाने सर्वेक्षण पूर्ण, पीएफआईसी से मिली मंजूरी

समवेत शिखर संवाददाता



**महासमुंद।** पूर्व संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने सिकासेर परियोजना के तहत सर्वेक्षण कार्य पूर्ण होने तथा डीपीआर को मंजूरी मिलने पर हर्ष व्यक्त करते हुए क्षेत्र के किसानों को बधाई दी है। श्री चंद्राकर ने बताया कि उनके कार्यकाल में इस महत्वपूर्ण परियोजना की डीपीआर सर्वे के लिए उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का ध्यानाकर्षित कराया था। उनके निवेदन पर श्री बघेल ने 2022.23 बजट तथा पुनरीक्षित बजट 2023-24 में सिकासेर परियोजना को स्वीकृति देते हुए डीपीआर सर्वे के लिए राशि का प्रावधान किया था।

श्री चंद्राकर के प्रयास से ही सिकासेर परियोजना की फाइल आगे बढ़ी थी। उन्होंने बताया कि सिकासेर बांध से पानी लाने इस परियोजना को पीएफआईसी से मंजूरी के बाद परियोजना मंडल को भेज दिया गया है। शीघ्र ही इस पर कार्य शुरू होगा। इस कार्य के लिए 2600 करोड़ खर्च अनुमानित है। सिकासेर से कोडार तक पानी लाने की प्रक्रिया पूरी होने के बाद गरियाबंद सहित महासमुंद जिला के बागबाहरा तथा महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के किसानों को सूखे का सामना नहीं करना पड़ेगा। उल्लेखनीय है कि सिकासेर परियोजना कार्य को आगे बढ़ाने श्री चंद्राकर ने विगत 4 फरवरी 2024 को वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप को भी स्मरण पत्र भेजा था। इस परियोजना को श्री चंद्राकर ने अपने कार्यकाल के दौरान प्रमुखता किसानों के हित में मांग उठाते हुए उन्होंने बजट में शामिल करवाकर सर्वे के लिए राशि स्वीकृत कराया था। उन्होंने बताया कि उनके कार्यकाल के दौरान क्षेत्र के किसानों ने सिकासेर बांध से कोडार तक पानी लाने के लिए प्रयास करने की मांग उनसे की थी। जिस पर उन्होंने लगतार प्रयास किए। साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को क्षेत्र के किसानों की समस्या से अवगत कराकर इस महत्वपूर्ण परियोजना के लाभ के बारे में बताया था। श्री चंद्राकर ने पूर्व मुख्यमंत्री श्री बघेल को बताया था कि गरियाबंद में अच्छी बारिश से सिकासेर जलाशय लबालब हो जाता है और उसका पानी व्यर्थ बह जाता है। उक्त पानी को महासमुंद जिले में कोडार तक लाने से क्षेत्र के किसान समृद्ध होंगे, तथा उन्हें सूखा.अकाल का सामना नहीं करना पड़ेगा। जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए श्री बघेल ने पैरी परियोजना को बजट में शामिल किया था। जिसकी प्रशासकीय स्वीकृति होना बाकी था। पूर्व संससदीय सचिव श्री चंद्राकर के प्रयासों से आज उक्त परियोजना के सर्वेक्षण कार्य पूर्ण हो गया है तथा डीपीआर सर्वे भी पूरी हो चुकी है। इस खबर से उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार व्यक्त किया है तथा क्षेत्र के किसानों को बधाई देते हुए कहा कि अब बागबाहरा व महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के किसान फसल की सिंचाई दोनों ही सीजन में बड़ी आसानी से कर पाएंगे।

# पटवारी के साथ हुई मारपीट की घटना पर कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने निंदा कर आक्रोश जताई

### अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन आज सौंपेगा ज्ञापन

समवेत शिखर संवाददाता



**महासमुंद।** कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन महासमुंद द्वारा गत दिनों पिथौरा विकासखंड के पेंड्रा वन में पदस्थ पटवारी विनय कुमार पटेल द्वारा कुछ ग्रामीणों द्वारा बीते 28 अप्रैल को मारपीट करते हुए शासकीय कार्य में बाधा व कागजात के फाड़े जाने पर राजस्व पटवारी संघ जिला महासमुंद के आवेदन के परिपेक्ष में संबंधित पटवारी विनय कुमार पटेल एवं संगठन से जानकारी प्राप्त करते हुए कर्मचारी भवन महासमुंद में बैठक आयोजित कर आक्रोश व्यक्त करते हुए घटना की घोर निंदा की गई। कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन की ओर से आक्रोश व्यक्त करते हुए मार्गदर्शक एवं कर्मचारी नेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि पटवारी विनय कुमार पटेल से मारपीट किया जाना अत्यंत निंदनीय है।

उन्होंने कहा कि शासकीय कर्मचारी कार्यालय में भी सुरक्षित नहीं है। मार्गदर्शक मंडल से उमेश भारती गोस्वामी ने कहा कि जिला प्रशासन इस पर अंकुश लगाते हुए कठोर कार्यवाही करें अन्यथा कर्मचारी जगत आंदोलन के लिए बाध्य होगा। अध्यक्षता करते हुए कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के जिला संयोजक टेकराम सेन ने बताया कि घटना के बाद से राजस्व पटवारी संघ जिला इकाई महासमुंद आंदोलन रत है। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार कर उन पर कठोर कार्रवाई की जाए। इस अवसर पर शिक्षा विभाग में शालाओं एवं शिक्षकों के युक्तियुक्तकारण पर नाराजगी व्यक्त की गई। साथ ही कृषि विभाग बागबाहरा में पदस्थ शिवकुमार चंद्राकर के निलंबन को समाप्त करने की चर्चा हुई। जिला संयोजक ने बताया कि सभी मुद्दों को लेकर 13 मई को कलेक्टर महासमुंद में ज्ञापन सौंपते हुए जानकारी दी जाएगी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रमोद तिवारी, उमेश भारती गोस्वामी, जिला संयोजक टेकराम सेन, पेंशनर संघ जिला संयोजक अशोक गिरी गोस्वामी, डॉक्टर रामकुमार चंद्राकर, चिंताराम साहू, दिलीप तिवारी, ओम नारायण शर्मा, राजेश शर्मा, मनीष ठाकुर, एसपी ध्रुव, रामकुमार साहू, सिराज बक्श, अजय कुमार बंजारे, तुलेंद्र सागर, राम नारायण चंद्राकर, अनिल कोसरिया, विनय पटेल, राकेश थवाईत, सागर गिरी गोस्वामी, कुबेर साहू, उमेश साहू सहित छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ, प्रदेश तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ, पशु चिकित्सा संघ, राजस्व पटवारी संघ, वाहन चालक संघ, सहायक शिक्षक फेडरेशन, अजेक्स, अपेक्स, चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ सहित कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

# गोमती तट से द्वारिकाधीश की हुई सवा लाख बाती से महाआरती

### वैशाख पूर्णिमा पर मौलेश्वर महादेव का गन्ना रस से हुआ अभिषेक

समवेत शिखर संवाददाता



**महासमुंद।** द्वारकाधीश धाम में चल रहे श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के दौरान वैशाख पूर्णिमा के अवसर पर 12 मई सोमवार को भागवत कथा स्थल माहेश्वरी सेवाकुंज द्वारिका में चंद्रमौलेश्वर महादेव का गन्ना रस से अभिषेक व पूजन किया। जिसमें मुख्य जजमान शंकर इंद्राणी पांडेय, सह जजमान मनोजकांत सीता देवी साहू समेत सभी जजमानों ने हिस्सा लिया। संध्या बेला में गोमती तट पर भगवान द्वारकाधीश की सवा लाख बाती से महाआरती की गई। आयोजन में शामिल देवेंद्र चंद्राकर ने सवा लाख बाती की व्यवस्था की थी। उल्लेखनीय है कि पांच बाती मिलाकर एक बत्ती का निर्माण किया जाता है। इसी प्रकार सवा लाख बाती बनाया गया था। इसके पूर्व कथा वाचक पंडित पंकज तिवारी ने कपिल अवतार समेत भगवान के अवतारों की कथा का बखान करते हुए कहा की भागवत कथा का श्रवण करने से मनुष्य को मोक्ष की प्राप्ति होती है. जिन जीवों की सद्गति गया श्राद्ध में भी नहीं होती ऐसे जीवों का उद्धार भागवत कथा श्रवण से हो जाता है। गया श्राद्ध के बाद भी जब धुंधकारी को मुक्ति नहीं मिली और वह अपने कर्म का पछतावा करते हुए अपने भाई गोकर्ण से कहता है कि वह प्रेस योनि में भटक रहा है, मोक्ष के लिए कुछ उपाय करें। तब साधु संतों से मार्गदर्शन लेकर उन्होंने भागवत कथा का आयोजन किया. भागवत कथा श्रवण से धुंधकारी को प्रेत योनि से मुक्ति मिली। भागवताचार्य श्री तिवारी ने व्यास पीठ से कहा कि जितना पुण्य यज्ञ करने वाले को मिलता है। उतना ही पूर्ण यज्ञ कार्य में सहयोग करने वाले और यज्ञ करने की प्रेरणा देने वाले को भी मिलता है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अच्छे कार्य, सत्कर्म कार्य में सदैव प्रेरणा देते हुए सहयोग करना चाहिए. उन्होंने स्वाध्याय रूपी यज्ञ को सबसे बड़ा यज्ञ बताया और कहा कि इसे ही सत्कर्म कहा गया है। ज्ञान प्राप्त कर उसे परमार्थ कार्य में लगाना चाहिए। उन्होंने बताया कि जैसी भूमि होती है वैसा ही विचार आता है इसलिए यज्ञ, हवन, पूजन के लिए श्रेष्ठ भूमि का चयन करना चाहिए। गोमती तट में महा आरती के दौरान महासमुंद के तीर्थयात्री रमा, हुलसी, मोतिम चंद्राकर, सावित्री चंद्राकर, आशा साहू, किरण साहू, छत्रपाल सिंह, चंद्रकांता सिंह ठाकुर, अबीर चंद्राकर, अलंकृता चंद्राकर, पवन चंद्राकर, कुमारी चंद्राकर, तारिणी अश्वनी तिवारी, छाया सुतार, रुचि चंद्राकर, शीला पांडेय, सुधा शर्मा, राखी जितेंद्र इदीकर, गुलशन चंद्राकर, पुष्पा चंद्राकर, जयश्री बैश, शशि शर्मा, सुलोचना चंद्राकर मीना बाबूलाल साहू, राजेश नायक, मूलचंद सीमा लड्डा, विपिन चंद्राकर, विजय चंद्राकर, दिलीप प्रभा जैन, मारकंडे पुष्पा चंद्राकर, ईश्वर राधा चंद्राकर आदि उपस्थित थे।

# बागबाहरा में अंचल के कलाकारों का सम्मान समारोह कार्यक्रम 18 मई को होगा

समवेत शिखर संवाददाता



**बागबाहरा।** छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी संघ बागबाहरा एवं कलाकार विकास मंच बागबाहरा द्वारा इस साल भी बागबाहरा अंचल के चुनिंदा नृत्य कलाकारों एवं गायककारों का सम्मान समारोह कार्यक्रम 18 मई रविवार को सुबह 11 बजे से वन विभाग रेस्ट हॉउस बागबाहरा में आयोजित किया गया है। इस सम्मान समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत महासमुंद के उपाध्यक्ष एवं दबंग युवा भाजपा नेता भीखम सिंह ठाकुर होंगे। अध्यक्षता छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी लोक कलाकार कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष रंजीत चक्रधारी करेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में कलाकार विकास मंच बागबाहरा के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार ललित सोनी तथा छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी संघ के जिला अध्यक्ष ऐतराम पप्पू साहू होंगे।

छत्तीसगढ़ी नाचा गम्मत पार्टी संघ के प्रदेश अध्यक्ष रंजीत चक्रधारी ने बताया कि अंचल के नृत्य कलाकार एवं गायककार छत्तीसगढ़ के पारम्परिक प्राचीन लोककला को विभिन्न वेशभूषा में सज धज कर विभिन्न विधाओं में अहम भूमिका निभाकर उसे जीवित बनाए रखने में आप लोगों का सराहनीय योगदान है। प्राचीन पारम्परिक सांस्कृतिक धरोहर को आप अपनी विभिन्न कलाओं के माध्यम से संजोए हुए हैं। आप एक ऐसे महान चुनिंदा कलाकार हैं, जो अपनी कला की प्रस्तुति छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों में शानदार आकर्षक ढंग से दर्शकों के बीच मंच में दे चुके हैं। जिसे दर्शकों ने खूब सराहा है। कला के क्षेत्र में आप एक विशिष्ट पहचान बना चुके हैं। आप एक लोककला के महान धनी हैं। आपके कला की खुशबु पूरे छत्तीसगढ़ समेत अन्य राज्यों में भी महक रही है। जिनका हम लोग खूब प्रशंसा कर आपके उज्जवल भविष्य की शुभकामना करते हैं। कला के क्षेत्र में आप जैसे ख्याति प्राप्त कलाकारों को मंच में उचित स्थान देकर हम लोग आप सभी का सम्मान करना चाहते हैं।

## न्यूज़ ब्रीफ

### ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट अंकों के साथ उत्तीर्ण की परीक्षा



**भाटापारा।** शंकराचार्य विद्यापीठ ढाबाडीह मे हायर सेकेण्डरी स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत रहा 10 वीं बोर्ड की परीक्षा मे स्कूल मे अध्ययनरत छात्रा रिया वर्मा ग्राम दावनबोड़ ने 93.66 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल मे प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं परशुराम वार्ड निवासी आर्यन साहू ने 90.83 प्रतिशत अंक के साथ दूसरा तथा दुर्गेश वर्मा ग्राम बोड़तरा ने 86.33 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी तरह स्कूल के अन्य छात्र-छात्राओ ने भी अपेक्षा के अनुरूप अच्छे अंको से उत्तीर्ण कर स्कूल परिवार व समाज का नाम गौरवान्वित किया है। उनकी सफलता पर स्कूल के प्राचार्य शिक्षक व मनोज गुप्ता ने सभी सफल छात्र-छात्राओ को बधाई दी है।

### ज्योत्सना चौबे को पीएचडी डिग्री अवार्ड की गई



भाटापारा। छत्तीसगढ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा श्रीमती ज्योत्सना चौबे को बायोटेक्नोलॉजी मे पीएचडी की डिग्री अवार्ड की गई है। चौबे ने अपना शोध कार्य प्रोफेसर श्रीमती तनुश्री चटर्जी के निर्देशन एवं डॉ. ओलफ वोल्हान्होर के सह निर्देशन मे पूरा किया। श्रीमती चौबे के शोध का विषय आईडेंटिफि केशन ऑफ बायोमार्कर फॉर डिफ्रेंटशिएटिंग ओरल कैंसर स्टेज एंड डिजीज प्रोग्रेशन यूजिंग सिस्टम बायोलॉजी अप्रोच रहा है। उक्त इस शोध में ओरल कैंसर के विभिन्न चरणों के लिए मॉलेक्युलर बायोमार्कर खोजा गया है। यह खोज ओरल कैंसर के प्रारंभिक अवस्था में पता लगाने और उसके प्रबंधन के लिए सहायक है। श्रीमती ज्योत्सना चौबे भाटापारा के पूर्व सेवानिवृत्त प्राचार्य स्वर्गीय बीआर शर्मा की पुत्रवधु व लोक निर्माण विभाग मे सेवारत इंजीनियर संदीप चौबे की धर्मपत्नि है।

### अवैध शराब का आरोपी गिरफ्तार



**धमतरी।** पुलिस,थाना कुरूद को मुखबिर से सूचना मिली की एक व्यक्ति थैले में शराब लेकर एनएच 30 के पास बालाजी कॉलोनी जाने वाले रास्ते की ओर जा रहा है की सूचना पर तत्काल थाना कुरूद के सउनि.संतोष कोमरा एवं हमराह स्टॉफके एनएच 30 के पास बालाजी कॉलोनी जाने वाले सीसी रोड़ में पहुंचकर बताये हुलिये के व्यक्ति को पकड़कर उनका नाम पता पूछने पर अपना नाम योगेश कुमार पिता भुखन लाल उम्र 24 वर्ष निवासी पुराना मंडी कुरूद का रहने वाले बताया,थैले की तलाशी लेने पर उसके अंदर 35 पौवा देशी मसाला शराब प्रत्येक में 180-180 एम.एल.कुल बल्क लीटर 6.300 मिली0 कीमती 3500/- रूपये को गवाहों के समक्ष जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना कुरुद में अप0 क्र0120/25 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी योगेश कुमार पिता भुखन लाल उम्र 24 वर्ष निवासी पुराना मंडी कुरूद थाना कुरूद को विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# पीएम आवास में उदासीनता एवं लापरवाही बरतने पर 11 ग्राम पंचायत सचिवों को मीटिंग में ही कारण बताओ नोटिस जारी

## प्रधानमंत्री आवास योजना का गंभीरतापूर्वता करें क्रियान्वयन : कलेक्टर, पीएम आवास के नाम पर अवैध लेन देन की शिकायत पर होगी कड़ी कार्रवाई

समवेत शिखर संवाददाता

**गरियाबंद।** कलेक्टर बी.एस.उइके ने आज जिला पंचायत सभाकक्ष में प्रधानमंत्री आवास योजना की गहन समीक्षा की। उन्होंने ग्राम पंचायत सचिवों,रोजगार सहायकों एवं आवास मित्रों की बैठक लेकर जिले में पीएम आवास योजना के प्रगति की जानकारी ली।कलेक्टर ने जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत सभी कार्यों का गंभीरतापूर्वक क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधितों को दिए।उन्होंने पंचायत वार स्वीकृत कार्यों, प्रगतिरत,हितग्राहियों को प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय किश्त आबंटन एवं अप्रारंभ कार्यों की जानकारी ली।उन्होंने अप्रारंभ कार्यों को जल्द शुरू करने और जारी कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने समीक्षा बैठक के दौरान पीएम आवास निर्माण कार्यों में उदासीनता, लापरवाही स्वेच्छाचारिता एवं अरुचि दिखाने वाले 11 ग्राम पंचायत सचिवों को मीटिंग के दौरान ही कारण बताओं नोटिस जारी किए।इनमें ग्राम पंचायत दांतबाय कला, कोसमबुड़ा, गुजरा, खरता, हाथबाय, बरबाहरा, मौहाभांठा, बेगरपाला, लोहारी, मरदाकला एवं खरहरी के पंचायत सचिव शामिल है। कलेक्टर ने धीमी प्रगति वाले पंचायतों के अधिकारी कर्मचारियों को सक्रिय होकर प्राथमिकता में कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए।साथ ही कार्यों का जिओ टैगिंग भी सुनिश्चित करने करने के भी निर्देश दिए।कलेक्टर ने कहा कि पीएम आवास योजना अंतर्गत सर्वे,जिओ टैगिंग, इंस्टॉलमेंट के नाम से अवैध लेन देन की शिकायत नहीं आनी चाहिए।अन्यथा संबंधितों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि हितग्राहियों को लाभान्वित करने कोई कोताही न बरते।इस दौरान बैठक में जिला पंचायत सीईओ जीआर मरकाम,अपर कलेक्टर नवीन भगत सहित पंचायत सचिव, रोजगार सहायक,आवास मित्र एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।



कलेक्टर श्री उइके ने बैठक में कहा कि शासन के मंशानुसार हितग्राहियों के आवास समय पर पूर्ण हो,जिससे उन्हें आवास योजना का लाभ आसानी से मिल सके।आवास योजना की लगातार शासन स्तर से भी समीक्षा हो रही है।हितग्राहियों को लाभान्वित करने मैदानी अमले सक्रिय होकर गंभीरतापूर्वक कार्य करे।कलेक्टर श्री उइके बैठक में प्रधानमंत्री जनमन योजना की भी समीक्षा की।उन्होंने जनमन योजना अंतर्गत बन रहे आवासों की जानकारी ली।अपर कलेक्टर श्री भगत ने बताया कि जिले में कमार परिवारों को आवास सुविधाओं से लाभान्वित करने पीएम जनमन योजना अंतर्गत 911 आवास स्वीकृत किए गए है।इनमें 295 आवास पूर्ण हो चुके है,शेष प्रगतिरत है। कलेक्टर ने संबंधित क्षेत्र के अधिकारी कर्मचारियों को कार्यों में तेजी लाते हुए शेष कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने समन्वित प्रयास कर विशेष कार्य योजना बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने अच्छा कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों की प्रशंसा भी की।साथ ही धीमी प्रगति वाले क्षेत्र के अधिकारी कर्मचारियों को उनसे सीख लेने की अपेक्षा की।

# आम से भरा पिकअप पलटा



### कोई जनहानि नहीं

समवेत शिखर संवाददाता

**गरियाबंद।** जोबा घाटी के समीप आम से भरा पिकअप के पलट जाने से वाहन में भरा आम सड़क के दोनों किनारे बिखर गया।

घटना के विषय में मिली जानकारी के अनुसार सोमवार दोपहर चार बजे रायपुर का पिकअप क्रमांक सीजी 04 एन जे 2478 जो देवभोग से कच्चा आम भरकर रायपुर जा रहा था इसी दौरान जिला मुख्यालय से 10 किलोमीटर जोबा घाटी के समीप अनियंत्रित होकर पलट गया,जिससे वाहन में भरा आम सड़क और नजदीक के गढ्ढे में फैल गया।

इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।वहीं राहगीरों और वाहनचालक के द्वारा आम को समेटते हुए वाहन को उठाने की कोशिश किये।

# 'एक राष्ट्र एक चुनाव' मोदी का सराहनीय कदम : शिवरतन

समवेत शिखर संवाददाता

**गरियाबंद।** एक राष्ट्र एक चुनाव अभियान के अंतर्गत भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के पडोसी विधानसभा क्षेत्र बिल्हा के ग्राम सरगांव मे एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस संगोष्ठी मे प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा के अलावा केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन लाल साहू, मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहिले, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक तथा प्रदेश के अक्षय उर्जा विकास अभिकरण के अध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी सहित अन्य नेताओ ने भाग लिया। एक राष्ट्र एक चुनाव अभियान के प्रधानमंत्री मोदी के आव्हान को प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने सराहना करते हुये कहा कि इस अभियान से न केवल समय धन और संसाधनो की बचत होगी बल्कि स्थिर शासन व नीति निरंतरता को भी मजबूती प्राप्त होगा शर्मा ने आगे कहा कि नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत निर्माण के संकल्प को साकार करने एक राष्ट्र एक चुनाव को सफ ल बनावे। उपरोक्त कार्यक्रम को केन्द्रीय मंत्री तोखन साहू, विधायक द्वय मोहिले व कौशिक के अलावा सवन्नी ने भी संबोधित किया।




उक्त अवसर पर जिले भर से बडी तादाद मे मंडल व विभिन्न मोर्चा एवं प्रकोष्ठो के पदाधिकारी कार्यकर्ता व आमजन बडी संख्या मे उपस्थित थे।

# शादी के साथ शिक्षा को भी प्राथमिकता, भूमिका साहू बनी मिसाल

### शादी के जोड़े में बीएड की परीक्षा देने पहुंची

समवेत शिखर संवाददाता

**गरियाबंद।** अगर दृढ़ निश्चय हो,तो कोई बाधा रास्ता नहीं रोक सकती। इस बात को सच कर दिखाया गरियाबंद जिले के ग्राम हसदा की नवविवाहिता बहु भूमिका साहू ने। शादी के तुरंत बाद वह अपने लाल जोड़े में ही गुरुकुल कॉलेज परीक्षा केंद्र पहुंचीं और बीएड की प्रैक्टिकल परीक्षा दी। उनके इस साहसिक कदम ने शिक्षा के प्रति समर्पण की अनोखी मिसाल पेश की है।

फिंगेश्वर विकासखण्ड के ग्राम पीपरछेड़ी की रहने वाली भूमिका की शादी शनिवार को ग्राम हसदा के टोकेश्वर साहू से संपन्न हुई थी। रस्मों के बाद जब उन्हें याद आया कि बीएड की प्रैक्टिकल परीक्षा उसी दिन है,तो उन्होंने परिवार से बात की और विदाई के तुरंत बाद कॉलेज पहुंचने का फैसला लिया।खास बात यह रही कि परिवार के सभी सदस्य,खासकर ससुराल पक्ष ने उनका पूरा साथ दिया। उनके पति टोकेश्वर साहू,फूफा चंद्रशेखर साहू,बुआ चंद्ररेखा साहू,बहन चंपेश्वरी साहू भी उनके साथ परीक्षा केंद्र तक साथ आए थे।कॉलेज में जब वह लहंगे में पहुंचीं,तो वहां मौजूद सभी लोग उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति से प्रभावित हुए।परीक्षा केंद्र के शिक्षकों और छात्रों ने उनके समर्पण की प्रशंसा की। भूमिका की सराहना करते हुए कहा की यह आज की नारी शक्ति की सच्ची तस्वीर है।



भूमिका साहू ने कहा,मेरे लिए शिक्षा पहली प्राथमिकता है।शादी जिंदगी का अहम हिस्सा है,लेकिन पढ़ाई छोड़ना मेरे लिए विकल्प नहीं था। मुझे खुशी है कि मेरे परिवार ने मेरा साथ दिया और मेरा हौसला बढ़ाया। वहीं उनके पति टोकेश्वर साहू ने कहा कि हम शिक्षक परिवार से है।शादी के साथ ही शिक्षा के महत्व को भी समझते है। इसलिए भूमिका का साथ देते उन्हे परीक्षा दिलाने पहुंचे है।वहीं उनके परिजनों ने कहा की भूमिका और टोकेश्वर ने दोनो परिवार का मान बढ़ाया है। उनका कार्य सराहना है।गुरुकुल कालेज के प्रबंधन प्रमुख धमेंद्र ओझा ने बताया की शादी के ठीक बाद परीक्षा केंद्र जाना किसी आम बात की तरह नहीं होता,लेकिन इस बहादुर महिला ने यह कर दिखाया।कालेज प्रबंधन ने उनके इस प्रेरणादायक निर्णय का समर्थन किया और पूरा साथ दिया। भूमिका साहू ने समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता की नई मिशाल दी है।

**दोनों शिक्षक परिवार :** जानकारी के मुताबिक भूमिका ओर टोकेश्वर दोनों शिक्षक परिवार से है। भूमिका के पिता विष्णु राम साहू पेशे से शिक्षक ही है। वह रावण मिडिल स्कूल में पदस्थ है। वहीं टोकेश्वर के पिता दानी राम साहू भी शिक्षक है। वर्तमान में वे करेली मिडिल स्कूल में प्रधान पाठक है। वहीं उनके साथ आए फूफा चंद्रशेखर साहू भी शिक्षक और वर्तमान में प्रधान पाठक के रूप में कार्य कर रहे है।

उल्लेखनीय है की भूमिका की यह कार्य गरियाबंद जिले के लिए बल्कि पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणादायक है।यह दर्शाता है कि अगर परिवार और समाज बेटियों का साथ दे, तो वे हर क्षेत्र में आगे बढ़ सकती हैं।

### रेमन अनंत बलौदाबाजार जिलाध्यक्ष नियुक्त

**तिल्दा नेवरा।** राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण फोरम का बलौदाबाजार जिले के ग्राम कुथरैल हिरमी निवासी रेमन अनंत को बलौदाबाजार जिलाध्यक्ष बनाया गया है। नरेन्द्र मोदी विचार मंच की कोर कमेटी द्वारा सर्वसम्मति से रेमन अनंत को नरेन्द्र मोदी विचार मंच के शाखा राष्ट्रीय उपभोक्ता फोरम का बलौदाबाजार जिला का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। रेमन अनंत की न्युक्ति पर रायपुर जिला के जिला अध्यक्ष दास साहू ने कहा की हमे आशा ही नही पूर्ण विश्वास है। कि रेमन अनंत तन मन धन और जीवन में हम सबके प्रिय भारत माता के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यो और विचारों को पूरी निष्ठा से अपने कार्य क्षेत्र में प्रचारित प्रसारित करेंगे आपके द्वारा किया गया कार्य निश्चित रूप से हम सब का स्वप्न परम् वैभव भारत को सकार करेगा संगठन में आपका स्वागत है। और हम आपके उज्जवल भविष्य की कामना करते है।राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण फोरम के राष्ट्रीय अध्यक्ष डाक्टर राकेश मिश्रा द्वारा आदेश जारी कर रेमन अनंत को बलौदाबाजार जिलाध्यक्ष न्यूक्त किया गया है।

# एनएसयूआई द्वारा रायपुर में अवैध रूप से संचालित बार एवं क्लबों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

समवेत शिखर संवाददाता

**खरोरा।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के प्रदेश सचिव कुणाल दुबे एवं रायपुर जिला उपाध्यक्ष तारिक अनवर खान ने राजधानी रायपुर में अवैध रूप से संचालित बार और क्लबों पर सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा।



ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि रायपुर शहर में कई क्लबों द्वारा प्रशासनिक नियमों की अनदेखी करते हुए देर रात तक शराब परोसी जा रही है, जिससे शहर की कानून व्यवस्था पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। साथ ही इन क्लबों में बिना आयु सत्यापन के युवाओं को मादक पदार्थों की आपूर्ति भी चिंता का विषय है।

**एनएसयू आई के नेताओं की मांगें:-** सभी अवैध क्लबों की जांच हेतु विशेष दल का गठन किया जाए। जो क्लब नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं, उन पर त्वरित कार्रवाई की जाए। देर रात तक चलने वाली अवैध बारों को तत्काल प्रभाव से बंद कराया जाए। भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों, इसके लिए निगरानी तंत्र स्थापित किया जाए।

कुणाल दुबे ने चेतावनी दी कि यदि जल्द उचित कदम नहीं उठाए गए तो एनएसयूआई को आंदोलन के लिए विवश होना पड़ेगा। तारिक अनवर खान ने कहा कि युवा पीढ़ी को नशे की गिरफ्त से बचाने के लिए प्रशासन को कठोर और प्रभावी कदम उठाने होंगे।

एनएसयूआई ने स्पष्ट किया कि वे जनहित के मुद्दों पर चुप नहीं बैठेंगे और यदि जरूरत पड़ी तो चरणबद्ध आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी।

ज्ञापन देने वालो में जिला सचिव संस्कार पांडेय, विस महासचिव आशीष बाजपाई, तनिष्क मिश्रा मोजूद रहे।

# महाराणा प्रताप की जयंती मनाई गई

समवेत शिखर संवाददाता

**भाटापारा।** महाराणा प्रताप जयंती पर राजपूत क्षत्रिय समाज द्वारा एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो बस स्टैड से प्रारंभ होकर महासती मंदिर, पंचायती मंदिर, गोविंद चौक, सदर बाजार, रामसप्ताह चौक, जय स्तंभ चौक, फौव्वारा चौक व महारानी चौक होते हुये यज्ञ स्थल नाका नंबर एक के पास पहुंचकर समाप्त हुई। बस स्टैड के समीप राजपूत समाज के पदाधिकारियो ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना की इस दौरान आम नागरिको के लिये वहां पोहा व शरबत का वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम मे समाज के अध्यक्ष संजय सिंग ठाकुर, विनय सिंग ठाकुर, ढालसिंग ठाकुर, गौतम, रामानुज सिंग ठाकुर, मनोज सिंग ठाकुर, संतोष सिंग ठाकुर, कमल ठाकुर, सत्यनारायण ठाकुर, विक्की ठाकुर, विकास ठाकुर, रोहित ठाकुर, दीपक ठाकुर, अजय ठाकुर, बसंती ठाकुर, सुषमा ठाकुर, मिथिला ठाकुर व रमा बैस सहित समाज के बडी संख्या मे महिला पुरूष सदस्य शामिल थे। राजपूत समाज द्वारा भारत माता चौक मे जम्मू कश्मीर के पहलगाम मे आतंकी हमले की घोर निंदा करते हुये पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाये गये तत्पश्चात उक्त आतंकवादी हमले मे मारे गये लोगो को दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उक्ताशय की जानकारी समाज के अध्यक्ष संजय सिंग ठाकुर ने दी है।



# किसी भी कार्य की सिद्धि के लिए यदि संकल्प करते हैं तो वह कार्य अवश्य फलीभूत होता है

समवेत शिखर न्यूज

**अहमदाबाद।** किसी भी कार्य की सिद्धि के लिए यदि संकल्प करते हैं तो वह कार्य अवश्य फलीभूत होता है। संकल्प में वह ताकत है जो कल्पवृक्ष में है कल्पवृक्ष भाग्य से फल देता है लेकिन संकल्प तो पुरूषार्त से फलीभूत होता है। जितना पुरूषार्थ ज्यादा उतने ही संकल्प के फल मीठे और अच्छे प्राप्त होते है। संकल्प की सिद्धि नसीब से नहीं बल्कि पुरूषार्थ से होती है। किसी भी कार्य में सफलता मिलाने के लिए पुरूषार्थ करना जरूरी है चाहे वह कार्य छोटा हो या बड़ा पुरूषार्थ करो संकल्प अवश्य सिद्ध होंगे। भाग्य से तो जो हमारे भाग्य में लिखा है उसी की सिद्धि होगी परंतु पुरूषार्थ से तो जिस कार्य के लिए कदम उठाया है उस कार्य की अवश्य सिद्धि होगी।

अहमदाबाद में बिराजित प्रखर प्रवचनकार, संत मनीषि, प्रसिद्ध जैनाचार्य प.पू. राज्यश सूरीश्वरजी श्रोताजनों को संबोधित करते हुए फरमाते है बात एक बच्चे की है। जो है तो पहली कक्षा का विद्यार्थी लेकिन उसका संकल्प किसी उद्योगपति से कम न था। उसे बच्चे ने अपने मजबूत संकल्प को पूरा करने के लिए प्रतिज्ञा रखी थी। रायन रेलेक पहली कक्षा का विद्यार्थी था. एक दिन पहली कक्षा की वर्ग शिक्षिका मोना ने कहा, देखो बच्चों हम लोग बहुत सुखी है। हमारे जीवन की सबसे पहली जरूरत जल की हमें कोी तकलीफ नहीं है। लेकिन शांति से सोचो, यदि हमें पानी मिले पीने के लिए अच्छा पानी न मिले तो हमारी हालत क्या होगी?

रायन रेलेक टीचर की बात ध्यान से सुन रहा था उसने पूछा टीचर। क्या ऐसी कोई जगह है जहां पानी न मिलता हो? टीचर ने कहा, अफ्रिका के कई देशों में पानी की तकलीफ है। पीने का स्वच्छ पानी नहीं मिल रहा है। गंदे पानी की वजह से लाखों बच्चे रोगों के शिकार हो रहे है। रायन घर आकर मनोमंथन करने लगा। बच्चों की तरह वह खेलकूद में समय बीताने वालों में न था। वह जब जब भी पानी पीता उसे आफ्रिका के लोग दिखते। उसने संकल्प किया, आफ्रिका के किसी एक प्रदेस में एक कुआ तो अवश्य सुखदवाऊंगा।



पूज्य गुरुदेव राजयश सूरीश्वर जी म. सा.

संकल्प कोई भी कर सकता है इसमें उम्र के साथ कोई लेना देना नहीं है जिसमें उत्साह है दुनिया को कुछ कर दिखाने का जोश है वहीं व्यक्ति संकल्प करता है। रायन की उम्र छोटी थी। क्या बचपन के मौज शौक, खेलकूद विगेरे वो नहीं कर सकता था? कर सकता था परंतु रायन की दुनिया कुछ ओर रही थी। दुनिया के लोगों की भलाई किस तरह हो सके रायन को उस बात की चिंता लगी रहती थी।

प्रवचन की धारा को आगे बढ़ाते हुए पूज्यश्री फरमाते है संकल्प को साकार करने के लिए रायन पैसा जुटाने में लग गया। दश डॉलर इकट्ठा करके एक दिन उसने अपने पिता से पूछा, इस कार्य के लिए कितने डॉलर की आवश्यकता है पिता ने कहा, सित्तेर डॉलर। रायन के परोपकार की बात पूरे गांव में फैल गई। बाल मित्र, पडोशी विगेरे ने भी सहाय की। सित्तेर डॉलर तैयार हुए रायन ने वोटर केन से अपनी ख्याहिश की बात कही। वोटर केन ने कहा, सित्तेर डॉलर से कुछ नहीं होगा पूरे दो हजार लगेंगे। रायन अपने संकल्प न किसी की मदद अवश्य मिलती है।

कुछ लोग कहने लगे, पैसा एजम कर कुछ कहते थे घर ले जायेगा। रायन अपनी काली काली भाषा में सभी को समझाता एवं दान के लिए अपील भी करना। सात साल के बच्चे का दृढ़ संकल्प देख लोग अपना सर झुका देते थे। रायन आफ्रिका के देशों की हालत समाचार पत्रों ने स्व. हस्ताक्षर से प्रकाशित की। रायन ने कहा, क्या मानवी मानव के काम नहीं आ सकते? क्या हम लोगों की दुर्व्यवस्था दूर नहीं कर सकते? रायन के इन शब्दों का सुंदर प्रतिसाद मिला। लोगों ने इस नेक कार्य के लिए मदद की दो हजार डॉलर इकट्ठे होने के बाद रायन ने कुआ तैयार करवाया। जिन्दगी में पहली बार आफ्रिका के लोगों ने शुद्ध जल पिया। लोग इस दिन को रायन्स डे के नाम से उत्सव करते है यदि संकल्प दृढ़ है आत्म विश्वास मजबूत है अपने कार्य में श्रद्धा दिल से है प्रयत्न जीवंत है। सोच हकारात्मक है और भावना शुद्ध है तो उसे कोई बाधा नहीं आती। दुनिया ही नहीं अधिष्ठायक देव भी उसका सहाय करता है।

हमें भी जीवन में ऐसे नेक कार्य करने के लिए प्रयत्नशील बनना तथा लोगों की भलाई में ही हमारा जीवन है ऐसी सोच जीवन में लाकर आत्मा से परमात्मा बनें।

### कलेक्टर के निर्देश पर बाल विवाह रोका गया

**भाटापारा।** कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में बाल विवाह मुक्त जिला बनाए जाने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार विभिन्न माध्यमों से महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित चाईल्ड हेल्पलाईन 1098 आपातकालीन टोल फ्री नंबर लोगों के द्वारा संकटमय परिस्थितियों के बालको के संबंध में जानकारी प्रदान की ज रही है। इसी कड़ी में शनिवार को चाईल्ड हेल्प लाईन पर मिली सूचना के आधार पर बाल विवाह को रोका गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार विकाखण्ड अंतर्गत विवाह की आयु पूर्ण नही किए बालक का शादी किए जाने एवं शनिवार को बारात निकलने की जानकारी मिली। जिला कार्यक्रम अधिकारी टिकवेन्द्र जाटवर के द्वारा मामले की संवेदनशीलता को दृष्टिगत करते हुए जिला बाल संरक्षण इकाई एवं एकीकृत बाल विकास परियोजना को त्वरित कार्यवाही करने निर्देशित किया गया। जिसके अनुक्रम में जिला बाल संरक्षण इकाई, एकीकृत बाल विकास परियोजना तथा निपनिया पुलिस चौकी की संयुक्त टीम ग्राम सिंगारपुर पहुची। परिजनों से बालक की आयु संबंधित दस्तावेज की मांग की गई। परिवार में एक साथ दो विवाह होने के कारण दोनो बालकों (भाई-बहन) की आयु संबंधित दस्तावेज का परीक्षण किया गया जिसमें बालक की आयु 20 वर्ष मिली तथा बालिका की आयु 18 वर्ष पायी गई। बालिका से विवाह हेतु ग्राम बहेरा जिला बेमेतरा से आ रहे बालक की आयु संबंधित पूछताछ करने पर वाट्सएप पर दस्तावेज प्रेषित किये गए। जिसमें बेमेतरा निवासी वर की आयु 20 वर्ष 6 माह निर्धारित हुई। जिला बाल संरक्षण अधिकारी प्रकाश दास द्वारा बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के प्रावधानों के बारे में परिजनों को जानकारी दी गई।

मोर आवास मोर अधिकार

सुशासन तिहार 2025




प्रधानमंत्री **श्री नरेन्द्र मोदी** बिलासपुर में प्रधानमंत्री आवास की चाबी सौंपते हुए

मुख्य अतिथि
**श्री शिवराज सिंह चौहान जी**
माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास एवं कृषि व किसान कल्याण, भारत सरकार

अध्यक्षता
**श्री विष्णु देव साय जी**
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन

# सशक्त गांव, समृद्ध छत्तीसगढ़
## लोकार्पण, वितरण एवं सम्मान समारोह

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण)
**51,000 हितग्राहियों का गृह प्रवेश**

### प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना

सरगुजा संभाग अंतर्गत प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान तहत जिला-सरगुजा, जशपुर एवं बलरामपुर की कुल 24 बसाहटों हेतु
**21 सड़क, लंबाई 58.96 कि.मी. I राशि 4141.94 लाख**

**13 मई 2025 I दोपहर 01:00 बजे से**
**स्थान : शासकीय पी.जी. कॉलेज मैदान, अम्बिकापुर**

## अन्य मंचीय कार्यक्रम

- प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत वर्ष 2025-26 हेतु अतिरिक्त लक्ष्य आबंटन
- अमृत सरोवर पोर्टल, ऑब्ज़र्वेटरी एवं एप्लिकेशन का लोकार्पण
- GIZ INDIA एवं IIT DELHI द्वारा अमृत सरोवर पर इम्पैक्ट असेसमेंट स्टडी की रिपोर्ट सौंपना
- पीएम आवास योजना (ग्रामीण) एवं पीएम जनमन के अंतर्गत स्वीकृत आवासों का भूमिपूजन एवं स्वीकृति पत्र वितरण
- महिला स्वयं सहायता समूहों को निर्माण सामग्री की किट का वितरण
- उत्कृष्ट कार्य करने वाली कैडर दीदी एवं लखपति दीदियों का सम्मान
- दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल विकास योजना 2.0 के परियोजना दिशा-निर्देशों का लोकार्पण

S-43798/87

**आइए, छत्तीसगढ़ की इस विकास यात्रा के साक्षी बनें।**

ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

## न्यूज ब्रीफ

### पीएम आवास योजना में आज होगा सामूहिक गृह प्रवेश

**कोंडागांव।** राज्य स्तरीय मुख्य समारोह सरगुजा के अंबिकापुर में होगा। केंद्रीय ग्रामीण विकास, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान मुख्य अतिथि होंगे। इस अवसर पर 51,000 से अधिक लाभार्थियों को उनके नए पक्के घरों की चाबी दी जाएगी। वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारत सरकार ने योजना के तहत 11,50,315 पक्के आवासों के निर्माण का लक्ष्य रखा है। अब तक 9,53,171 आवासों को मंजूरी मिल चुकी है। इनमें से 2,22,078 आवासों का निर्माण पूरा हो चुका है। कोंडागांव जिले के 1,116 हितग्राही भी इस सामूहिक गृह प्रवेश में शामिल होंगे। सभी लाभार्थियों को उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन और आयुष्मान भारत जैसी अन्य सरकारी योजनाओं का भी लाभ दिया जाएगा। गौरतलब है कि 30 मार्च 2025 को बिलासपुर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में 3 लाख से अधिक लाभार्थियों का गृह प्रवेश कराया गया था।

### सुशासन तिहार में किसानों को मिला लाभ

**कोंडागांव।** छत्तीसगढ़ सरकार की पहल 'सुशासन तिहार' के तहत कोंडागांव जिले में शासकीय योजनाओं का तुरंत और पारदर्शी क्रियान्वयन किया जा रहा है। ग्राम चिपावंड में आयोजित समाधान शिविर में उद्यानिकी विभाग ने राष्ट्रीय बागवानी मिशन के अंतर्गत 23 किसानों को लाभान्वित किया। किसानों को भिंडी, करेला और लौकी के बीज और जैविक खाद का वितरण किया गया। चिपावंड क्लस्टर के 5 गांवों के किसानों को योजना का लाभ मिला। उमरगांव %ब% से 5, लेमड़ी से 6, निलजी से 5, नेवता से 2 और चिपावंड से 5 किसान लाभान्वित हुए। लाभार्थी किसानों ने कहा कि इस योजना से उन्हें खेती में आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी। समाधान शिविरों के माध्यम से विभिन्न विभाग अपनी योजनाओं का लाभ सीधे ग्रामीणों तक पहुंचा रहे हैं। इससे सुशासन को जमीनी स्तर पर मजबूती मिल रही है।

### कोंडागांव में बेमौसम बारिश से धान और सब्जियों को नुकसान

**कोंडागांव।** कोंडागांव में भीषण गर्मी के बीच हुई बारिश से किसानों को राहत मिली है। खेतों में पानी की कमी और लो वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे किसानों के लिए यह बारिश वरदान साबित हुई है। कृषि विभाग के अनुसार इस बारिश से मक्का की फसल को विशेष लाभ मिला है। 40 डिग्री से अधिक तापमान के बावजूद बारिश के बाद खेतों में हरियाली लौट आई है। जिन इलाकों में केवल बारिश हुई, वहां किसानों ने राहत महसूस की है। लेकिन कुछ क्षेत्रों में बेमौसम बारिश के साथ आई ओलावृष्टि ने फसलों को नुकसान पहुंचाया है। तेज आंधी और ओलों से मक्का, धान, सब्जियां और आम के पेड़ भी प्रभावित हुए हैं। स्थानीय किसानों के अनुसार बस्तर में इतनी मात्रा में ओले पहली बार गिरे हैं। उप संचालक कृषि विभाग डी पी टांडे ने किसानों को फसलों की निरंतर निगरानी करने और विभाग की तकनीकी सलाह का पालन करने को कहा है। मक्के की अच्छी पैदावार की संभावना है। कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि से धान की बालियां गिर गई हैं।

# सुशासन तिहार में लीलाराम की मांग हुई पूरी समाधान शिविर में मिला मछली जाल



समवेत शिखर संवाददाता

**कोंडागांव।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुसार शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के तहत पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं का लाभ त्वरित रूप से उपलब्ध कराया जा रहा है।

सुशासन तिहार के तीसरे चरण के अंतर्गत जिले में समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जहाँ प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जा रहा है और नवीन आवेदनों पर भी त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। इसी क्रम में शनिवार को माकड़ी विकासखंड के ग्राम काटागांव में आयोजित समाधान शिविर के दौरान मत्स्य पालन विभाग द्वारा ग्राम गारे निवासी लीलाराम नेताम को मछली जाल प्रदाय किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि कोंडागांव विधायक एवं बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष लता उसेण्डी तथा अन्य अतिथियों की उपस्थिति में यह सामग्री प्रदान की गई। लीलाराम नेताम ने बताया कि वे अपने लगभग एक एकड़ के निजी तालाब में मछली पालन करते हैं और इसी से प्राप्त आय से अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। उन्होंने मछली जाल प्राप्त होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे उनके कार्य में सहूलियत होगी और उत्पादन बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने शासन-प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

सुशासन तिहार के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं एवं आवश्यकताओं का उनके गांव में ही समाधान हो रहा है, जिससे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिल रही है।

# बाल आयोग की अध्यक्ष सम्प्रेक्षण गृह बालक एवं बालक गृह में औचक निरीक्षण करने पहुंची

समवेत शिखर संवाददाता

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा प्रथम बस्तर प्रवास पर आई। इस दौरान उन्होंने विभागीय अधिकरियों की बैठक र्ली एवं बाल देखरेख संस्था बालक सम्प्रेषण गृह एवं बालक गृह का औचक निरीक्षण किया व संस्था में निवासरत बच्चों से उनकी रुचि एवं संस्था के मिलने वाले सुविधाओं के बारे में जाना। आयोग के अध्यक्ष ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बच्चों को संस्था में किसी प्रकार की असुविधा न हो बच्चों की सभी आवश्यकता को तत्काल पूरा किया जाना चाहिए। संस्था की व्यवस्थाओं पर संतुष्टि व्यक्त कर और बेहतर तरीके से इनोवेशन और एमोशन आधारित पद्धति से कार्य करने की बात कही। बच्चों को नियमित काउंसलिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। आयोग के अध्यक्ष ने बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष व सदस्यों को संस्थाओं का नियमित निरीक्षण करने और स्कूलों में आवश्यक मूलभूत सुविधाएं दी जा रही हैं या नहीं देखने कहा। श्रम विभाग में रेस्क्यू किए गए बालकों और उनके परिवार के पुनर्वास के लिए एकल खिड़की की व्यवस्था शुरू करने के अधिकारियों को भी निर्देश दिए।

बैठक में बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष, सदस्य विभागीय अधिकरियों के साथ स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष सदस्य भी उपस्थित रहे।

बाल देखरेख संस्थाओं के निरीक्षण के दौरान बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष नरेन्द्र पाणिग्राही, जिला कार्यक्रम अधिकारी हेमंत साहू, जिला बाल संरक्षण अधिकारी डॉ. विजय शर्मा एवं संस्था के अधीक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कांकेर में एक दिन में 4 सड़क हादसेट्रैक्टर पलटने और बस की टक्कर से 2 की मौत, 2 घायल

समवेत शिखर संवाददाता

**कांकेर।** कांकेर जिले में 11 मई को चार अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की जान चली गई। दो अन्य लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।



पहला हादसा कोतवाली थाना क्षेत्र में हुआ। मुंनगाडीह मोहपुर के 36 वर्षीय सतीश दर्रो खेत का काम खत्म कर ट्रैक्टर से सब्जी लेने गए थे। वापसी में खेत के पास ट्रैक्टर पलट गया। ट्रैक्टर के नीचे दबने से सतीश की मौत हो गई। दूसरा हादसा बड़ागांव थाना क्षेत्र के छिन्दपाल गांव के पास हुआ। 60 वर्षीय छेरकुराम ध्रुवा पड़ोसी नागेश उसेंडी के साथ मक्का का पैसा लेकर लौट रहे थे। इसी दौरान बस ने उन्हें टक्कर मार दी। बस चालक की लापरवाही से हुए इस हादसे में छेरकुराम की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के बेटे सहदेव ध्रुव की शिकायत पर बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। तीसरा हादसा कोतवाली थाना क्षेत्र में हुआ। एक कार (ष्ट्ठ 07 4155) का चालक नशे में गाड़ी चला रहा था। उसकी लापरवाही से कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। चालक गंभीर रूप से घायल हुआ है। सिंगनपुर निवासी नंदकिशोर साहू की शिकायत पर पुलिस ने धारा 285, 125(े) के तहत मामला दर्ज किया है। चौथी सड़क दुर्घटना कोतवाली थाना क्षेत्र की है, जहां पिकअप वाहन की चपेट में आने से एक युवक घायल हो गया। पुलिस ने बालोद परसदा निवासी तेज नारायण साहू की शिकायत पर धारा 281 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

# सुदूर वनांचल मर्दापाल में जल संसाधन विभाग के सचिव का सघन दौरा

## पहली बार सचिव स्तर के अधिकारी मर्दापाल पहुंचे

समवेत शिखर संवाददाता

**कोंडागांव।** राज्य शासन के जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप के दिशा-निर्देश पर जल संसाधन विभाग के सचिव राजेश सुकुमार टोप्पो ने 10 मई को सुदूर वनांचल मर्दापाल क्षेत्र का दौरा किया। यह पहली बार है जब विभाग के इस स्तर के वरिष्ठ अधिकारी ने सुदूर वनांचल क्षेत्र का भ्रमण कर क्षेत्रीय जल संसाधनों की स्थिति का प्रत्यक्ष अवलोकन किया।



उल्लेखनीय है कि माओवाद प्रभावित बस्तर की सिंचाई योजनाओं हेतु प्रदेश के लिए बनाई गई विकसित भारत-2047 की कार्ययोजना में बस्तर संभाग को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखा गया है। इस संबंध में जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप ने शुक्रवार को विभागीय सचिव राजेश टोप्पो, प्रमुख अभियंता इंद्रजीत उइके के साथ जलसंसाधन विभाग के अधिकारियों की जगदलपुर सर्किट हाउस में बैठक लेकर विभागीय कार्ययोजना की समीक्षा की थी। मंत्री का पूरा जोर नदी-नालों में, जल प्रबंधन कर सिंचाई क्षेत्र में विस्तार था। बैठक में अगले तीन वर्ष में निर्मित सिंचाई योजनाओं के रखरखाव, नवीन सिंचाई योजनाओं का निर्माण और प्रस्तावित योजनाओं की प्रशासकीय और तकनीकी स्वीकृति के लिए समयसीमा में प्रक्रिया पूरी करने तथा नई योजनाओं के लिए विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन डीपीआर तैयार करने पर विस्तार से चर्चा हुई थी। बैठक उपरान्त अगले ही दिन सचिव राजेश टोप्पो ने मर्दापाल अंतर्गत कुरुषनार व्यपवर्तन योजना का निरीक्षण किया तथा स्थानीय अधिकारियों से योजना की प्रगति एवं संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की।इस अवसर पर सचिव ने स्पष्ट रूप से कहा कि बस्तर जैसे आदिवासी बहुल क्षेत्र में जल संसाधनों का सुनियोजित उपयोग कर कृषि और आजीविका को मजबूती प्रदान की जा सकती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि क्षेत्रीय भौगोलिक और सामाजिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए एक व्यावहारिक और प्रभावी कार्य योजना तैयार की जाए। दौरे के दौरान सचिव ने स्थानीय किसानों से भी मुलाकात की और उनकी जल संबंधी समस्याओं को सुना।

## खेल-व्यापार-मनोरंजन

# इंग्लैंड दौरे पर टीम इंडिया के साथ जाएंगे शार्दुल ठाकुर सरफराज खान की जगह मिल सकता है मौका



नई दिल्ली। इंडिया-इंग्लैंड के बीच 5 मैचों की टेस्ट सीरीज 20 जून से खेली जाएगी और इसके लिए टीम इंडिया का ऐलान 23 मई को किया जा सकता है। क्रिकबज के मुताबिक भारतीय टेस्ट टीम में शार्दुल ठाकुर को मौका दिया जा सकता है। जबकि सरफराज खान का पत्ता कट सकता है।

इसके अलावा भारत ए टीम को इंग्लैंड लायंस के खिलाफ भी अनाधिकारिक टेस्ट सीरीज खेलना है। क्रिकबज के मुताबिक रोहित शर्मा के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करने से एक दिन पहले 6 मई को मुंबई के क्रिकेट सेंटर में चयनकर्ताओं की एक बैठक हुई थी और चयनकर्ताओं ने उस दिन भारत ए टीम के चयन को अंतिम रूप दे दिया था। 13 मई को इसकी घोषणा होने की उम्मीद है, जिसमें अभिमन्यु ईश्वरन कप्तानी के लिए प्रमुख उम्मीदवार हैं। हालांकि, इंडिया ए टीम में कुछ बदलाव किए जा सकते हैं। भारत ए को तीन मैच खेलने हैं- दो इंग्लैंड लायंस के खिलाफ और एक सीनियर इंडिया टीम के खिलाफ। नए कप्तान के साथ सीनियर इंडिया टीम का चयन 23 मई को होने की उम्मीद है। भारत ए टीम का चयन करना चयनकर्ताओं के लिए आसान नहीं है, क्योंकि आईपीएल के स्थगित होने से समस्याएं और भी बढ़ गई हैं। भारतीय गैर-आईपीएल खिलाड़ी और उन टीमों के खिलाड़ी शामिल हों जो पहले मैच के लिए आईपीएल प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने की उम्मीद है, और दूसरे-तीसरे मैच के लिए इंग्लैंड में उनके साथ और भी खिलाड़ी शामिल हो सकते हैं।

# भारत-पाक सीजफायर के बाद गुजरात टाइटंस ने प्रैक्टिस शुरू की,16 या 17 मई से फिर हो सकता है आईपीएल

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर के बाद गुजरात टाइटंस ने प्रैक्टिस शुरू कर दी है। रविवार शाम को टीम के खिलाड़ियों ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में जाकर प्रैक्टिस की।



हालांकि,आईपीएल को दोबारा शुरू करने के लिए अभी आधिकारिक रूप से कोई बयान नहीं है। माना जा रहा है कि आईपीएल 16 या 17 मई से फिर से शुरू हो सकता है। भारत-पाक के बढ़ते तनाव के कारण आईपीएल को 9 मई को एक हफ्ते के लिए रोक दिया गया था। फाइनल सहित 16 मैच बचे हुए है। वहीं 8 मई को धर्मशाला में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच हुए मैच को भी बीच में ही रोक दिया गया था। पंजाब ने पहले बैटिंग करते हुए 10.1 ओवर के बाद 1 विकेट के नुकसान पर 122 रन बना लिए थे। हमलों के बीच मैच रोकना पड़ा था। आईपीएल रोके जाने तक लीग स्टेज के 57 मैच खत्म हो चुके थे। 58वां मैच बीच में रोका गया। 57 मैच के बाद पॉइंट्स टेबल में गुजरात टाइटंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के सबसे ज्यादा 16-16 पॉइंट्स रहे। बेहतर रन रेट के कारण त्र्रञ्ज टॉप पर रही। आईपीएल16 मई से फिर शुरू हो सकता है। मौजूदा सीजन के बचे मुकाबले चार वेन्यू पर खेले जा सकते हैं। फाइनल मुकाबला 30 मई को मुमकिन है। नया शेड्यूल जल्द जारी होगा। वीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा- लीग के बाकी मुकाबले अगले हफ्ते से शुरू होंगे। इन्हें चार वेन्यू पर कराया जाएगा। जल्द ही वेन्यू फाइनल किए जाएंगे। लीग बेंगलुरु और लखनऊ मैच के साथ फिर से शुरू होगी। वहीं, पीटीआई ने एक सूत्र के हवाले से लिखा कि फाइनल मैच कोलकाता से बाहर हो सकता है। पिछले शेड्यूल में प्लेऑफ के मुकाबले हैदराबाद और कोलकाता में खेले जाने थे। फाइनल मैच भी कोलकाता में होना था।

### रिलीज हुई सोनाली बेंद्रे की दूसरी पुस्तक 'ए बुक ऑफ बुक्स' एक्ट्रेस ने कहा-अभी मैं खुद को लेखक नहीं कहूंगी

**मुंबई।** हाल ही में अपनी दूसरी पुस्तक 'ए बुक ऑफ बुक्स' लिखने वाली अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे का कहना है कि उनके मन में लेखकों के लिए 'बहुत अधिक सम्मान' है और जब तक वह कम से कम 20 किताबें नहीं लिख लेतीं तब तक वह खुद को लेखक नहीं कहेंगी। 'दिलजले', 'मेजर साब', 'सरफरोश', 'जख्म' और 'हम साथ-साथ हैं' जैसी फिल्मों के लिए मशहूर बेंद्रे ने कहा कि मशहूर होने के नाते उन्हें लिखने और सार्थक बातचीत में शामिल होने का 'विशेषाधिकार' मिलता है, हालांकि वह अभी भी खुद को मुख्य रूप से एक अभिनेत्री के रूप में ही देखती हैं। बेंद्रे ने साक्षात्कार में कहा, ''मैं खुद को लेखक तभी कहूंगी जब मैं 20 किताबें लिख लूंगी। उससे पहले में खुद को लेखक नहीं कह सकती। मेरे मन में लेखकों के लिए बहुत सम्मान है - वे क्या करते हैं, वे किस तरह लिखते हैं, एक लेखक किस तरह आपको कहीं ले जाता है, वे किस तरह आपको सोचने पर मजबूर करते हैं; यह सब केवल एक लेखक ही कर सकता है।'' उन्होंने कहा, ''इसलिए, मैंने कभी भी खुद को लेखक के रूप में नहीं सोचा। मैंने हमेशा खुद को एक अभिनेत्री के रूप में देखा है, लेकिन यह एक रचनात्मक क्षेत्र है। मैं एक रचनात्मक महिला हूं और आप अपनी रचनात्मकता को कई तरीकों से व्यक्त कर सकते हैं। किताबों के प्रति अभिनेत्री के जुनून ने उन्हें 'सोनाली बुक क्लब' शुरू करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने 2015 में 'द मॉडर्न गुरुकुल ־ माई एक्सपेरिमेंट विद पैरेंटिंग' के साथ अपने लेखन की शुरुआत की। उनकी नवीनतम किताब 'ए बुक ऑफ बुक्स' ऐसी पुस्तक है जो पढ़ने के शौकीनों के साथ पढ़ने की कम इच्छा रखने वाले सभी तरह के लोगों के लिए महत्वपूर्ण हैं। यह पुस्तक पढ़ने के महत्व, विशेषकर युवावस्था से ही पढ़ना शुरू करने के महत्व पर प्रकाश डालती है।



# वेदांता ट्रांज़िशन मैटल्स और वैल्यू-एडेड प्रोडक्ट्स के साथ भारत के टेक सेक्टर को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध

**नई दिल्ली (ए)।** राष्ट्रीय टेक्नोलॉजी दिवस के मौके पर भारत में एनर्जी ट्रांज़िशन मैटल्स की अग्रणी उत्पादक वेदांता लिमिटेड ने वैल्यू एडेड प्रोडक्ट्स एवं संक्रमण धातुओं (ट्रांज़िशन मैटल्स) पर ज़ोर देकर देश के टेक्नोलॉजी एवं इंजीनियरिंग सेक्टर को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है। वेदांता ज़िंक और एलुमिनियम प्रोडक्ट्स के लिए अपने अपने वैल्यू एडेड प्रोडक्ट्स का विस्तार कर रही है। कंपनी ने 30 किलोटन सालाना क्षमता वाले प्लांट के साथ ज़िंक एलॉयज़ में प्रवेश किया है इसी तरह एलुमिनियम कारोबार ने भी आने वाले समय में अपने पोर्टफोलियो में वैल्यू-एडेड प्रोडक्ट्स का योगदान बढ़ाकर 90 फीसदी से अधिक तक पहुंचाने की योजना बनाई है। कंपनी की एलुमिनियम क्षमता के विस्तार की बात करें तो वेदांता बोर्ड ने 1.5 बिलियन डॉलर के लिए अनुमोदन दे दिया है, जिसमें इसके प्रमुखा एलुमिनियम प्लांट्स में वैल्यू-एडेड प्रोडक्ट क्षमता बढ़ाना और एक स्मेल्टर का विस्तार (अतिरिक्त एलुमिनियम उत्पादन के लिए) शामिल है।



वेदांता ऐसे चार धातुओं का उत्पादन करती है, जिनका इस्तेमाल दुनिया में सबसे ज़्यादा किया जाता है- आयरन (स्टील के उत्पादन के लिए), एलुमिनियम, कॉपर और ज़िंक। ये चारों सबसे महत्वपूर्ण धातु हैं जो आधुनिक जीवन को संभव बनाते हैं। इन धातुओं का उपयोग प्राथमिक अनुप्रयोगों जैसे बिल्डिंग एवं कंस्ट्रक्शन (निर्माण कार्यों), रक्षा, एरोस्पेस, विद्युत उत्पादन और ऑटोमोटिव आदि में तो किया ही जाता है, साथ ही अब इनका उपयोग नए दौर की तकनीकों जैसे नवीकरणीय ऊर्जा, ऊर्जा संग्रहण, बायोटेक्नोलॉजी, नैनोटेक्नोलॉजी, अंतरिक्ष अन्वेषण और हाई-टेक मैनुफैक्चरिंग में भी किया जा रहा है। इसी तरह कंपनी महाराष्ट्र, राजस्थान, बिहार, अरूणाचल प्रदेश, कर्नाटक और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में महत्वपूर्ण खनिजों में विस्तार करते हुए कॉपर, निकल, कोबाल्ड, क्रोमियम, वेनेडियम, टंग्स्टन और प्लेटिनम ग्रेड एलिमेन्ट्स पर भी ध्यान केन्द्रित करते हुए खनिज सुरक्षा के लिए भारत की नीतियों को भी समर्थन प्रदान कर रही हैं दुनिया भर में एलुमिनियम के लगभग 3000 अनुप्रयोग हैं, जिसमें से भारत ने अब तक 300 का ही अन्वेषण किया है। अकेले वेदांता भारत का 60 फीसदी एलुमिनियम उत्पादन करती है। इस धातु के विशेष गुणों जैसे हल्के वज़न, स्ट्रेन्थ-वेट रेशो अधिक होने और अनंत चक्रीयता के चलते आधुनिक तकनीकों में इसका उपयोग बहुत अधिक किया जाता है। कंपनी बिलेट्स और रोल्ड प्रोडक्ट्स में वैल्यू-एडेड एलुमिनियम प्रोडक्ट्स का विस्तार कर रही है।

एलुमिनियम बिलेट्स का उपयोग एरोस्पेस, डीफेन्स और सोलर पावर सेक्टरों में किया जाता है, वहीं एलुमिनियम रोल्ड प्रोडक्ट्स का उपयोग आधुनिक हाई-स्पीड रेलवे, इलेक्ट्रिक वाहनों, फार्मास्युटिकल्स एवं नए दौर के बैटरी संसाधनों में होता है। दुनिया के सबसे बड़े एकीकृत ज़िंक उत्पादक के रूप में वेदांता की हिंदुस्तान ज़िंक, स्टील के ज़िंक गैल्वेनाइज़ेशन (जंग से बचाने के लिए) के परे इसके उपयोगों की खोज कर रही है।

# क्रेडिफिन लिमिटेड ने एक नए उत्पाद ईवी स्टार्टअप लोन की घोषणा की

**नई दिल्ली।** भारत के मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध, एनबीएफसी, क्रेडिफिन लिमिटेड (पहले पीएचएफ लीजिंग लिमिटेड), जिसका मुख्यालय जालंधर और जिसका कॉर्पोरेट कार्यालय दिल्ली-एनसीआर में है, ने अपने नए उत्पाद־ईवी स्टार्टअप लोन के लॉन्च की घोषणा की है। यह उत्पाद ईवी व्यवसाय और पूरे देश में सक्रिय वाहनों की तैनाती के जरिये उद्यमिता को बढ़ावा देगा। ईवी स्टार्टअप लोन किसी भी व्यक्ति या कंपनी को उपलब्ध होगा जो डीलरशिप या इलेक्ट्रिक वाहन से संबंधित व्यवसाय शुरू करना चाहता है। ईवी स्टार्टअप लोन उत्पाद के तहत, क्रेडिफिन ईवी उद्यमी को शुरू में पचास लाख रुपये तक का लोन प्रदान करेगा। जरूरत और अलग मामलों के आधार पर आगे चलकर लोन की राशि बढ़ाई जा सकती है। 13 राज्यों में 200 से अधिक स्थानों पर मौजूदगी और तेजी से विस्तार के साथ, क्रेडिफिन अगले 2-3 वर्षों में 1000 ईवी उद्यमियों को लक्ष्य कर रहा है। इस समय, क्रेडिफिन के पास ई-रिक्शा, एल5 और ईवी 2 व्हीलर सेगमेंट में 100 से ज़्यादा मौजूदा ओईएम पार्टनरशिप हैं और यह उद्यमी ऋ़ष्टदाता को न सिर्फ़ वित्तपोषण में मदद करेगा बल्कि नई डीलरशिप स्थापित करने के लिए प्रतिष्ठित निर्माताओं के साथ गठजोड़ की सुविधा भी देगा, वो भी बिना किसी लागत के। इसके अलावा, इस योजना के तहत, क्रेडिफिन डीलरशिप को उनके द्वारा बेचे जाने वाले वाहनों को खरीदने के लिए ट्रेड एडवांस (व्यापार अग्रिम) भी प्रदान करेगा। क्रेडिफिन अंतिम ग्राहक को वाहनों का वित्तपोषण (फाइनेंस) भी प्रदान करेगा। क्रेडिफिन एक इकोसिस्टम बनाकर ईवी उद्यमियों को तैयार करने में मदद करेगा, जहां क्रेडिफिन की टीम उद्यमी को संपूर्ण समाधान प्रदान करेगी। चाहे वह व्यवसाय स्थापित करना हो, डीलरशिप, व्यावसायिक लीड प्राप्त करना, साझेदारी या वाहनों के पंजीकरण के लिए स्थानीय अधिकारियों की मदद लेना हो, क्रेडिफिन की टीम उद्यमियों की सहायता कर सकती है।

## न्यूज ब्रीफ

### मिक्सर मशीन की चपेट में आने से ड्राइवर की मौत



**रायगढ़।** ड्राइवर कोरबा जिले का रहने वाला था। उसके परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। रायगढ़ जिले में किरोड़ीमनगर के उच्चभिट्ठी इलाके में चौथी लाइन निर्माण का काम चल रहा है। इस दौरान एकाएक मिक्सर मशीन के चालू होने ड्राइवर चपेट में आ गया। उसकी मौत हो गई। मामला कोतरा रोड थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, कोरबा जिले के कुसमुंडा निवासी संतोष कुमार (42) ठेकेदार राधेश्याम के अंडर में खरसिया में मिक्सर मशीन चला रहा था। आज सुबह करीब 11 बजे रेलवे ट्रैक के किनारे मिक्सर मशीन में सीमेंट, रेत और पानी डालकर तैयार किया जा रहा था। इस दौरान अचानक मिक्सर मशीन चालू हो गया और पास में खड़े संतोष कुमार से टकरा गया। संतोष नीचे गिरा और मिक्सर मशीन का पहिया उस पर चढ़ गया। इससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद काम कर रहे बाकी मजदूरों ने कोतरा रोड पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेजवाया। फिलहाल, पुलिस मामले में आगे की जांच कर रही है।

### शादी में हुए विवाद के बाद हत्या



**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर-चांपा जिले के बिर्रा थाना क्षेत्र के ग्राम सेमरिया में एक शादी समारोह के दौरान हुए विवाद ने खूनी वारदात का रूप ले लिया। देवी प्रसाद उर्फ दीवान कश्यप की हत्या कर दी गई। घटना 10 मई की है। शादी समारोह में हुए विवाद के बाद मुख्य आरोपी रामेश्वर कश्यप ने बदले की भावना से योजना बनाई। उसने अपने तीन साथियों संजीव कुमार कश्यप, दूजराम कश्यप और एक नाबालिग के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया। आरोपियों ने बाजार से लौट रहे देवी प्रसाद को रास्ते में रोका। फिर डंडे और लोहे की रॉड से उस पर हमला कर दिया। गंभीर चोटों के कारण देवी प्रसाद को पहले जांजगीर जिला अस्पताल ले जाया गया। हालत नाजुक होने पर उसे बिलासपुर के सिम्स अस्पताल भेजा गया। वहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। बिर्रा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। मुख्य आरोपी रामेश्वर कश्यप समेत तीनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। नाबालिग आरोपी को किशोर न्यायालय में पेश किया गया है। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल किए गए डंडे और रॉड भी बरामद कर लिए हैं।

# संसार की समस्त संपत्ति भगवान रघुनाथ जी की है : राजेश्री महंत

## रविवारीय राम कथा का आयोजन हुआ शिवरीनारायण मठ में

समवेत शिखर संवाददाता

**जांजगीर।** श्री शिवरीनारायण मठ में मई माह के दूसरे रविवार को रविवारीय राम कथा का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10:00 बजे भगवान रघुनाथ जी के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन करके श्री रामायण जी की आरती के साथ हुआ। क्षेत्र के अनेक गांवों तथा नगरीय क्षेत्र से आए हुए मानस वक्ताओं ने श्री रामचरितमानस की कथा श्रोताओं के समक्ष प्रस्तुत की। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान अध्यक्ष दोनों सम्मिलित हुए। श्रोताओं को संबोधित करते हुए पूर्व अध्यक्ष राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज ने कहा कि श्री रामचरितमानस में लिखा है कि -संपत्ति सब रघुपति कै आही। जौ बिनु जतन चलौं तजि ताही।।* अर्थात संसार की समस्त संपत्ति भगवान रघुनाथ जी की है, इसकी उचित सुरक्षा करना ही सेवक का धर्म है। उन्होंने राम राज्य की संकल्पना की भी विस्तार पूर्वक व्याख्या प्रस्तुत किया। राज्य गौ सेवा आयोग के वर्तमान अध्यक्ष विशेषर पटेल ने कहा कि - पुण्य पुंज बिनु मिलहिं न संता। अर्थात संतों का मिलन ही हमारे संचित पुण्य का प्रतीक है। *संतों का मिलन संसार के आवागमन से मुक्ति दिला देती है* उन्होंने अपना संस्मरण सुनाते हुए कहा कि - *मेरी नौकरी नहीं लग रही थी तब मैंने श्रीरामचरितमानस का पाठ किया और मेरी नौकरी लग गई थी, पूरा पाठ करने में 22 घंटा लगा था मैं लेक्चरर बना, शिक्षा जगत में सेवा का अवसर मिला* दूर दराज के अनेक गांवों से आए हुए मानस वक्ताओं एवं भागवत के प्रवक्ताओं ने भी श्रोता समूह को संबोधित किया। ग्राम कैथा से आए हुए कश्यप जी ने संगीत के माध्यम से मधुर भजन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विशेष रूप से भागवत प्रवक्ता नवीन शर्मा, शिवकुमार द्विवेदी, बिहारी लाल भारद्वाज आदि ने श्रोताओं को संबोधित करके श्री रामचरितमानस की कथा का रसपान कराया। कार्यक्रम के आयोजक निरंजन लाल अग्रवाल, योगेश शर्मा, त्यागी जी महाराज, सुखराम दास जी, देवेंद्र खापरे, फिरत राम पटेल, बद्री राम पटेल, भागवत केसरवानी, रवि शंकर यादव, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव सहित अनेक गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि शिवरीनारायण मठ में प्रत्येक माह के द्वितीय रविवार को रविवारीय राम कथा का आयोजन होता है जिसमें ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र से आए हुए श्रोता एवं वक्तागण काफी संख्या में उपस्थित होते हैं।



# स्कूल चोरिया का परिणाम परिणाम रहा उत्कृष्ट

समवेत शिखर संवाददाता

**जांजगीर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चोरिया जिला जांजगीर चांपा में कक्षा दसवीं एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम क्रमशः 90 व 80.3 प्रतिशत रहा ।

कक्षा दसवीं में रंजीत कुमार गढ़ेवाल ने 96 प्रतिशत अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं लक्ष्मी सूर्यवंशी 95.8 प्रतिशत एवं अदिति सूर्यवंशी 93 प्रतिशत ,अविनाश कुमार 91.8 प्रतिशत एवं प्रियांशी देवांगन 90त्न अंक प्राप्त करके विद्यालय का मान बढ़ाया है।

इसी प्रकार कक्षा 12वीं में कुमारी प्रज्ञा देवांगन ने 86.8 प्रतिशत अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण करके विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। साथ ही सोमनाथ साहू 86 प्रतिशत , कुमारी चांदनी देवांगन 83 प्रतिशत , कुमारी मंजू लता एवं अंजलि 82.6 प्रतिशत ,योगेश कुमार कहरा 82.5त्न एवं यशोदा कुमारी साहू 82 प्रतिशत अंकों के साथ परीक्षा पास करके विद्यालय को गौरवान्वित किया है।



कुछ ऐसे भी विषय है जिसमें शत् प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। कक्षा बारहवीं में हिन्दी, कृषि विज्ञान के तत्व, पशुपालन और फसल उत्पादन तथा दसवीं में संस्कृत विषय का परीक्षा परिणाम विद्यालय में 100 प्रतिशत है। वहीं अर्थशास्त्र विषय का परीक्षा परिणाम 94.4 प्रतिशत रहा है।

इस अवसर पर व्याख्याता प्राचार्य श्री कंवल सिंह राठिया, व्याख्याता श्री अमृतलाल साहू ,श्री फिरत सिंह कंवर,श्री लक्ष्मी नारायण सोनी, श्री भास्कर यादव ,श्री ललित कुमार शुक्ला, श्री बसंत गढ़ेवाल ,श्री खटकर सर ,श्री जयनारायण राज ,श्री प्रेम प्रकाश देवांगन, श्री तारकेश्वर वैष्णव, श्री नीलमणि देवांगन, श्री दिग्विजय पटेल, श्रीमति ज्योति बिंझवार, श्री मति विभा साहू , श्री गजेन्द्र प्रसाद साहू, सरपंच ग्राम पंचायत चोरिया श्री बटदेव उरांव एवं शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्री जीवधन प्रसाद सूर्यवंशी तथा ग्राम वासियों ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# साप्ताहिक बाजारों में नियत शुल्क से अधिक हो रही वसूली

## छोटे-छोटे दुकानदार हो रहे शोषित

समवेत शिखर संवाददाता

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ में साप्ताहिक बाजारों की वसूली के लिए कोई विशेष नियम नहीं हैं, लेकिन राज्य में बाजार शुल्क की वसूली के लिए कुछ नियम लागू हैं। 1 अप्रैल 2018 से, शासन ने जनहित में बाजार शुल्क की वसूली बंद कर दी है। बावजूद कुछ पंचायतों में ग्राम-विकास के लिए साप्ताहिक् बाजारों का ठेका पंचायत के द्वारा दिया जाता है। परंतु ठेकेदारों के द्वारा बाजार में नियत शुल्क से बहुत अधिक राशि वसूल की जा रही है, जिससे छोटे-छोटे दुकानदार परेशान होते हैं।

खरसिया से सटे ग्राम भांटा में बाजार का ठेका मार्च में ही समाप्त हो गया है, वहीं ठेकेदार द्वारा अप्रेल से लेकर अब भी 50 से लेकर 200 रुपये तक की राशि, प्रत्येक दुकानदार से प्रति सप्ताह वसूली जा रही है। जिससे हाट-बाजार के दुकानदार बेवजह शोषित हो रहे हैं। इस बात की जानकारी मिलने पर जब बाजार जाकर देखा गया तो वहां पुराने ठेकेदार के व्यक्ति के द्वारा वसूली की जा रही थी। जब उनसे कहा गया कि मार्च में ही बाजार का ठेका समाप्त हो चुका है तो कैसे आप वसूली कर रहे हैं? ऐसे में उन्होंने स्थानीय समाचार समाचार पत्र में प्रकाशित नीलामी सूचना एवं कार्यपालन अधिकारी को बाजार की नीलामी के लिए दिए गए प्रस्ताव की कॉपी दिखाई। नीलामी सूचना के अनुसार बाजार की नीलामी 3 मई से 15 दिनों के अंदर होनी है। ऐसे में इस अवधि में लगे साप्ताहिक बाजार की वसूली न सिर्फ अवैध मानी जाएगी, वरन् पुराने ठेकेदार द्वारा पंचायत से मिलकर भ्रष्टाचार करना भी माना जाएगा। ऐसा इसलिए कहा जा सकता है कि जब सरपंच से इस बाबत बात की गई तब उन्होंने कहा कि बाजार का ठेका हो चुका है। जबकि नीलामी सूचना के आधार पर 18 तारीख तक नीलामी होनी है।



### मुख्य मार्ग के दुकानदारों से भी हो रही वसूली

साप्ताहिक बाजार में ऐसे अनेक दुकानदार हैं जो पीडब्ल्यूडी की रोड पर अपनी दुकान लगाते हैं। वहीं उन्हें भी ठेकेदार को पैसे देने की मजबूरी बनी हुई है। जबकि ग्राम पंचायत की भूमि पर ही ठेकेदार द्वारा वसूली की जा सकती है। यहां यह बताना भी जरूरी है कि मुख्य मार्ग में बाजार लगने से आवागमन भी अवरुद्ध हो रहा है।

# रेत माफिया ने कांस्टेबल को ट्रैक्टर से रौंदा, मौत

## अवैध रेत खनन पर कार्रवाई करने पहुंचे थे पुलिसकर्मी; कुचलते हुए भागा ड्राइवर

समवेत शिखर संवाददाता

बलरामपुर। झारखंड के तस्करों द्वारा बड़े पैमाने पर रेत का अवैध खनन कराया जा रहा था, जिसका लिबर और कुसफर के ग्रामीण विरोध कर रहे थे। झारखंड के तस्करों द्वारा बड़े पैमाने पर रेत का अवैध खनन कराया जा रहा था, जिसका लिबर और कुसफर के ग्रामीण विरोध कर रहे थे।

छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में रेत माफियाओं ने एक आरक्षक पर ट्रैक्टर चढ़ा दिया जिससे उसकी मौत हो गई। ग्राम लिबरा में कनहर नदी से अवैध रेत खनन किया जा रहा था। रविवार रात पुलिस टीम कार्रवाई के लिए पहुंची थी तभी चालक ट्रैक्टर लेकर भागने लगे। मामला सनावल थाना क्षेत्र का है।

इस दौरान सनावल थाने के आरक्षक शिव बचन सिंह (43) ने गाड़ी को रोकने की कोशिश की। ट्रैक्टर चालक ने गाड़ी नहीं रोकी और आरक्षक को कुचलते हुए आगे बढ़ गया। हादसे में आरक्षक के सीने में अंदरूनी चोटें आई थीं, गंभीर रूप से घायल आरक्षक ने हॉस्पिटल लाने के दौरान रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद चालक गाड़ी लेकर फरार है। आरक्षक शिव बचन सिंह पर माफियाओं ने ट्रैक्टर चढ़ा दिया।



घटना की सूचना पर सनावल थाना प्रभारी दिव्य कांत पांडेय तुरंत मौके पर पहुंचे। घायल आरक्षक शिव बचन सिंह को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामानुजगंज लाया जा रहा था, रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचने पर डॉक्टर ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

सनवाल थाना प्रभारी दिव्य कांत पांडे ने बताया कि ग्राम लिबरा में वन विभाग की टीम रेत के अवैध उत्खनन पर कार्रवाई कर रही थी। ट्रैक्टर को रोकने के दौरान यह हादसा हुआ। ट्रैक्टर चालक ने गाड़ी न रोककर आरक्षक के ऊपर चढ़ाते हुए निकल गया। हादसे के बाद हॉस्पिटल पहुंचे आरक्षक के परिजनों ने आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

शिकायत के बाद मामले में जांच करती हुई पुलिस की टीम, फरार आरोपी की तलाश जारी है।

शिकायत के बाद मामले में जांच करती हुई पुलिस की टीम, फरार आरोपी की तलाश जारी है।

जानकारी के मुताबिक, इस क्षेत्र में झारखंड के तस्करों द्वारा बड़े पैमाने पर रेत का अवैध खनन कराया जा रहा था, जिसका लिबरा और कुसफर के ग्रामीण विरोध कर रहे थे। शनिवार शाम सनावल थाना प्रभारी की टीम ने रेत के अवैध उत्खनन में लगी तीन ट्रैक्टरों को जब्त किया था। इस कार्रवाई के बाद रविवार रात में झारखंड के तस्करों ने रेत निकालने के लिए गाड़ियां लगाई थीं, जिसपर कार्रवाई करने के लिए वन विभाग और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी। कार्रवाई के दौरान आरक्षक को ट्रैक्टर चालक ने टक्कर मार दी। मामले में सरगुजा आईजी दीपक कुमार झा ने सनावल के थाना प्रभारी दिव्य कांत पांडेय को लापरवाही के आरोप में सस्पेंड कर दिया है। पुलिस टीम अवैध रेत उत्खनन की सूचना पर मौके पर पहुंची थी।

# रजिस्ट्री प्रणाली में 10 क्रांतिकारी नवाचार पर आधारित कार्यशाला का हुआ आयोजन



## रजिस्ट्री से नामांतरण तक अब सब कुछ डिजिटल होने से भ्रष्टाचार पर लगेगा अंकुश

समवेत शिखर संवाददाता

**जांजगीर-चांपा।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पंजीयन प्रणाली में ऐतिहासिक बदलाव करते हुए रजिस्ट्री एवं नामांतरण से जुड़े 10 क्रांतिकारी नवाचार की शुरुआत की है। इसी सिलसिले में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में जिला रजिस्ट्रार अंबिकापुर, श्री विवेक कुमार सिंह द्वारा इन 10 क्रांतिकारी नवाचारों सहित अन्य महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। इस कार्यशाला में अपर कलेक्टर सूरजपुर, डिप्टी कलेक्टर सूरजपुर, सर्व एस डी एम जिला सूरजपुर, सर्व तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं राजस्व विभाग के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि राज्य शासन तकनीक और पारदर्शिता के माध्यम से राजस्व व्यवस्था को आमजन के हित में और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में तेजी से अग्रसर है। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा रजिस्ट्री प्रणाली में किए गए 10 क्रांतिकारी नवाचारों पर आधारित कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में जानकारी दी गई कि इस नई व्यवस्था से आम जनता को समय, श्रम और धन की बचत होगी, साथ ही पंजीयन की प्रक्रिया और अधिक सरल, पारदर्शी और त्वरित बन सकेगी।

राज्य शासन द्वारा लागू किए गए इन नवाचारों के तहत अब पंजीयन के बाद नामांतरण की प्रक्रिया स्वतः पूरी हो जाएगी, जिससे नागरिकों को बार-बार तहसील कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। इससे राजस्व न्यायालयों में लंबित मामलों की संख्या घटेगी और न्यायिक प्रक्रिया को गति मिलेगी।

कार्यशाला में बताया गया कि रजिस्ट्री प्रक्रिया को अब पूरी तरह पेपरलेस और कैशलेस बनाया जा रहा है। तकनीक के माध्यम से आम नागरिकों को पारदर्शी सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में यह एक बड़ा कदम है। इसके अलावा पारिवारिक दान, हक त्याग और बंटवारे जैसे मामलों में पंजीयन शुल्क को मात्र 500 रुपए निर्धारित किया गया है, जिससे आम नागरिकों को आर्थिक रूप से बड़ी राहत मिलेगी। इस कार्यशाला में कलेक्टर श्री एस जयवर्धन ने शामिल अधिकारियों से आह्वान किया कि वे आपसी समन्वय के साथ इन नवाचारों को प्रभावी रूप से लागू करें, ताकि इनका लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच सके। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया गया कि इन तकनीकी उपायों से फर्जीवाड़े और भ्रष्टाचार पर भी प्रभावी रोक लग सकेगी।

### ये हैं पंजीयन प्रणाली के 10 क्रांतिकारी नवाचार

1. आधार आधारित प्रमाणीकरण सुविधा- अब क्रेता, विक्रेता और गवाहों की पहचान आधार रिकॉर्ड के माध्यम से की जाएगी, जिससे फर्जीवाड़े की संभावना समाप्त होगी।
2. ऑनलाइन सर्च एवं डाउनलोड सुविधा- खसरा नंबर डालते ही संपत्ति के पूर्व लेन-देन की जानकारी ऑनलाइन प्राप्त की जा सकेगी।
3. भारमुक्त प्रमाण पत्र ऑनलाइन- संपत्ति पर ऋण आदि की जानकारी एक क्लिक में ऑनलाइन उपलब्ध होगी।
4. एकीकृत कैशलेस भुगतान सुविधा- स्टाम्प और पंजीयन शुल्क का एकसाथ डिजिटल भुगतान किया जा सकेगा।
5. व्हाट्सएप सेवाएं- रजिस्ट्री से जुड़ी सभी सूचनाएं, अपॉइंटमेंट और दस्तावेज व्हाट्सएप पर ही उपलब्ध होंगे।
6. डिजीलॉकर सुविधा- पंजीकृत दस्तावेज अब डिजीलॉकर में डिजिटल रूप में संरक्षित रहेंगे, जिन्हें आवश्यकता अनुसार कभी भी डाउनलोड किया जा सकेगा।
7. ऑटो डीड जनरेशन सुविधा- दस्तावेज ऑनलाइन ही स्वतः तैयार होकर उप-पंजीयक को प्रस्तुत होंगे।
8. डिजी डॉक्युमेंट सुविधा- शपथ पत्र, अनुबंध जैसे गैर-पंजीयन योग्य दस्तावेज भी ऑनलाइन तैयार व स्टाम्प शुल्क ऑनलाइन अदा किया जा सकेगा।
9. घर बैठे रजिस्ट्री की सुविधा- आधार प्रमाणीकरण से अपॉइंटमेंट लेकर घर से ही रजिस्ट्री कराई जा सकेगी। दस्तावेज निर्माण, स्टाम्प भुगतान और रजिस्ट्री प्रक्रिया अब पूरी तरह ऑनलाइन होकर घर से ही पूर्ण की जा सकती है।
10. स्वतः नामांतरण सुविधा- रजिस्ट्री के पश्चात नामांतरण की प्रक्रिया स्वतः आरंभ होकर संबंधित राजस्व रिकॉर्ड में स्वतः अद्यतन हो जाएगी। नामांतरण के लिए पृथक आवेदन की आवश्यकता नहीं होगी।

# पूर्व कैबिनेट मंत्री राजा सुरेन्द्र बहादुर सिंह को दी श्रद्धांजलि

## राजा साहब की श्रद्धांजलि सभा हटरी धर्मशाला मे आयोजित, उमड़ा जनसैलाब

समवेत शिखर संवाददाता

**सक्ती।** अविभाजित मध्यप्रदेश शासन के प्रतिष्ठित नेता एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजा सुरेन्द्र बहादुर सिंह के निधन के अवसर पर आज सक्ती के हटरी धर्मशाला में तेरहवीं श्रद्धांजलि सभा, चंदनपान एवं पारंपरिक पगड़ी रस्म का आयोजन राजमहल सक्ती की ओर से उनकी धर्मपत्नी श्रीमती रानी गीता सिंह एवं बहु रानी दिव्या सिंह सहित सभी राज परिवार की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक संपन्न हुआ।

राजा सुरेन्द्र बहादुर सिंह का स्वर्गवास 29 अप्रैल 2025 को हुआ था। वे लंबे समय तक सामाजिक और राजनीतिक गतिविधियों से जुड़े रहे तथा जनसेवा को हमेशा प्राथमिकता दी। उनके निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।



श्रद्धांजलि सभा में नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए। गौड़ समाज द्वारा आयोजित इस सभा में गोंडी धर्म संस्कृति और आदिवासी परंपराओं के अनुसार पगड़ी रस्म अदा की गई। पगड़ी रस में कीर्तन सिंह जगत, बलवंत सिंह जगत, कुशवाहा राम जगत, गजाधर सिंह जगत, प्रभात सिंह जगत एवं मुंडन संस्कार एवं चंदन पान भूमका बैग पुजारी कलाराम नेताम, चक्रधर सिंह मरावी द्वारा विधि विधान से कराया गया समूचा वातावरण श्रद्धा और संवेदना से ओतप्रोत रहा।

इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री मेघाराम साहू , पूर्व कैबिनेट मंत्री नोबेल कुमार वर्मा, गोंडवाना महासभा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण कुमार नेताम, डा. चरणदास महंत के जिला प्रतिनिधि गुलजार सिंह ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती विद्या सिदार, रायगढ़ राजमहल से राजकुमारी विजय श्री सिंह, धर्मजगड राज महल से कुंवर जितेंद्र सिंह राणा, इंदौर से अरविंद सिंह, एवं उनके भांजे बाबा राजा कटनी से, नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल ने राजा सुरेन्द्र बहादुर सिंह के जनसेवा एवं सामाजिक योगदान को याद करते हुए नगर में उनकी प्रतिमा स्थापना की आवश्यकता जताई। उन्होंने समाज से इस दिशा में सहयोग की अपील भी की।

राजमहल सक्ती की ओर से उनकी धर्मपत्नी श्रीमती रानी गीता सिंह बहु रानी दिव्या सिंह ने सभी इष्टमित्रों, शुभचिंतकों एवं नागरिकों को श्रद्धांजलि सभा में सम्मिलित होने हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यक्रम में नगर के प्रमुख गणमान्य नागरिकों सहित विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे और ÷जय सेवा, जय सेवा÷ के नारों के साथ राजा सुरेन्द्र बहादुर सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मंच का संचालन वरिष्ठ आदिवासी नेता जागेश्वर सिंह राज ने किया। गोड आदिवासी समाज की ओर से श्रद्धांजलि सभा के अवसर पर जिला सक्ती गोड समाज एवं आदिवासी समाज के संरक्षक सरवन कुमार सिदार, राम सिंह नेताम, जय सिंह मरकाम, केशव सिंह सिदार, शोभा लाल नेताम, साध राम मरावी, शिव सिंह कंवर, महेंद्र बहादुर सभापति, महादेव नेताम, पहार सिंह, श्रीमती अनीता सिंह सिदार, श्रीमती डा. मीराबाई सिद्धार्थ, सुश्री अलका जायसवाल, बाबूलाल सिदार, रामप्यारे राज, श्यामलाल जगत, गिरवर सिंह मरावी, आसाराम जगत, राम प्रसाद नेताम, महेतर नेताम सहित आदिवासी समाज काफी संख्या में उपस्थित थे।

नगर की ओर से डा डीडी मिश्रा, सुरेश अग्रवाल डी एम, विनोद अग्रवाल धान, नरेश गेवाडीन, अरुण अग्रवाल सत्य विद्या, सुरेश अग्रवाल लाल, जयंत अग्रवाल बाबूलाल, सत्यनारायण अग्रवाल बर्तन, कमल अग्रवाल, टेकचंद जायसवाल, नंदकिशोर तंबोली, राजेश शर्मा, संतोष अग्रवाल पेट्रोल पंप, समरू देवांगन, द्वारिका प्रसाद देवांगन, श्याम सुंदर देवांगन, गोविंद देवांगन, समर विजय बहादुर सिंह (पिंटू ठाकुर), ठाकुर राजेश सिंह, प्रदीप कुमार राठौर, जनपद पंचायत प्रतिनिधि ऋषि राय, अमित राठौर, पुरुषोत्तम राठौर, सोमनाथ सोनी, राजेश सिंह खरे पूर्व थाना प्रभारी सक्ती, हीरा पटेल, शशिकांत रावत राय, चितरंजन सिंह पटेल उच्च न्यायालय अधिवक्ता, पूर्व अधिवक्ता संघ अध्यक्ष दिगंबर प्रसाद चौबे, अधिवक्ता संघ सचिव सूरीत चंद्रा, धर्मेंद्र सोन, पूनम चंद्र अग्रवाल आर प्रिंटर, राकेश रोशन महंत, सलीम साहू, रथ राम पटेल, दादू सिंह चंद्र, प्रमोद कुमार पांडे, दिनेश जयसवाल, संजीव बरेट, नरेंद्र कुमार पटेल, रतन केसर, नगर की ओर से मात्र शक्तिया श्रीमती पुष्पा साहू, श्रीमती गंगा यादव, श्रीमती नीतू राठोर, श्रीमती शांति थवाईत, श्रीमती प्रमिला कार्स, श्रीमती रंजीता चोकसे सहित काफी संख्या में नगर एवं ग्रामवासी उपस्थित होकर राजा साहब को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# कलेक्टर ने ली राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

समवेत शिखर संवाददाता

**सूरजपुर।** कलेक्टर श्री एस. जयवर्धन ने आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। इस अवसर पर अपर कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर, समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व (एसडीएम), तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने राजस्व विभाग से जुड़े कार्यों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देशित किया कि आम जनता से संबंधित सभी राजस्व प्रकरणों का त्वरित एवं समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि लंबित मामलों का शीघ्र समाधान करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

कलेक्टर श्री जयवर्धन ने फौती नामांतरण, भूमि अधिग्रहण, सीमांकन, डायवर्सन, त्रुटि सुधार, बंदोबस्त, खसरा व नक्शा त्रुटि सुधार, अविवादित एवं विवादित नामांतरण, बंटवारा, भूमि आबंटन, जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र, पटवारी उपलब्धता, अभिलेख दुरुस्तीकरण, भू-राजस्व वसूली, भू-अर्जन प्रकरणों में मुआवजा भुगतान तथा वन अधिकार पट्टा जैसे विषयों की गहन समीक्षा की।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राजस्व कार्यों में पारदर्शिता रखते हुए प्रक्रियाओं को तेज गति से पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि आम जनता को सरल, त्वरित और सुचारू सेवाएं प्रदान करना प्रशासन का दायित्व है और इसके लिए सभी कार्यों को समयबद्ध रूप से निपटाया जाए।